हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026


क्षतिग्रस्त आरओबी

*आरओबी ढहने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री का सख्त रुख*

## ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया गया, अब एफआईआर होगी, इंजीनियर भी नपेंगे

**उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद गंभीर है और ऐसी लापरवाही किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर में तीन साल पहले बने एक रेलवे ओवरब्रिज का हिस्सा ढहने के मामले में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही जिस अधिकारी के सुपरविजन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**जांच समिति गठित करने की आवश्यकता नहीं**

अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जिस अधिकारी की निगरानी में यह पुल बना, उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत ▶▶ शेष पेज 4 पर















सीएम डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा में की घोषणा...अगले 3 साल के भीतर

# लाड़ली बहनों को मिलेंगे 3 हजार रुपए नए पंजीयन पर फैसला उचित वक्त पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों को अगले 3 साल के भीतर 3 हजार रुपए देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि एक हजार से लेकर 15 सौ रुपए कर चुके हैं। अपने घोषणा पत्र में भी कहा है की 5 साल में 3 हजार रुपए प्रति माह कर देंगे। आज भी इसके लिए अडिग है। लाड़ली बहनों के नए पंजीयन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सदन में मंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह ठीक है, समय आने पर उचित निर्णय लिया जाएगा। हालांकि विपक्षी कांग्रेस ने नए पंजीयन के मुद्दे पर मंत्री के बयान से असंतुष्ट होकर सदन से वॉकआउट कर दिया।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य महेश परमार ने लाड़ली बहना योजना में नए पंजीयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार लाड़ली बहनों को मिलने वाली राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए कब करने जा रही है। यह भी सवाल किया कि बजट में बहनों को लाभ दिलाने के लिए नया पंजीयन कब से शुरू कर रहे हैं। उनके प्रश्न के जवाब में महिला व बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के शुरू में 1.31 करोड़ महिलाओं ने पंजीयन कराया था। मौजूदा समय में करीब सवा करोड़ पंजीयन सक्रिय है। योजना के वर्तमान नियमों के अनुसार लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सदन में कहा कि लाड़ली बहना योजना में मृत्यु होने पर या 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण लाड़लियों को योजना से बाहर किया जाता है। 60 वर्ष से अधिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

*निर्मला भूरिया ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही पात्रता अनुसार अन्य योजनाओं में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं*

**धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय**

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पूछा कि जो बहनें 18 साल की हो गई हैं उनका पंजीयन कब चालू करेंगे? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय.. माली सीचें सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय। आप सभी चिंता नहीं करें। सब होगा


एआई इमेज

***मंत्री निर्मला भूरिया के जवाब से अंसतुष्ट विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट***

**सदन में नए पंजीयन को लेकर हुई तीखी बहस**

इस मुद्दे पर सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से जमकर बहस हुई। सदस्य परमार ने कहा कि 2023 में मप्र में सत्ता विरोधी लहर थी। उस वक्त वादे कर दिए गए। पर अब सरकार वादा नहीं निभा रही है। उन्होंने लाड़ली बहनों का रजिस्ट्रेशन दोबारा से शुरू करने का आग्रह किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि सरकार ने 3 हजार रुपए की घोषणा की है। इसके लिए विपक्ष को चिंता करने की जरूरत नहीं है, हम अपने लाड़ली बहनों को पूरी राशि देंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि हमारे दो-दो सदस्यों ने यह बात पूछी है कि लाड़ली बहनों का पंजीयन कब शुरू कर रहे हैं। क्या 3 साल बाद करेंगे? मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि अभी यह बताना संभव नहीं है।

### भावांतर योजना में लाया जाएगा सरसों की फसल को

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में सोमवार को सदन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 पर वक्तव्य देते हुए किसान कल्याण के लिए प्रमुख 5 फसलों के लिए घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरसों की जनवरी की औसत मंडी दरें 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल हैं। केंद्र सरकार का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6200 रुपए प्रति क्विंटल हैं। सरकार ने सरसों का उपार्जन भावांतर योजना के नियत प्रावधानों एवं पात्रता के अनुसार कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का निर्णय लिया है। डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष सरसों के रकबे में पूर्व वर्ष की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। द्वितीय अग्रिम अनुमान अनुमानित उत्पादन 15.71 लाख मीट्रिक टन है। केंद्र सरकार को विधिवत प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। इस योजना के तहत एफएक्यू सरसों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम राशि मिलने की प्रतिपूर्ति के लिए योजना प्रस्तावित की गई है। भावांतर योजना के तहत पंजीकृत किसानों के सरसों के रकबे एवं राज्य की औसत उत्पादकता के मान से उनकी पात्रतानुसार भुगतान किया जाएगा।*

### कथावाचक धीरेंद्र ने दी सलाह

## हिंदू पैदा करें 4 बच्चे, शादी के बाद मैं भी बढ़ाऊंगा आबादी

एजेंसी ▶▶ एजेंसी अजमेर

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदुओं की घटती जनसंख्या, धर्मांतरण और युवाओं के भटकाव पर कहा कि भारत में हिंदुओं का कम होना एक वैश्विक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदुओं की घटती संख्या और बढ़ता मजहबी प्रभाव देश को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। अगर सनातन को सुरक्षित रखना है, तो हर हिंदू को कम से कम 4 बच्चे पैदा करने चाहिए। शास्त्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी कहा कि अभी उनकी शादी नहीं हुई है, लेकिन विवाह होने के बाद वे खुद भी हिंदुओं की आबादी बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। शास्त्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बेटियों को नाचने वाली बनने की जगह दुर्गा और काली बनना चाहिए**






**बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हादसा**


हादसे में घायल लोग

## मजदूरों से भरा पिकअप वाहन ओवरब्रिज से गिरा... तीन की मौत, आठ लोग घायल

*सभी मजदूर छिंदवाड़ा के हर्रई के रहने वाले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

बरमान क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों के चिराग बुझा दिए। मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन एनएच-44 पर बने ओवरब्रिज से नीचे गिर गया, जिससे मौके पर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। करीब आठ मजदूर ▶▶ शेष पेज 4 पर


*भागीरथपुरा में 30 से ज्यादा लोग बीमार*

### अब पार्टी में दूषित भोजन से 'फूड पॉइजनिंग'


इस गली में थी पार्टी

**इंदौर।** भागीरथपुरा में एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी में आए मेहमान उल्टी-दस्त का शिकार हो गए, हालांकि इस बार बीमारी की वजह दूषित पानी नहीं, बल्कि दूषित भोजन था। पार्टी में शामिल हुए लोग जब दाल-बाफले खाकर अपने घरों पर पहुंचे तो उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इसके बाद वे अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने गए। चार लोगों को एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

शुक्ला गली में आकाश मुक्शिया के बेटे का जन्मदिन शनिवार को मनाया गया। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को बुलाया था। खाने में दाल-बाफले, लड्डू और अन्य व्यंजन थे। रविवार सुबह कुछ लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। 30 से ज्यादा लोग बीमार हुए। खाद्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने भोजन के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा नगर निगम ने भी पानी के सैंपल लिए हैं। स्थानीय पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। राहत की बात ये है कि कोई भी गंभीर बीमार नहीं है। सभी की हालत में सुधार है।



# फाग गायन का राजधानी के मंदिरों में बरस रहा रस, भक्त हो रहे सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मथुरा में ब्रज की होली परंपराओं की शुरुआत हो गई है, तो वहीं राजधानी भोपाल में भी इन दिनों मथुरा में ब्रज की होली का रंग छा रहा है। राजधानी के मंदिरों में शाम से लेकर रात तक फाग गायन का रस बरस रहा है। तो वहीं भक्त भी सराबोर हो रहे है। इसी के तहत राजधानी के इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में इन दिनों परंपरागत होली उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। सोमवार को उत्सव के अंतर्गत ब्रज से पधारे रसिकों ने भावपूर्ण होली के रसिया गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर प्रांगण में सर्वप्रथम विभिन्न प्रकार के पुष्पों की होली खेली गई, जिसमें गेंदा, गुलाब, सेवंती एवं अन्य सुगंधित फूलों से ठाकुरजी पर पुष्प वर्षा की गई। रंग-बिरंगे पुष्पों से सजा मंदिर परिसर ब्रजधाम का आभास करा रहा था। श्रद्धालुओं ने भक्ति और प्रेम के इस अनूठे संगम का आनंद लिया। मंदिर में प्रतिदिन श्रृंगार एवं संध्या आरती के बाद होली उत्सव की छटा निरंतर बढ़ती जा रही है।

**इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ब्रज से आए रसिकों ने खेली होली**

**मंदिर में प्रतिदिन श्रृंगार एवं संध्या आरती के बाद होली उत्सव की छटा निरंतर बढ़ती जा रही है**


श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ब्रज से आए रसिकों ने खेली होली।

### प्राकृतिक रंगों से खेली होली

पुष्पा होली के बाद प्राकृतिक एवं सुसंस्कृत रंगों से होली खेली गई। भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ ठाकुरजी के समक्ष रंग अर्पित किए। इस दौरान रसिकों ने ब्रज शैली में ठाकुरजी को उलाहना देते हुए पारंपरिक गारी भी गाई। होरी को बड़ों खिलाड़, यह कारे कन्हैया दारी को। भजनों और रसियाओं की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण रसमय हो उठा।

## संत गाड़गे महाराज की 150वीं जयंती पर स्वच्छता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री मालवीय रजक समाज संघ के द्वारा पुल पात्रा स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाड़गे महाराज की प्रतिमा पर समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। इसके बाद स्वछता का संकल्प लिया, मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सभी ने संत जी अमर रहे के नारे लगाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेश मालवीय, सुनील मालवीय, प्रकाश मालवीय, मुकेश मालवीय सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।


प्रतिमा पर माल्यार्पण।

## खबर संक्षेप



### अल्पविराम से आत्म-साक्षात्कार: पद से ऊपर है परोपकार का आनंद

**भोपाल।** जीवन की आपाधापी के बीच खुद को समय देने और अंतर्मन की यात्रा करने के उद्देश्य से आयोजित 'अल्पविराम' कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र के दौरान राज्य आनंद संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने युवाओं और प्रतिभागियों को जीवन के वास्तविक लक्ष्यों से रूबरू कराया। निदेशक आर्य ने प्रतिभागियों को समझाया कि पद और पैसा साधन हो सकते हैं, लेकिन जीवन का अंतिम साध्य (लक्ष्य) वह 'आनंद' है, जो निस्वार्थ भाव से सेवा और मदद करने से प्राप्त होता है।

'मदद और दुखों' का बजट सत्र में एक विशेष गतिविधि कराई गई जिसमें प्रतिभागियों ने अपने जीवन का बजट तैयार किया। लेकिन यह बजट रुपयों का नहीं, बल्कि भावनाओं (आनंद) का था, प्रतिभागियों ने उन पलों को याद किया जब उन्होंने किसी की मदद की या किसी ने उनकी। इस दौरान मदद करने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद पत्र लिखने का संकल्प लिया।

### भारतीय मजदूर संघ 25 को देशव्यापी 'विरोध दिवस' मनाएगा

**भोपाल।** पुरी, ओडिशा में आयोजित 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ 25 फरवरी को पूरे देश में 'विरोध दिवस' मनाएगा। इस दिन बीएमएस की सभी इकाइयां जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित करेंगी, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों पर विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों के श्रमिकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए दबाव बनाया जा सके। भारतीय मज़दूर संघ, के अखिल भारतीय मंत्री रामनाथ गणेश एवं महामंत्री मप्र कुलदीप गुर्जर ने कहा कि लाखों मिड-डे मील और आशा कार्यकर्ता आज भी अत्यंत अल्प मानदेय पर कार्य कर रही हैं। पांच दशकों की सेवा के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केवल 'योजना कर्मी' माना जाता है, जबकि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक कार्य लिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मानदेय वृद्धि के प्रति अनिच्छा दिखाई जा रही है।

## शताब्दी, राजधानी जैसी वीआईपी ट्रेनों में भी होली के आसपास बन रहे वेटिंग के हालात

# राजधानी वासियों पर चढ़ा ब्रज की होली का खुमार: मथुरा जाने वाली ट्रेनें खचाखच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के पर्व को अब मात्र 8 दिन ही शेष बचे हैं। तो वहीं इस साल मथुरा में बड़े स्तर पर होली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजधानी भोपाल से भी बड़ी संख्या में लोग जा रहे हैं। इसके चलते राजधानी से मथुरा तक जाने वाली अधिकतर ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। वहीं सभी ट्रेनों में होली के आसपास के दिनों में वेटिंग की स्थिति बन गई है। लोग आरक्षण कराने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वेटिंग के कारण उन्हें कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। शताब्दी, राजधानी जैसी वीआइपी ट्रेनों में वेटिंग देखने को मिल रही है।

ब्रज की होली के उत्सव भोपाल से लोग पहुंचते हैं। भोपाल से मथुरा की दूरी 400 किमी है। ट्रेन से करीब 8-9 घंटे का सफर होने के कारण लोग बड़ी संख्या में वहां जाते हैं। होली इस बार भव्य स्तर पर आयोजन किए जाने से है, जिसमें भोपाल सहित मप्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल होने के लिए जा रहे हैं। इस कारण 2,3 व 4 मार्च को मथुरा जाने वाली भोपाल एक्सप्रेस, पंजाब मेल, सचखंड और झेलम एक्सप्रेस में सभी श्रेणी के सभी कोच में सीटें फुल हो चुकी हैं। समय रहते आरक्षण कराने वाले लोगों को तो कंफर्म टिकट मिल गए थे, लेकिन जो लोग अभी योजना बनाकर मथुरा जाने की सोच रहे हैं, उन्हें ट्रेनों में बर्थ नहीं मिल पा रही है। मथुरा की तरफ जाने वाली छतीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों को वेटिंग के टिकट मिल रहे हैं। ट्रेनों में आरक्षण नहीं मिलने के कारण लोग अब टैक्सियों का सहारा ले रहे हैं। इसके लिए ट्रेवल एजेंसियों पर लोग टैक्सी बुक कराने के लिए पहुंच रहे हैं।


फाइल फोटो।

### पिछले एक सप्ताह में 33 टैक्सी की आई बुकिंग

भोपाल में विभिन्न टूर ऑपरेटरों के यहां लगातार बुकिंग की जा रही है। भोपाल में करीब 33 टैक्सी बुकिंग हो चुकी है। महाकाल टूर एंड टेवल्स के डायरेक्टर पीके गोस्वामी ने बताया कि होली को लेकर 2 से 5 मार्च तारीख के लिए पिछले एक सप्ताह से टैक्सी की बुकिंग आ रही है। हमारे यहां अभी तक करीब 21 टैक्सी की बुकिंग हुई है। तो वहीं न्यू भोपाल ट्रेवल एजेंसी के संचालक रवि कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मथुरा जाने के लिए टैक्सी बुकिंग में तेजी आ चुकी है। हमरे यहां रोजाना-2-3 लोग बुकिंग के लिए आ रहे है।

### होली के अवसर पर ये है ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति

| ट्रेन | स्लीपर | थर्ड एसी | सेकंड एसी |
|---|---|---|---|
| ● सचखंड एक्सप्रेस | 82 | 42 | 13 |
| ● झेलम एक्सप्रेस | 73 | 31 | 28 |
| ● कर्नाटका एक्सप्रेस | 56 | 42 | 30 |
| ● भोपाल एक्सप्रेस | 63 | 32 | 20 |

### जनवरी में एक लाख से अधिक बेटिकट पकड़ाए, 8. 94 करोड़ का जुर्माना वसूला



पमरे जोन महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में पमरे जोन ने चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में कुल 1 लाख 37 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 08 करोड़ 94 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी माह में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने (कुल 07 करोड़ 39 लाख रुपए) की तुलना में 20.99 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (08 करोड़ 82 लाख रुपए) से 1.33 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मंडल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जांच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 45 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 72 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

## विजेताओं को कल किया जाएगा पुरस्कृत

# एसपीएम कॉलेजः वार्षिक स्नेह सम्मेलन अनुपम- 2026 शुरू


स्नेह सम्मेलन की शुरुआत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन अनुपम 2026 की शुरुआत हुई। पहले दिन रंगोली, एकल गायन, समूह गायन, पुष्प सज्जा, मेहंदी एवं कलश सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को 25 फरवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस रहे। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं के माध्यम से अपनी सृजनशीलता, प्रतिभा एवं रचनात्मकता के प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। मुख्य अतिथि ने संस्था द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### 25 को होंगे यह कार्यक्रम

25 फरवरी को पारंपरिक वेशभूषा, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कल्पना दवे, डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. आशा वर्मा, डॉ. सुधांशु धर द्विवेदी, डॉ. एसएस यादव, डॉ. नीतू प्रिया लचोरिया सहित सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक का आयोजन


विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक हुई आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापती स्टेशन के पास एक निजी होटल में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की माह फरवरी की बैठक हुई। बैठक में अन्य चर्चाओं व जानकारियों के आदान-प्रदान के साथ साथ वरिष्ठ पेंशनरों द्वारा अपने सेवा काल के संस्मरणों को सुनाया गया। माह फरवरी के जन्मदिन धारकों को शॉल उढ़ा कर सम्मान किया गया। उन्हें उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं प्रदान की गई। सदस्यों द्वारा भगवान शिव की सामूहिक आराधना करके संगठन के महासचिव पीआर साहू के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ करने की भगवान शिव से प्रार्थना भी की गई। प्रांतीय अध्यक्ष आरके शर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंडित एवं संगठन सचिव अवधेश कुमार दुबे ने कार्यक्रम आयोजन किया।

## पाठक की अगुवाई में होगा बड़ा आंदोलन

# प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर बार कौंसिल ने की समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं विशेषकर राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने सहित अधिवक्ताओं की सुरक्षा तथा सम्मान सहित अन्य कल्याणकारी संबंधी मांगों को लेकर मप्र राज्य बार कौंसिल द्वारा भोपाल में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कौंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने आन्दोलन के संचालन के लिए अधिवक्ता प्रियनाथ पाठक की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में भोपाल से एडवोकेट खालिद हफीज को मीडिया प्रभारी के बतौर शामिल किया गया है। इसके साथ ही भोपाल जिला अभिभाषक संघ के सहसचिव सोनल नायक को सदस्य बनाया गया है। नर्मदापुरम अभिभाषक संघ के सचिव मनोज जराठे और सहसचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत, छतरपुर जिला अभिभाषक संघ के सचिव अनिल द्विवेदी एवं जबलपुर से प्रशांत दुबे को समिति में सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति प्रस्तावित आंदोलन के समस्त कार्यों का संचालन, समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा वकीलों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आचरण बनाए रखने की अपील करेगी। समिति को आवश्यकतानुसार वालंटियर नियुक्त करने एवं उन्हें दायित्व सौंपने और प्रशासनिक समन्वय,सुरक्षा व्यवस्था, सभा संबंधी प्रबंधन का अधिकार रहेगा। यह समिति मप्र स्टेट बार कौंसिल के निर्णयों के अनुरूप आंदोलन को पूर्णतः लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में संचालित करेगी तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल आवश्यक निर्णय लेकर मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल के को अवगत कराएगी।

### 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पकड़े 7 नकलची, 3 केस मुरैना में दर्ज

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में अलग अलग नकल के मामले दर्ज किए गए हैं। सोमवार को 12वीं के बायोलॉजी की परीक्षा में कुल 7 नकल के प्रकरण बने। इनमें सबसे ज्यादा 3 केस मुरैना से सामने आए, जबकि अन्य 4 जिलों से एक-एक केस दर्ज किया गया है। इन जिलों में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और देवास शामिल हैं। इस बार प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में करीब 16 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं की और करीब 7 लाख छात्र 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इतने बड़े स्तर पर होने वाली परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकलमुक्त और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग ने हर परीक्षा केंद्र पर सख्त निगरानी की व्यवस्था की है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए पूरे प्रदेश में 3856 परीक्षा केंद्र पर हो रही हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मेगा प्रॉपर्टी एंड ऑटो एक्सपो किया आयोजित


मेगा प्रॉपर्टी एंड ऑटो एक्सपो का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ बड़ौदा मेगा प्रॉपर्टी एंड ऑटो एक्सपो 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल के प्रमुख बिल्डर्स अपनी उच्च गुणवत्ता वाले अनुमोदित आवासीय प्रोजेक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला ऑफर के साथ शामिल हुए। इस एक्स्पो में बिल्डर्स के साथ-साथ भोपाल के प्रमुख कार डीलर्स भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन क्रेडाई के प्रेसीडेंट मनोज सिंह मीक, बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक, बीसीसी, मुंबई से आए राजेश कुमार सिंह, भोपाल अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख शैलेष कुमार पारख, उप महाप्रबंधक- अनुपालन एवं आश्वासन मदन पाल सिंह, सहायक महाप्रबंधक व्यवसाय विकास महेंद्र कुमार वर्मा तथा भोपाल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक दीपेश कुमार ने की। बैंक ऑफ बड़ौदा, महाप्रबंधक, बीसीसी, मुंबई राजेश कुमार सिंह, ने कहा कि - इस एक्स्पो का मुख्य प्रयोजन संभावित घर खरीदारों और वाहन ख़रीदारों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनके सभी सवालों के जवाब तत्काल हमारे एक्सपर्ट द्वारा उपलब्ध कराना है।

## मुख्य अतिथि रहीं युवा कार्य विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी

# आईईएचईः विशेष संवाद कार्यक्रम में माय भारत पहल को लेकर किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में सोमवार को विकसित भारतः 2047 के तहत एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा कार्य विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, मनोज अग्निहोत्र (राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, मध्य प्रदेश शासन), डॉ. अनंत कुमार सक्सेना (कार्यक्रम समन्वयक, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय), डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल (संचालक, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल), डॉ. राजकुमार वर्मा (युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, मध्य प्रदेश, भोपाल), राहुल सिंह परिहार (कार्यक्रम अधिकारी, मुक्त इकाई, बीयू एवं ई.टी.आई प्रशिक्षक), डॉ. महेंद्र सिंघई, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ. सभाकांत द्विवेदी, सह. प्राध्यापक, गणित, डॉ. इंदिरा बर्मन तथा डॉ. राम विलास मरकाम (कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना) उपस्थित रहे।


विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन।

### अतिथियों ने पौधरोपण किया

कार्यक्रम के तहत संस्थान परिसर में निर्मित अमृत वाटिका में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने विद्यार्थियों को माय भारत पहल के प्रति जागरुक किया। उन्हें पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। बताया कि किस प्रकार युवा स्वयंसेवक माय भारत प्लेटफॉर्म को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकते हैं। डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने संस्थान के विभिन्न विभागों एवं इकाईयों में भ्रमण कर उनके कार्यक्रमों से अवगत हुई।

## पार्कों के लिए 12 करोड़ का प्रावधान, फिर भी ये हाल...

# तीन साल से बंद हैं फाउंटेन, उपकरणों में लगी जंग, डस्टबिन टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**बड़े तालाब किनारे बने सुंदर वर्धमान पार्क के हाल, युवाओं की पहली पसंद है पार्क**

शहर को सुंदर बनाने के निगम ने पार्कों के डेवलपमेंट के लिए 12 करोड़ रुपए का प्रावधान तो किया है, लेकिन संसाधनों के मेंटेनेंस की ओर ध्यान नहीं है। निगम की उदयानिकी शाखा इन पार्कों में हरियाली विकसित करने, देखरेख करने का काम तो कर रही है, लेकिन सैलानियों का आकर्षण बढ़ाने के लिए लगे फाउंटेन जंग खा रहे हैं। डस्टबिन टूटे पड़े हैं और ओपन जिम के उपकरण खराब हो चुके हैं। यह हालात हैं बडे तालाब किनारे बने वर्धमान पार्क के। जो युवाओं की पहली पसंद है और बड़ी संख्या में यहां रोज सैलानी घूमने आते हैं।

बड़े तालाब किनारे शीतलदास की बगिया के पास वर्धमान पार्क नगर निगम ने विकसित किया है। यहां तालाब किनारे पॉथ-वे और लोगों के बैठने के लिए हट्स बनाए गए हैं। अक्सर सैलानी सूरज डूबने के दश्य को यहां से निहारने पहुंचते हैं।


वर्धमान पार्क।


वर्धमान पार्क।

### कमियां दूर करवाई जाएंगी

महापौर मालती राय का कहना है कि शहर को सुंदर बनाना हमारा पहला लक्ष्य है। स्पोर्ट्स सेल के माध्यम से ओपन जिम को बेहतर बनाने के लिए मशीनों की खरीदी की जा रही है। जहां फाउंटेन बंद हैं या अन्य कमियां हैं उन्हें दूर करवाया जाएगा।

### यहां भी बंद हैं फाउंटेन, गंदगी से पटे


नीलम पार्क।

छोटे तालाब किनारे बने नीलम पार्क में भी फाउंटेन बंद हैं। तीन साल पहले यहां नए फाउंटेन लगाए गए थे, लेकिन भी धूल खा रहे हैं। अक्सर इनमें गंदगी बिखरी रहती है। 50 साल से ज्यादा पुराने उक्त पार्क पर तालाब किनारे ट्रेक तो बनाया, लेकिन पार्क परिसर को बदहाली के लिए छोड़ दिया। पार्क के दोनों गेट पर अक्सर कचरा बिखरा रहता है। यहां स्ट्रीट डॉग घूमते हैं। ऐसे में सैलानी भी यहां आने से कतराते हैं।

भोपाल
मंगलवार, 24 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 325
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास
# 255 रन बनाकर किया कमाल, छक्कों की बारिश

**शिमरोन हेटमायर ने 34 गेंदों में 85 रन बनाए, 7 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल**



**सुपर-8 में 107 रन से जिम्बाब्वे को दी शिकस्त**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए टी20 विश्व कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बोर्ड पर लगाया। फिर दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की तरफ से कमाल देखने को मिला और टीम ने 107 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलते हुए वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दूसरे नंबर पर सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है। श्रीलंका ने 2007 में 20 ओवर में 260 रन बनाए थे। अब इस रिकॉर्ड लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज की टीम आ गई है। हालांकि, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## समाजसेवी विवेक रूठिया बोले- 1917 में 35 हजार का दिया था कर्ज
# 109 साल पहले दादा ने ब्रिटिश हुकूमत को दिया था कर्ज, अब वसूली की तैयारी

तब भोपाल रियासत के प्रशासनिक कार्यों के प्रबंधन के लिए ब्रिटिश सरकार को धन की आवश्यकता थी


अलग खबर

जुगल किशोर पटेल ▶▶ सीहोर



विवेक रूठिया

क्या सात समंदर पार राज करने वाली ब्रिटिश सरकार सीहोर के एक व्यापारी की कर्जदार है। यह सुनने में भले ही हैरान करने वाला लगे, लेकिन सीहोर के रूठिया परिवार ने पुश्तैनी दस्तावेजों के आधार पर यह सनसनीखेज दावा किया है। शहर के निवासी विवेक रूठिया का कहना है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



Seth Jumma Lal subscribed Rs. 35,000/- on behalf of Seth Rama Kishan Jas karan Ruthia (Rupees Thirty-five thousand only) to the Indian War Loan and thereby showed his loyalty to the Government and Empire.

Sehore
1917. June 4th.

W. S. Davis
Political Agent in Bhopal.

### करोड़ों में पहुंची राशि, सोने की कीमत से होगा आकलन

विवेक का तर्क है कि 1917 के 35 हजार रुपए की कीमत आज के दौर में करोड़ों में है। उन्होंने बताया कि यदि उस समय की सोने की कीमतों और आज की दर की तुलना की जाए तो यह राशि अब एक विशाल पूंजी बन चुकी है। विवेक का दावा है कि उनके पास इस लेन-देन से जुड़े पुख्ता ऐतिहासिक दस्तावेज और मूल लिखा-पढ़ी मौजूद है, जो उन्हें विरासत में मिली है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून के सहारे कानूनी लड़ाई

विवेक अब इन पुश्तैनी दस्तावेजों को आधार बनाकर ब्रिटिश सरकार को कानूनी नोटिस भेजने वाले हैं। उनका कहना है मेरे पास दादाजी के समय के वो तमाम दस्तावेज हैं जो साबित करते हैं कि ब्रिटिश सरकार ने यह कर्ज लिया था। अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर कोई भी संप्रभु राष्ट्र अपने पुराने वित्तीय वादों से पीछे नहीं हट सकता।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का 71 वर्ष की उम्र में निधन



**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और कभी तृणमूल कांग्रेस में ममता बेनर्जी के बाद नंबर दो नेता माने जाने वाले मुकुल रॉय का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 71 वर्षीय रॉय को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तड़के करीब 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने उनके निधन की पुष्टि की है।

### रश्मिका-विजय पहुंचे उदयपुर, लेंगे सात फेरे



**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी होने जा रही है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उदयपुर से करीब 25 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच बनी आईटीसी मोमेंटोस को रश्मिका और विजय ने शादी के लिए चुना है।

### बैंक फ्रॉड केस में हाईकोर्ट से अनिल अंबानी को झटका



**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उस सिंगल बेंच के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें बैंकों की फ्रॉड प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। चीफ जस्टिस श्रीय चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम ए. अंखाड़ की डिवीजन बेंच ने साफ कहा कि अपीलें मंजूर की जाती हैं। चुनौती दिए गए आदेश में गंभीर खामियां हैं। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को त्रुटिपूर्ण करार दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा था-मप्र हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई करे
# भोजशाला विवाद पर एएसआई रिपोर्ट पेश, सभी 12 दिन में दावे-आपत्तियां दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

**दावा-** सर्वे में पुरानी मूर्तियां, श्लोक लिखे शिलालेख मिले हैं, जो साबित करते हैं कि वहां पहले भोजशाला थी, न कि कमाल मौला मस्जिद

धार में स्थित भोजशाला मामले में सोमवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एएसआई के सर्वे रिपोर्ट को लेकर पर कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रति सभी पक्षकारों को दी जाए और उस पर दावे-आपत्तियां आमंत्रित की जाएं। कोर्ट ने इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया है। अब अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। जिसमें याचिकाकर्ता और इंटरविनर अपना पक्ष रखेंगे। सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी के समक्ष हुई। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट पर दो सप्ताह में अपनी आपत्तियां, सुझाव पेश करने के निर्देश दिए हैं। एडवोकेट विनय जोशी के अनुसार हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देशित किया कि वे एएसआई की 98 दिन तक चली वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट पर अपनी लिखित आपत्तियां और सुझाव अगली सुनवाई से पहले दाखिल करें।





धार स्थित भोजशाला

**98 दिन की जांच रिपोर्ट पर अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी**

**एएसआई के सर्वे रिपोर्ट को लेकर कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रति सभी पक्षकारों को दी जाए**

**याचिकाकर्ता : 2100 पेज की रिपोर्ट में जिन तथ्यों का उल्लेख किया गया है, वे उत्साहजनक**

### रिपोर्ट का अध्ययन करेंगे

याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि 2100 पेज की रिपोर्ट में जिन तथ्यों का उल्लेख किया गया है। वे उत्साहजनक हैं। सर्वे में पुरानी मूर्तियां, श्लोक लिखे शिलालेख मिले हैं, जो साबित करते हैं कि वहां पहले भोजशाला थी, न कि कमाल मौला मस्जिद। हम रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह दिए थे आदेश

इंदौर हाईकोर्ट से यह मामला पहले सुप्रीम कोर्ट गया था। वहां आदेश हुए कि हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मध्यप्रदेश की अध्यक्षता वाली बेंच इसकी सुनवाई करे। फिर पीठ के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की बेंच द्वारा तीन सप्ताह की अवधि में सुनवाई की जाए। साथ ही कहा कि एएसआई की सीलबंद रिपोर्ट सभी को दी जाए। इस पर वह अपने सुझाव, आपत्ति देंगे और फिर फाइनल हियरिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाईकोर्ट में यह है याचिका और पक्षकार

हाईकोर्ट में भोजशाला के सर्वेक्षण को लेकर याचिका 10497/2022 लगी। इस पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2024 को वैज्ञानिक सर्वेक्षण के आदेश दिए। इस आदेश के तहत सर्वे भी हुआ और रिपोर्ट बंद लिफाफे में पेश हुई। इसी बीच मौलाना कमालउद्दीन वेलफेयर सोसायटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका थी। हाईकोर्ट की याचिका में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस प्रेसीडेंट रंजना अग्निहोत्री, आशीष गोयल, आशीष जनक, मोहित गर्ग, जितेंद्र सिंह, सुनील सारस्वत याचिकाकर्ता हैं। वहीं इसमें पक्षकार केंद्र सरकार, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मप्र शासन, जिला कलेक्टर, एसपी धार, मौलाना कमालउद्दीन वेलफेयर सोसायटी प्रेसीडेंट अब्दुल समद, श्री महाराजा भोज सेवा संस्थान समिति सचिव गोपाल शर्मा हैं।



फाइल फोटो

## 'तेजस' क्रैश की कथित खबर पर एचएएल की सफाई
# ग्राउंड पर मामूली तकनीकी खामी, लैंडिंग के दौरान हुई थी यह घटना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पायलट सुरक्षित, कोई जनहानि नहीं**

भारत के स्वदेशी फाइटर जेट-एलसीए तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरों पर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने आधिकारिक बयान दिया। एचएएल ने विमान के क्रैश होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स पर कहा कि कुछ खबरों में तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। कंपनी ने साफ किया है कि एलसीए तेजस विमान के किसी भी प्रकार के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई घटना नहीं हुई है। गौरतलब है कि एलसीए तेजस विमान का निर्माण एचएएल द्वारा किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्टस में एलसीए तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तेजस कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित

कंपनी का कहना है कि एलसीए तेजस दुनिया के समकालीन लड़ाकू विमानों में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड रखने वाले विमानों में शामिल है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान अत्याधुनिक तकनीक, उन्नत एवियोनिक्स और सख्त सुरक्षा मानकों के लिए जाना जाता है। एचएएल ने यह भी बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत तकनीकी पहलुओं का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। कंपनी इस मामले में भारतीय वायु सेना के साथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## देवास: परीक्षा केंद्र पर मधुमक्खियों का हमला
# 12 बच्चे जख्मी, शिक्षक की हालत गंभीर, केंद्र बदला

**कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाएं चल रही थीं तभी किया अटैक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



हमले में जख्मी शिक्षक

नेमावर स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा के दौरान मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया। यहां कक्षा 5वीं व 8वींकी परीक्षाएं चल रही थीं। बच्चे पेपर हल कर रहे थे। इसी दौरान मुधक्खियों ने अचानक अटैक कर दिया। इससे परीक्षा केंद्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान बच्चे और शिक्षक मधुमक्खियों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे लेकिन कई बच्चे ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सीएमओ पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप
# दतिया के लिपिक ने सुसाइड से पहले बनाया अपना वीडियो

**पद के विपरीत ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगाई गई थी ड्यूटी**



दिलीप सिंह गौड़ (मृतक)

**दतिया।** दतिया नगरपालिका में पदस्थ एक लिपिक (बाबू) दिलीप सिंह गौड़ ने उत्तर प्रदेश के झांसी में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इस आत्मघाती कदम से न केवल मृतक के परिवार में मातम पसरा है, बल्कि नगरपालिका महकमे में भी हड़कंप मच गया है। घटना को और भी संवेदनशील बना दिया है लिपिक की ओर से मरने से पहले जारी किए गए एक वीडियो में उन्होंने अपनी मौत के लिए उच्च अधिकारियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। आत्महत्या से पूर्व जारी किए गए वीडियो में दिलीप सिंह गौड़ ने नगरपालिका के सीएमओ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रांची से दिल्ली आ रहा एयर एंबुलेंस क्रैश
# विमान में सात लोग थे सवार उड़ान भरते ही टूटा था संपर्क

एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक, मरीज के अटेंडेंट और दो क्रू मेंबर शामिल थे

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस सोमवार की देर शाम चतरा जिले में क्रैश हो गई। विमान में सात लोग सवार थे, जिनमें एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक, मरीज के अटेंडेंट और दो क्रू मेंबर शामिल थे। यह जानकारी रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने दी। एयर एंबुलेंस रांची एयरपोर्ट से लगभग शाम 7:10 बजे टेकऑफ हुई थी।





क्रैश होने के बाद एयर एंबुलेंस की ये तस्वीरें सामने आईं

उड़ान के दौरान विमान का संपर्क एयर ट्रैफिक कंट्रोल से स्थापित किया गया। विमान ने कोलकाता से संपर्क स्थापित किया था, लेकिन शाम 7:34 बजे विमान का कोलकाता ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आरोप : धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव
# छग की युवती से... नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

महिला ने अपने घर रखा और अहमदाबाद ले जाकर बनवाए शारीरिक संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने छत्तीसगढ़ और भोपाल में रहने वाली युवतियों की शिकायत पर महिला सहित चार लोगों पर दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

युवतियों को आरोप है कि बागसेवनिया इलाके में रहने वाली ब्यूटिशियन अमरीन ने उन्हें अपने साथ रखा था और नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनवाए। पुलिस ने उक्त मामले में दो



फाइल फोटो

आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अमरीन इन दिनों अहमदाबाद में है उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई है। पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती मूलतः छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। वह शाहपुरा में रहती थी और न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान में काम करती थी। 8 जून 2024 को अपने दोस्त के बर्थ-डे पार्टी में गई थी। वहां उसकी पहचान दोस्त के घर आई (जन्नत) से हो गई। पीड़िता ने जन्नत से कहा कि मैं कपड़े की दुकान पर काम छोड़ना चाहती हूं और कहीं और काम करूंगी। इसके बाद वह ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी। इसी बीच जन्नत ने कहा कि मेरी एक दीदी है। उनके घर चलकर रहो और वह मिसरोद एक मॉल में काम दिला देंगी। वह जन्नत के कहने पर अमरीन के घर चली गई। वहां जन्नत के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बोलेंगे केंद्र पर हमला
# आज किसान महाचौपाल में हिस्सा लेने आएंगे राहुल व खरगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार 24 फरवरी को भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत राजधानी भोपाल से करने जा रहे हैं। राहुल इसमें हिस्सा लेने के लिए दोपहर 12 बजे दिल्ली से रवाना होकर 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे और 2 बजे जवाहर चौक पर आयोजित किसान महाचौपाल में हिस्सा लेंगे।

खरगे इससे पहले दोपहर 12 बजे भोपाल पहुंच जाएंगे और होटल में रुक कर राहुल के आने का इंतजार करेंगे। राहुल और खरगे लगभग पौने 2 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश भर के किसानों, पार्टी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने का आग्रह किया है।



राहुल गांधी | मल्लिकार्जुन खरगे

**दोपहर 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे राहुल 2 बजे होगा कार्यक्रम**

### ट्रेड डील को किसानों के खिलाफ मान रही कांग्रेस

*कांग्रेस अमेरिका के साथ ट्रेड डील को किसानों के खिलाफ मान रही है। राहुल सहित समूची कांग्रेस इसे लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर है। भोपाल में किसान महाचौपाल से पहले कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेता मीडिया से बात कर कांग्रेस का पक्ष रख चुकी हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### जवाहर चौक में तैयार किए गए दो बड़े डोम

कांग्रेस की ओर से किसान महाचौपाल के लिए लाल परेड और जवाहर चौक में से कोई स्थान मांगा गया था। इनमें से जवाहर चौक की परमिशन मिली है। कांग्रेस ने कार्यक्रम स्थल पर दो बड़े डोम तैयार किए हैं। इनमें लगभग 50 हजार किसानों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सामने मंच पर लगभग ढाई सौ लोगों के बैठने के व्यवस्था रहेगी। यहां राहुल-खरगे के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस विधायक, राज्यसभा सदस्य, पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के मेंबर और कांग्रेस के सभी 71 जिला अध्यक्ष बैठेंगे।




# विधानसभा में प्रश्न कुछ लगाया और पूछा कुछ, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में पहले ही प्रश्न पर जमकर बहस हुई। कांग्रेस सदस्य ने जो प्रश्न लगाया था, सदन में उसकी बात तक नहीं की। मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि प्रश्न दूसरा लगाया गया है और पूछा कुछ जा रहा है, ऐसे में यह उद्भूत ही नहीं होता। जवाब देने का इसका कोई औचित्य नहीं है।

सदन में कांग्रेस सदस्य दिनेश चंद्र बोस ने उज्जैन जिले में महिदपुर के छात्रावास में क्या-क्या सामग्री कब-कब कितनी कितनी कीमत में खरीदी गई। इससे संबंधित सवाल किया था, किंतु जब सदन में इस पर चर्चा होने लगी तो इसके बजाय उन्होंने यह पूछना शुरू किया की इस छात्रावास में 30 बच्चियां बीमार हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ बच्चियों को उज्जैन रेफर किया गया। इस पर मंत्री जवाब दें। मंत्री नगर सिंह चौहान ने कहा कि जो प्रश्न पूछा गया है उसी का उत्तर देना उचित होगा।

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी छात्रावास में बच्चों के बीमार होने का मुद्दा उठाया था। उस दौरान तक सदस्य जैन सदन में नहीं पहुंचे थे। बाद में सवाल जवाब को लेकर भी यही हुआ। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शायद नेता प्रतिपक्ष को गलतफहमी हो गई है। यह प्रश्न दूसरा है। सामग्री को लेकर है, आप पहले प्रश्न पढ़ लीजिए।

इस मुद्दे पर काफी देर तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस होती रही। कांग्रेस सदस्य ने छात्रावास में सामग्री की खरीदी, उसका वितरण, संबंधित एजेंसी के नाम भुगतान आदि के बारे में चर्चा तक नहीं। इसे लेकर के कई तरह के सवाल खड़े हुए। ताज्जुब की बात यह की पूरा विपक्ष प्रश्न में पूछे गए मुद्दों के बजाय अलग ही तरह के प्रश्न में सभी को उलझाए रहा।

## मुख्य बजट के बाद अनुपूरक बजट कहीं वित्त विभाग की गलती तो नहीं

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तृतीय अनुपूरक बजट को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्य बजट के बाद सरकार यदि अनुपूरक बजट लाती है, तो यह कहीं न कहीं वित्त विभाग की गंभीर गलती है। यह अधिकारियों और मंत्रियों की गलती है। समीक्षा नहीं होती कि हमें एक कितना खर्च करना है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सोमवार को तृतीय अनुपूरक बजट की मांगों पर चर्चा में कहा कि मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का था। प्रथम अनुपूरक 2356 करोड़ रुपए का था। द्वितीय अनुपूरक 13,476 करोड़ रुपए और तृतीय अनुपूरक 19,287 करोड़ है। मतलब पहले और दूसरे अनुपूरक बजट में भी सरकार आकलन नहीं कर पाया कि हमें कितना खर्च करना है। तीनों अनुपूरक बजट को मिलाकर 35,121 करोड़ पर मांगे गए। इसका मतलब मुख्य बजट का 1.34 प्रतिशत होता है।वित्त विभाग यह आकलन नहीं कर पा रहा है कि 35,121 करोड़ रुपए क्या छोटी राशि है। उन्होंने सरकार की प्लानिंग पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए।

## भूरिया बोले, बजट में गरीब-आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा, पांडे ने कहा इरादों की सरकार

विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन बजट पर चर्चा का दौर चलता रहा। पक्ष के विधायकों ने जहां बजट को वादों के साथ इरादों को पूरा करने वाला बताया, वहीं विपक्ष के विधायकों ने इसे आंकड़ों का खेल बताते हुए कहा कि बजट में गरीब और आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा गया है। कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने विधानसभा में कहा कि बजट में आंकड़ों के हिसाब से तो उनके लिए बहुत कुछ दिया गया है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं मिल रहा है। बजट में सरकार की भावना छुपी होती है।

■ बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने रखी बात


विरोध प्रदर्शन करते सिंघार।

## जवाबदेही की दिशा में अहम कदम, बाघ मृत्यु अपडेट वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध

**भोपाल।** मप्र में वन विभाग बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक कारणों से होने वाली बाघ मृत्यु की प्रत्येक घटना पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (नई दिल्ली) तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिवत कार्रवाई की जाती है। संरक्षण प्रयासों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए विभाग ने वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 (15 फरवरी तक) में घटित सभी बाघ मृत्यु प्रकरणों से संबंधित जानकारी आमजन की जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। भविष्य में भी इस जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा यह कदम पारदर्शिता को सुनिश्चुत करने के साथ ही 'टाइगर स्टेट' की गौरवपूर्ण पहचान को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### देश में कुल 3,682 बाघ हैं जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ मप्र में

केन्द्र सरकार से कराए गए वर्ष 2022 के बाघ आकलन के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ हैं, जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ (एक वर्ष से अधिक आयु के) मप्र में पाए गए हैं। यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार तथा वन विभाग के दशकों से किए जा रहे सतत एवं वैज्ञानिक प्रयासों का परिणाम है अधिक संख्या में बाघ होने के कारण प्राकृतिक मृत्यु स्वाभाविक है। विभाग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मानव-निर्मित कारणों से होने वाली

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ग्वालियर के कृषि मंथन में कृषि वैज्ञानिकों को दिया संदेश

# यह वर्ष इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण मामले में होगा साबित मील का पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। इनके अथक परिश्रम से ही हमारे बाजार गुलजार है। हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह वर्ष प्रदेश के इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष 'खेत से लेकर कारखाने तक और बाग से लेकर बाजार तक' की पूरी मूल्य संवर्धन श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से कृषि विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के लिए अधिकाधिक रोजगार आधारित उद्योगों के विकास, उन्नत किस्म के बीजोत्पादन, पशुपालन, दुग्धोत्पादन, मत्स्योत्पादन में वृद्धि सहित हर वो कदम उठाएंगे, जिनसे खेती और अन्नदाताओं का विकास हो।

### दलहन-तिलहन, औषधीय और मसाला फसलों का भी बढ़ा रहे उत्पादन





### जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर हो रहा कृषि मंथन निश्चित ही किसानों को खेती में जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा। हमारी सरकार आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्रों में मूल्य-श्रृंखला विकास, प्रोसेसिंग, तकनीक अपनाने और ग्रामीण युवाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देकर व्यापक रोजगार सृजन करने पर फोकस कर रही है। तकनीकी नवाचार, विविधीकरण और नीतिगत समर्थन से इन क्षेत्रों में न केवल उत्पादकता बढ़ाई जा सकेगी, बल्कि विपणन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में बाजार अनुरूप लाभकारी व्यवस्था कृषकों के लिए निर्मित होगी। हम कृषि के अलावा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्र में भी नई सोच से आगे बढ़ रहे है।

**मुख्यमंत्री ने विस में किसानों के लिए 5 घोषणाएं की**

### उड़द प्रोत्साहन योजना-वर्ष 2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में दलहनी फसलों के संतुलित उत्पादन, किसानों की आय में वृद्धि, फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का अधिक उत्पादन होने से उत्पन्न, उपार्जन तथा विपणन समस्याओं के निराकरण की चुनौतियों के दृष्टिगत उड़द की ग्रीष्मकालीन फसल पर हमारी सरकार की ओर से प्रति किसान 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया जा रहा है। मूंग की जगह उड़द उगाने को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रोत्साहन राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त दी जाएगी।

### समर्थन मूल्य पर चना, मसूर का उपार्जन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चना एवं मसूर की फसल का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए 24 मार्च से 30 मई तक की अवधि प्रस्तावित की गई है। इसके लिए 20 फरवरी से 16 मार्च तक किसानों के पंजीयन की कार्रवाई फिलहाल प्रचलन में है।

### किसानों की बेहतरी के लिए कर रहे काम: सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की बेहतरी के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिए हमने प्रदेश में सड़क मार्गों और राजमार्गों का जाल बिछाने का बीड़ा उठाया है। उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना (हाई-वे) भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

### तुअर उपार्जन के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजेंगे

सीएम ने कहा कि खरीफ फसल तुअर का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत केन्द्रीय एजेंसियों (नाफेड एवं एनसीसीएफ) ने सीधे उपार्जन के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की बेहतरी के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

### विधानसभा सत्र में भील आदिवासी विकास प्राधिकरण की मांग

## सहरिया विकास प्राधिकरण जैसा बने भील विकास प्राधिकरण



सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सहरिया विकास प्राधिकरण की तर्ज पर सरकार से भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनाने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि एक ओर आदिवासियों के साथ शोषण अत्याचार होता है, वहीं दूसरी ओर विकास के अवसरों से वंचित भील जनजाति लगातार पिछड़ती जा रही है। भील आदिवासी समुदाय में सामाजिक-आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कुपोषण को दूर करने के लिए एक समर्पित विकास प्राधिकरण की सख्त जरूरत है। डोडियार ने सदन में यह भी कहा कि पश्चिमी मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और धार जिलों के भील आदिवासी लगातार कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी, पलायन और विस्थापन के शिकार हो रहे हैं इसलिए सामुदायिक केंद्रीय व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, बुनियादी ढांचे और आजीविका के अवसरों का काम करना पड़ेगा। भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनने से मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के भील आदिवासियों का सर्वांगीण विकास होगा। सहरिया की तर्ज पर भील आदिवाई विकास प्राधिकरण के माध्यम से ग़रीब और वंचित परिवारों को पीएम-जनमन योजना के तहत पक्के आवास, गांवों में सड़क, और महिलाओं और बेरोजगार आदिवासी युवाओं को आजीविका और रोजगार के लिए अनुदान दिया जा सकेगा।

### ग्वालियर संभाग के जिलों में इस बार बसंत पंचमी पर नहीं हुई मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कोई शादी

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना में इस बसंत पंचमी को कोई शादी नहीं हुई। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि योजना की शर्तों में जोड़ा गया कि संबंधित परिवार गरीबी रेखा से नीचे होना चाहिए। जबकि सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे का प्रमाण पत्र ही बनाना बंद कर दिया है। इस वजह से बसंत पंचमी पर योजना के तहत कोई शादी नहीं हुई। विधानसभा में डॉ. सतीश सिकरवार ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह, निकाह योजना में बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संभाग में इस बार बसंत पंचमी पर एक भी शादियां नहीं हुई। आखिर ऐसी क्या वजह है की सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने जवाब में कहा कि इस योजना में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतें देखने को मिली थी। कई जनप्रतिनिधियों ने भी शिकायत की थी। इसे देखते हुए सरकार ने नियमों में परिवर्तन कर दिया है। उन्होंने कहा कि कई बार यह भी देखने को मिला कि एक शादीशुदा व्यक्ति योजना के तहत दोबारा शादी कर रहा है। इस तरह की दिक्कतें आम हो गई थी। उन्होंने कहा कि संख्या भी 200 है न कि 100 की गई है। इस योजना में सरकार ने चार तिथियां निर्धारित की है।




### गले नहीं उतरी हेमंत के इस्तीफे की वजह

विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का पद से इस्तीफा चौंकाने वाला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अचानक भेजे इस्तीफे में उन्होंने जो वजह बताई है, वह किसी के भी गले नहीं उतर रही। इससे पता चलता है कि विधानसभा के अंदर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और हेमंत के बीच भी समन्वय नहीं है। हेमंत ने लिखा है कि परिवार और क्षेत्र की जनता को पर्याप्त समय नहीं दे पाने के कारण वे यह जिम्मेदारी छोड़ रहे हैं। एक वाकया इस्तीफे के दिन सदन के अंदर घटित हुआ। इंदौर में दूषित पानी के स्थगन पर ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान हेमंत पॉइंट ऑफ ऑर्डर पर बोलना चाह रहे थे। स्पीकर ने कह दिया कि मैंने नेता प्रतिपक्ष को बोलने के लिए कह दिया है। हेमंत ने सिंघार से बोलने की अनुमति मांगी लेकिन उन्होंने तवज्जो नहीं दी। इससे पहले सिंघार की अनुपस्थिति में हेमंत ने स्थगन प्रस्ताव के लिए 16 सदस्यों के नाम दे दिए थे। इस पर भी विवाद हुआ था।

### दूषित पानी से मौतों पर चर्चा कराना था

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या पर मतभेद हो सकता है। सरकारी पक्ष यह संख्या 22 बता रहा है जबकि विपक्ष और मीडिया 35। इतनी मौतों के बावजूद अब भी काफी लोग बीमार हैं तो कुछ अस्पताल में भर्ती। प्रश्नकाल और बजट पर चर्चा रोक कर भी यदि इस पर चर्चा करा दी जाए तो गलत नहीं होता। संभव है कि चर्चा से कुछ ऐसा हासिल होता कि भविष्य में ऐसा हादसा न होने के लिए कोई रास्ता निकलता। पर ऐसा नहीं हो सका। सत्तापक्ष इस मुद्दे पर चर्चा से बचता नजर आया और विपक्ष हंगामा करता रहा। स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के प्रारंभ में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि पीड़ित परिवारों से जाकर पूछा जाए कि वे इस विषय पर चर्चा चाहते हैं या नहीं।

### ऐसी मर्यादा टूटी कि अखाड़े में तब्दील हो गया सदन

बजट सत्र के दौरान एक दिन कुछ ऐसा ही हुआ, ऐसी मर्यादा टूटी कि सदन अखाड़े में तब्दील नजर आया। सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य हमलावर थे। आसंदी पर बैठे स्पीकर भी असहाय थे। भला हो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का, जिन्होंने सदन का नेता होने के नाते बड़प्पन दिखाया और सत्तापक्ष की ओर से कहे गए शब्दों के लिए माफी मांगी। बाद में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को औकात दिखाने वाले संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी गलती मानते हुए खेद व्यक्त किया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सदन के संचालन के लिए नियम और परंपरा का पालन जरूरी है।

### कांग्रेस का राष्ट्रीय अभियान मप्र से शुरू करने के मायने

अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ समूची कांग्रेस केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमलावर है। इसे लेकर वह राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी 24 फरवरी को अभियान को शुरू करने मप्र आ रहे हैं। यहां वे एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। मप्र से अभियान शुरू करने की एक वजह यह हो सकती है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से हैं। कांग्रेस ट्रेड डील में किसानों के हित अमेरिका के पास गिरवी रखने का आरोप लगा रही है। शिवराज इस मसले पर सरकार का पक्ष रख कर कांग्रेस को घेर रहे हैं। दूसरा, संभव है कि यहां बड़ी रैली कर पार्टी नेतृत्व गुटबाजी से जूझ रही प्रदेश कांग्रेस में जोश भरना चाह रही हो। तीसरा, रैली में यदि जीतू पटवारी अच्छी भीड़ जुटाने में सफल रहे तो उनके राज्यसभा जाने का रास्ता भी खुल सकता है। अप्रैल में दिग्विजय सिंह की राज्यसभा सीट खाली हो रही है।

### कांग्रेस की ऐसी भाषा देती है भाजपा को संजीवनी

विधायक फूल सिंह बरैया जब बसपा में थे तब सवर्णों के खिलाफ आग उगलते थे, अपना दल बनाया तब भी अपनी भाषा नहीं बदली और अब जब कांग्रेस में हैं तब भी बसपा वाली शैली से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। फूल सिंह जो बोलते हैं उससे भाजपा और संघ परिवार को संजीवनी मिलती है। फूल सिंह ने कहा कि अगर हिंदू राष्ट्र बना तो महिलाएं बर्बाद हो जाएंगी। हिंदू राष्ट्र नहीं होना चाहिए। हिंदू राष्ट्र बनेगा तो हम मरेंगे। शिक्षा बंद हो जाएगी, सब खत्म हो जाएगा। अभी इस राष्ट्र में क्या कमी है? वर्तमान राष्ट्र बेहतर है। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री मंत्री इंदर सिंह परमार भड़क उठे। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंदू जीवन दर्शन को नहीं समझते, वह ऐसा विचार रखते हैं। वैदिक काल में महिलाओं को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। वसुधैव कुटुंबकम हिंदू जीवन दर्शन का एकमात्र हिस्सा है।

-दिनेश निगम 'त्यागी'

### जीतू-उमंग के लिए दो साल का इम्तिहान, व्यापारियों से संवाद करने पहुंचे हरीश चौधरी

राहुल-खरगे आज करेंगे शिरकत

# किसान सम्मेलन आज, अटल पथ पर शक्ति प्रदर्शन, राहुल-खरगे की मौजूदगी में जुटेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी में मंगलवार को कांग्रेस का बहुप्रतीक्षित किसान सम्मेलन होने जा रहा है। जवाहर चौक स्थित अटल पथ पर प्रस्तावित इस सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शिरकत करेंगे। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध को केंद्र में रखकर आयोजित यह सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में होने जा रहा यह आयोजन संगठनात्मक ताकत की परीक्षा भी है। दोनों नेताओं के कार्यकाल को लगभग दो वर्ष पूरे होने को हैं और ऐसे में यह सम्मेलन उनके लिए शक्ति प्रदर्शन का अवसर बन गया है। पार्टी का दावा है कि प्रदेशभर से हजारों किसान भोपाल पहुंचेंगे, हालांकि राजनीतिक गलियारों में भीड़ के आंकड़े को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

### ट्रेड डील पर सियासत

कांग्रेस का आरोप है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। पार्टी इसे कृषि क्षेत्र के लिए संभावित खतरा बताते हुए राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत भोपाल से करने की रणनीति पर काम कर रही है।

### अटल पथ क्यों?

कांग्रेस ने सम्मेलन के लिए अटल पथ को चुना है, जबकि बड़ी सभाओं के लिए आमतौर पर जंबूरी मैदान या लाल परेड मैदान को अधिक उपयुक्त माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा सत्र के चलते लाल परेड मैदान की अनुमति मिलना कठिन था। ऐसे में अटल पथ पर ही आयोजन की तैयारी की गई। हालांकि जानकारों का मानना है कि इस स्थान की क्षमता सीमित है और भीड़ के दावे की असली परीक्षा आयोजन के दिन ही होगी।

### विधायकों को जिम्मेदारी

सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों और जिला अध्यक्षों को स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी है। प्रत्येक जिले से अधिक से अधिक किसानों को लाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कई विधायक सप्ताहांत में अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे और किसानों को भोपाल आने के लिए प्रेरित किया। पार्टी इसे सिर्फ एक सभा नहीं, बल्कि किसान असंतोष को राष्ट्रीय विमर्श में बदलने की कोशिश के रूप में देख रही है।

### मंत्री शुक्ला करेंगे 'सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन' का शुभारंभ

**भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला प्रधानमंत्री सूर्य घर – मुफ्त बिजली योजना के "सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन" का शुभारंभ को करेंगे। मंत्री श्री शुक्ला मंगलवार 24 फरवरी को अपराह्न 2 बजे ऊर्जा भवन, शिवाजी नगर, से सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सोलर रथ 24 फरवरी से भोपाल नगर में 7 दिवसीय मोबाइल बूथ शिविर के रूप में संचालित किया जाएगा। सोलर रथ से नागरिकों को योजना से संबंधित लोड, नेट मीटरिंग, ग्रिड कनेक्टिविटी, ऋण सुविधा एवं ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण जैसी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर डिस्कॉम, बैंकों एवं नगर निगम के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

### कहा, पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार हर हाल में प्रतिबद्ध

उपग्रह टेलीमेट्री जैसे नवाचारों से निरंतर बढ़ रही गिद्ध संख्या

# मुख्यमंत्री ने लुप्तप्राय प्रजातियों के 5 गिद्धों को हलाली डैम जल क्षेत्र में किया मुक्त

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डेम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के 5 गिद्ध को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल हैं। डॉ यादव ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोगी पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मध्यप्रदेश जहां बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य है वहीं गिद्ध संरक्षण में भी देश में प्रथम है। मध्यप्रदेश में सभी प्रांतों से अधिक संख्या में गिद्ध पाए जाते हैं। इनमें प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। डॉ यादव ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को गिद्ध पक्षी संरक्षण के प्रयासों के लिए बधाई दी।




सीएम डॉ. यादव ने पांच गिद्धों को हलाली डैम में मुक्त किया।

### गिद्ध संरक्षण एवं पक्षी संरक्षण के प्रयास

मध्यप्रदेश के वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की गतिविधियों और निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है। टेलीमेट्री से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से गिद्धों के भू-दृश्य उपयोग, आवागमन पैटर्न और मानव-जनित दबावों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

### गिद्ध पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक

पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्ध प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिद्ध पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, साथ ही बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मध्यप्रदेश लंबे समय से देश में गिद्धों की समृद्ध आबादी का केंद्र रहा है। प्रदेश में भारतीय गिद्ध (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर), सिनेरियस गिद्ध (ब्लैक वल्चर), मिस्र गिद्ध (व्हाइट स्कैवेंजर वल्चर) और हिमालयन ग्रिफॉन जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार मंगलवार: 6:26 बजे
सहरी बुधवार: 5: 08 बजे

# आज राहुल गांधी के दौरे के चलते बदला रहेगा शहर का ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस कमेटी द्वारा जवाहर चौक पर मंगलवार को सुबह 10 बजे से किसान महा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। कार्यक्रम के चलते यातायात पुलिस की ओर से राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक प्लान का पालन करने की अपील की है।

## कार्यक्रम के दौरान यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- जो वाहन इन्दौर संभाग, उज्जैन संभाग, आष्टा, सीहोर की ओर से आएंगे। उनका मार्ग सीहोर बायपास से प्रवेश होकर बिलिकिसगंज झागरिया, रातीबड़, भदभदा, डिपो चौराहा होकर लाड़ली लक्ष्मी पार्क अटल पथ पर वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।
- जो वाहन नर्मदापुरम वाले मार्ग से कार्यक्रम स्थल आएंगे, उनका मार्ग रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से लिंक रोड-2, माता मंदिर से प्लेटिनम प्लाजा होकर लाड़ली लक्ष्मी पार्क अटल पथ पर वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।



- रायसेन, सागर रोड की ओर से आने वाले वाहन पटेल नगर चौराहा, आईटीआई तिराहा, प्रभात चौराहा, सुभाष ओवर ब्रिज, बोर्ड ऑफिस चौराहा, लिंक रोड न-1, अपैक्स तिराहा, जैन मंदिर से टीटी नगर स्टेडियम के बायी ओर वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।

## इन मार्गों पर यातायात रहेगा परिवर्तित

- जवाहर चौक पर कार्यक्रम आयोजित होने से डिपो चौराहा (भारत माता चौराहा) से पीएनटी अथवा पॉलिटेक्निक चौराहा से जा सकेंगे।
- प्लेटिनम चौराहा से जवाहर चौक आने वाले वाहन माता मंदिर चौराहे से अथवा टीटी नगर होकर आ-जा सकेंगे।
- रंगमहल से जवाहर चौक जाने वाले वाहन बाणगंगा चौराहा अथवा माता मंदिर चौराहा होकर आ-जा सकेंगे।
- नीलबड़ से रोशनपुरा की ओर जाने वाले वाहन साक्षी ढाबा तिराहा, केरवा डैम रोड, कलियासोत डैम रोड, चूनाभट्टी चौराहा, कोलार गेस्ट हाउस तिराहा, चार इमली होकर आ-जा सकेंगे।
- रोशनपुरा से भदभदा चौराहा की ओर जाने वाले वाहन माता मंदिर से मैनिट चौराहा, होकर भदभदा की ओर आ-जा सकेंगे।
- एयरपोर्ट की ओर आवागमन करने वाले वाहन पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा, हमीदिया रोड, रॉयल मार्केट तिराहा, लालघाटी होकर एयरपोर्ट की ओर आ-जा सकेंगे।

## यहां परिवर्तन

राजगढ़ (व्यवरा), गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, विदिशा की ओर से आने वाले वाहन मुबारकपुर, गांधीनगर, लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, रेतघाट, पॉलिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा से दशहरा मैदान में वाहन पार्क कर सकेंगे।




# तालाब में गंदे पानी और अतिक्रमण को लेकर सांसद शर्मा और कलेक्टर सिंह ने रखी बैठक

# 15 दिन में दोबारा शुरू होगा बड़े तालाब का सीमांकन, हटाए जाएंगे अतिक्रमण

### बैरागढ़, टीटी नगर, हुजूर और शहर क्षेत्र में एफटीएल के 50 मीटर दायरे का होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार महीने पहले एनजीटी की सख्ती के बाद बैरागढ़ एसडीएम ने कोहेफिजा और खानूगांव में बड़े तालाब का सीमांकन शुरू किया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही काम रोक दिया गया। बारिश की वजह से कीचड़ और दलदल का हवाला देकर काम रोका गया था। इसके साथ टीटीनगर और हुजूर एसडीएम ने सीमांकन ही शुरू नहीं किया। सोमवार को सांसद आलोक शर्मा और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम, नगर निगम और टीएंडसीपी के अफसरों के साथ बैठक रखी। जिसमें एफटीएल के 50 मीटर दायरे में आने वाले बड़े अतिक्रमणों को तोड़ने की हिदायत दी गई।

कलेक्टर ने बताया कि तालाब किनारे कई निजी जमीनों पर अवैध रूप से निर्माण की जानकारी मिली है। जिसको लेकर शहर, बैरागढ़, हुजूर और टीटी नगर एसडीएम को इन जगहों पर 15 दिन में सीमांकन शुरू करने की हिदायत दी गई है। बैठक में एसडीएम ने बताया कि तालाब का सीमांकन टीएंडसीपी के नक्शे के आधार पर किया जाएगा, जिसके लिए 15 दिन का समय दिया जाए। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि तालाब किनारे बने अवैध निर्माण और फार्म हाउस को चिह्नित कर तोड़ा जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि शहर के नाले व अस्पतालों का पानी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगे होने के बाद भी कैसे जा रहा है। सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि बड़े तालाब में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए, जहां-जहां गंदा पानी आ रहा उसको बंद करवाएं।

*सांसद बोले, तालाब किनारे फार्म हाउस में चल रही ड्रग्स पार्टियां*

*बड़े तालाब में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए, उसे बंद कराएं*



एसडीएम, नगर निगम और टीएंडसीपी के अफसरों के साथ बैठक में निर्देश देते सासंद शर्मा व कलेक्टर सिंह।

### वक्फ बोर्ड की जागीर हो गया भोपाल

सांसद शर्मा ने पूछा कि भदभदा डैम के पास प्रेमपुरा से 227 झुग्गियां पहले हटाई गई हैं पर अभी भी 26 झुग्गियां बची हैं, वे अभी तक क्यों नहीं हटाई गईं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा भोपाल वक्फ बोर्ड की जागीर हो गया है। भोपाल की जनता की सहूलियत के लिए मेट्रो ट्रेन की लाइन डालो, तो कहते हैं कि यह वक्फ की जमीन है।

### सांसद आलोक बोले- तालाब का मास्टर प्लान बनाएं

सांसद ने बड़े तालाब का मास्टर प्लान नए सिरे से तैयार करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने जब तालाब क्षेत्र के एसडीएम से पूछा कि तालाब के आसपास कितना अतिक्रमण बचा है। इस पर सभी एसडीएम बगलें झांकने लगे।

## हफ्तेवार होगी अतिक्रमण हटाने की समीक्षा

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से अतिक्रमण को लेकर कहा कि हफ्तेभर की मोहलत चारों एसडीएम को दी है कि एक हफ्ते में सभी मेजर प्राइमा फेसी अतिक्रमण बड़े तालाब के किनारे से हटाए जाएं। उन्होंने साफ कर दिया कि अब हर हफ्ते अतिक्रमण हटाने और प्रदूषण रोकने के संबंध में समीक्षा बैठक की जाएगी।

### बड़े तालाब के किनारे निजी जमीनों पर तान दी बिल्डिंग

बड़े तालाब के किनारे ढेरों अतिक्रमण हो रहे हैं। लोग निजी जमीनें पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग तान रहे हैं। जिससे बड़े तालाब का दायरा कम हो रहा है। जिन इलाकों में पानी सीमा के आगे तक आता था। अब वहां पर मिट्टी का भराव होने एफटीएल का दायरा भी कम हो रहा है।

### पहले लगाई थीं 943 मुनारें

बड़े तालाब के सीमांकन के लिए अलग-अलग समय पर मुनारें लगाईं गईं। रिकॉर्ड में 943 मुनारें लगी होने की जानकारी है। 2016 में एनजीटी के निर्देश पर सर्वे हुआ तो 337 मुनारें पानी में डूबी थीं, यानी ये एफटीएल के भीतर लगाई गई थीं, जिसमें से 141 गायब थीं।

## 'कमाल का भोपाल' अभियान ने रखे तालाब व नदी संरक्षण के चार प्रस्ताव

बड़े तालाब एवं कलियासोत नदी से जुड़े अतिक्रमण, ग्रीनबेल्ट तथा संरक्षण तथा तटीय सौंदर्यीकरण विषयों पर कलेक्टरेट में भोपाल सांसद आलोक शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरणविद, व्यापारिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में 'कमाल का भोपाल' नागरिक अभियान के फाउंडर मनोज मीक ने कहा कि बड़े-छोटे तालाब को केवल जलाशय नहीं, बल्कि उद्गम से डाउनस्ट्रीम तक एकीकृत पर्यावरणीय तंत्र मानकर सीमा-निर्धारण संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने तालाब व कलियासोत के किनारों के सौंदर्यीकरण तथा ऑल-वेधर रोड विकसित कर सीमाओं, व प्रदूषण की सुरक्षा और नियमित मॉनिटरिंग के चार प्रस्ताव रखे और सुझाव दिए। मनोज मीक ने बताया कि राजा भोज द्वारा निर्मित भोजताल पर पीएचडी शोध-रिपोर्ट जियोहाइड्रो-एनवायरनमेंटल इन्वेस्टिगेशंस फॉर एक्सप्लोरिंग द पॉसिबिलिटीज ऑफ रिएक्टिवेशन ऑफ बरीड रिजर्वॉयर एंड असोसिएटेड चैनल्स, ओएम वैली, बेतवा बेसिन अभियान के पास उपलब्ध है, जिसे प्रशासनिक अध्ययन में शामिल किया जाए। कलियासोत नदी किनारे 33 मीटर ग्रीनबेल्ट का चिन्हांकन चुका है अब आवश्यकता अतिक्रमण हटाकर इसके दोनों किनारों को विकसित करने की है।

### यात्री ने की मंत्रालय स्तर पर शिकायत

# पंजाब मेल में यात्री को परोसा बदबूदार खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन, आरकेएमपी एवं ट्रेनों में अवैध वेंडर खुलेआम खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत पर भी खतरा मंडरा रहा है।

ऐसा ही एक मामला सोमवार को पंजाब मेल में देखने को मिला, जिसमें आईआरसीटीसी की वर्दी पहने वेंडर ने यात्री को बदबूदार खाना परोस दिया। जिसमें किसी वस्तु के टुकड़े भी निकलने की बात सामने आ रही है। मामले की यात्री ने रेल मंत्रालय व आईआरसीटीसी के अधिकारियों से शिकायत की। जिसके बाद मामले की जांच कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार यात्री दीपक गाडगिल पंजाब मेल में ए-2 कोच में यात्रा कर रहे थे। उन्हें खाना परोसा गया। इसके बाद बदबूदार गंदा खाने की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने शिकायत की थी। इसके बाद आईआरसीटीसी की ओर से मामले की संबंधित अधिकारियों से जांच कराने की बात कहीं है। वहीं प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि अवैध वेंडर ने खाना परोसा था, लेकिन आईआरसीटीसी की वर्दी पहने हुए थे।


यात्री को दिया गया खराब खाना।




### बाह्य रोग विभाग, पंजीयन व्यवस्था, फिजियोथैरेपी विभाग का जायजा लिया

# जेपी अस्पताल पहुंचे कलेक्टर, एक्स-रे के लिए मरीजों की लंबी लाइन देखकर लगाई फटकार



अस्पताल में निरीक्षण करते कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को अचानक कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह जेपी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एक्स-रे करवाने के लिए मरीजों की लंबी कतार को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए टोकन या सीरियल नंबर से एक्स-रे करने के निर्देश दिए। सुबह की ओपीडी मरीजों को इलाज में कितनी देरी लगती है, इस व्यवस्था को देखा।

इसके अलावा बाह्य रोग विभाग, पंजीयन व्यवस्था, एक्स-रे, फिजियोथैरेपी सहित कई विभागों की सेवाओं का जायजा लिया।

### मरीजों की बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने फिजियोथैरेपी यूनिट में मरीजों की कम संख्या मिलने पर फिजियोथैरेपी सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित करने और यूनिट के आवश्यकता अनुसार उन्नयन को प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। ओपीडी पंजीयन में भी मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए विशेष रूप से वृद्ध और गंभीर बीमारियों के मरीजों की बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सिंह ने सिविल सर्जन से कहा कि वे गुणवत्तापूर्ण उपचार के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि अस्पताल आने वाले मरीज को कम से कम समय में उपचार मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों के इलाज की सुविधा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में उपलब्ध है। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि ओपीडी लोड कम करने संजीवनी क्लीनिक से सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए प्रेरित किया जाए।



## जैकेट का शेष....

### लाड़ली बहनों ...

उम्र के हितग्राही पात्रता अनुसार अन्य योजनाओं में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा की लाड़ली बहना योजना से अपात्र होने के कारण योजना से पृथक की गई महिला पर भी यह लागू होता है। वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया ...

में यह निर्माण हुआ, उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर में निर्मित यह आरओबी एमपीआरडीसी द्वारा बनाया गया था। निर्माण एजेंसी पुल के एक हिस्से में सुधार कार्य कर रही थी, उसी दौरान संरचना का एक भाग ढह गया। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद गंभीर है और ऐसी लापरवाही किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। मंत्री ने कहा कि तीन साल पहले बने पुल का हिस्सा इस तरह गिरना नहीं चाहिए था। यह स्पष्ट रूप से निर्माण और सुपरविजन में चूक का मामला है। ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### जांच समिति गठित ...

दिए कि विभागीय जांच के आधार पर जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल अलग से तात्कालिक जांच समिति गठित करने की आवश्यकता नहीं समझी गई है।

### हिंदू पैदा करें 4 बच्चे ...

ने युवाओं, विशेषकर बेटियों को सोशल मीडिया के भटकाव से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम पर नाचने वाली रील बनाने के बजाए बेटियों को आईएएस, आईपीएस, दुर्गा और काली बनना चाहिए।

### मजदूरों से भरा पिकअप ...

घायल बताए जा रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले के हर्रई क्षेत्र से मजदूर पिकअप में सवार होकर नरसिंहपुर की ओर काम के सिलसिले में जा रहे थे। बरमान के पास ओवरब्रिज पर अचानक एक बाइक चालक वाहन के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने पिकअप वाहन मोड़ा, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे बरमान कनेक्टिंग रोड पर जा गिरा। बरमान उप थाना प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हर्रई क्षेत्र के निवासी हैं और एक गार्डन में मजदूरी कार्य के लिए जा रहे थे।

## पेज एक का शेष....

### 109 साल पहले ...

साल 1917 में उनके दादा ने तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत को 35 हजार रुपए का कर्ज दिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया है। अब विवेक इस राशि की वसूली के लिए ब्रिटिश सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी कर रहे हैं। विवेक रूठिया के अनुसार उनके दादा सेठ जुम्मा लाल रूठिया क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी थे। साल 1917 में भोपाल रियासत के प्रशासनिक कार्यों के प्रबंधन के लिए ब्रिटिश सरकार को धन की आवश्यकता थी, जिसके लिए उन्होंने सेठ जुम्मा लाल से 35 हजार रुपए उधार लिए थे। उस दौर में यह एक बहुत बड़ी रकम थी। सन 1937 में सेठ का निधन हो गया, लेकिन यह कर्ज अधूरा ही रह गया।

### 255 रन बनाकर...

में 254/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर रन चेज के लिए उतरी जिम्बाब्वे की टीम 17.4 ओवर में सिर्फ 147 रन पर ढेर हो गई। यह टी20 वर्ल्ड कप के 19 साल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टोटल भी बन गया है। शिमरोन हेटमायर इस पारी के असली सूत्रधार रहे। उन्होंने महज 34 गेंदों में 85 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। अपनी इस पारी के दौरान हेटमायर ने दिग्गज क्रिस गेल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए वेस्टइंडीज के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का कीर्तिमान भी अपने नाम किया।

### दूसरे नंबर पर....

वेस्टइंडीज के पास श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका था, लेकिन वो ऐसा नहीं कर सके। आयरलैंड 235 रनों के साथ इस रिकॉर्ड लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर चला गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

होगी। इसके बाद मामला हाईकोर्ट जबलपुर गया जहां से इसे फिर इंदौर बेंच को भेजा गया, क्योंकि न्यायालयीन क्षेत्र इंदौर था।

### ग्राउंड पर मामूली ...

गई थी। सोमवार को जारी बयान में एचएएल ने कहा कि जिस घटना का उल्लेख किया जा रहा है वह उड़ान के दौरान नहीं, बल्कि जमीन पर घटित एक मामूली तकनीकी घटना थी। इसे नियमित रखरखाव और मानक संचालन प्रक्रियाओं के तहत तुरंत संभाल लिया गया। इस घटना से किसी प्रकार की बड़ी क्षति या जनहानि की कोई सूचना नहीं है। घटना के बाद ऐहतियातन वायुसेना ने लगभग 30 सिंगल-सीट तेजस विमानों को व्यापक तकनीकी जांच के लिए अस्थायी रूप से ग्राउंडेड कर दिया है। यह तेजस विमान से जुड़ी तीसरी दुर्घटना है। इससे पहले मार्च 2024 में जैसलमेर के पास एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। वहीं नवंबर 2025 में दुबई एयर शो के दौरान भी एक तेजस विमान हादसे का शिकार हुआ था।

**क्या है पूरा मामला ?**

इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से सामने आई जानकारी के अनुसार भारतीय वायुसेना का एक तेजस हल्का लड़ाकू विमान 7 फरवरी को एक फ्रंटलाइन एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकल गया। प्रारंभिक आशंका ब्रेक फेल होने की जताई गई। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि विमान के एयरफ्रेम को गंभीर क्षति पहुंची, हालांकि पायलट ने समय रहते इजेक्ट कर अपनी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि विमान प्रशिक्षण उड़ान पूरी कर बेस पर लौट रहा था। इस घटना पर अब तक वायुसेना की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### तेजस कार्यक्रम पूरी ....

मिलकर काम कर रही है, ताकि किसी भी संभावित तकनीकी समस्या का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। एचएएल ने दोहराया कि तेजस कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित, विश्वसनीय और देश की सामरिक क्षमता को मजबूत करने वाला है।

### 12 बच्चे जख्मी...

और शिक्षक मधुमक्खियों के चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले के बाद आनन-फानन में शिक्षकों ने परीक्षा केंद्र दूसरी जगह स्थानांतरित किया। इसके बाद सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से वहां पहुंचाया गया। मधुमक्खियों के हमले से जख्मी हुए शिक्षक अर्जुन सिंह तोमर को हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस दौरान 12 बच्चे भी मधुमक्खियों के काटने से जख्मी हो गए। विद्यालय परिसर में मधुमक्खियों के कई छत्ते लगे हैं। अब इन्हें हटवाने के लिए नगर परिषद नेमावर व वन विभाग को पत्र भेजा गया है। परीक्षा केंद्र में मधुमखियों के हमले के बाद दोपहर की शिफ्ट होने वाली परीक्षा देने आने वाले छात्र-छात्राओं को बस स्टैंड के पास रोक दिया गया।

### दतिया के लिपिक ...

नागेंद्र सिंह गुर्जर और दो अन्य कर्मचारियों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। दिलीप ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से परेशान किया जा रहा था। लिपिक के पद पर होने के बावजूद उन्हें ट्रेंचिंग ग्राउंड (कचरा डंपिंग यार्ड) पर तैनात कर दिया गया था, जहां उनसे कचरा गाड़ियों की गिनती जैसा कार्य कराया जा रहा था। उनके अनुसार, यह कार्य उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं था। मृतक ने वीडियो में यह भी खुलासा किया कि जब वे मानसिक तनाव से तंग आकर किसी अन्य शाखा में स्थानांतरण (ट्रांसफर) का आवेदन लेकर सीएमओ के पास पहुंचे, तो उनकी बात सुनने के बजाय उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

### विमान में सात ...

के साथ संपर्क और रडार संपर्क लगभग वाराणसी से दक्षिण-पूर्व में 100 एनएम की दूरी पर टूट गया। इसके तुरंत बाद संबंधित एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी कर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। विमान चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत करमाटांड़ गांव के पास स्थित घने जंगल में क्रैश हुआ। स्थानीय लोगों ने तेज आवाज और धुएं का गुबार उठते देखने की सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। रडार डेटा और विमान की अंतिम ज्ञात लोकेशन के आधार पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घने जंगल और दुर्गम भू-भाग के कारण बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और आपदा प्रबंधन की टीमें संयुक्त रूप से अभियान में जुटी हैं। एएआईबी टीम को जांच के लिए भेजा गया है और अधिकारियों ने बताया कि आगे की जानकारी साझा की जाएगी। नागरिक उड्डयन विभाग और सुरक्षा एजेंसियां भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल, हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। विस्तृत जांच के बाद ही दुर्घटना के कारणों की आधिकारिक जानकारी सामने आएगी। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पुष्टि की कि विमान में सात लोग सवार थे। प्रशासन मौके पर मौजूद है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### छग की युवती...

अलावा एक अन्य युवती रहती थी। वहां रहने पर पता चला कि जन्नत पूर्व में हिंदू थी और उसने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया। अगस्त 2025 में अमरीन का दोस्त चंदन उसे अपनी बहन के घर लेकर पहुंचा, वहां नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर चंदन ने कहा कि मैं यह बात किसी को नहीं बताऊंगा तुम भी नहीं बताना, नहीं तो बदनामी होगी। इसके बाद चंदन ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि अमरीन उसे अब्बास नगर लेकर पहुंची थी, वहां उसने अपने भाई बिलाल से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं अमरीन उसे अपने साथ अहमदाबाद लेकर पहुंची थी। वहां याशिर नामक युवक से जबरन शारीरिक संबंध बनवाए। इसी तरह की एक शिकायत अमरीन और उसके भाई सहित चार लोगों पर युवती ने दर्ज कराई।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं NIDHI JAIN उम्र 45 वर्ष W/O AKSHAY JAIN मेरी 10th, 12th की अंकसूची में मेरा विवाह के पहले का नाम (NIDHI KUMARI JAIN) लिखा हुआ है जो विवाह के बाद बदल कर (NIDHI JAIN) कर लिया है जो कि मेरे पेन, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम (NIDHI JAIN) से जाना पहचाना जाए।

नया नाम :- NIDHI JAIN
पुराना नाम :- NIDHI KUMARI JAIN
पता - : 05 चैतन्य वाटिका पीरगेट भोपाल

## बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालयः भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **25.03.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस राशि | बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **बैरसिया रोड शाखा, बैरसिया, फोन : 07565-282234, 9424727991 A/c to Deposit Auction Sale Proceeds 901690200000033 IFSC Code : BKID0009016** | | |
| ऋणीः **श्रीमती रितु साहू पत्नि श्री रामबाबू साहू** सहऋणीः **श्री रामबाबू साहू पुत्र रामचरण साहू**<br>**मांग सूचना राशिः ₹ 9,56,853.54/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>**मांग सूचना दिनांक : 21.08.2025**<br>**कब्जा दिनांक : 28.11.2025 (सांकेतिक)** | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित एक मंज़िला मकान, प.ह.नं. 111/24 हरसिद्धि कॉलोनी, टिकनखेड़ी वार्ड नं.-14 बैरसिया, ज़िला भोपाल, मध्य प्रदेश, कुल क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट, खसरा नं. 69/1 का भाग, संपत्ति मालिक- श्रीमती रितु साहू (सहऋणी) **चर्तुसीमाएंः** उत्तरः श्रीमती तोमर का घर, दक्षिणः नरसिंह शर्मा का प्लॉट, पूर्वः 20 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिमः अशोक पाठक का घर। | ₹ 12,17,000/-<br>₹ 1,22,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **प्रोफेसर कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 9145504042 Account to deposit auction sale proceeds- 900690200000033 IFSC Code : BKID0009006** | | |
| ऋणीः **श्री संजय कुमार दिवाकर पुत्र श्री बदामीलाल दिवाकर** जमानतदारः **श्री गिरीश जी कामत पुत्र श्री पी वी कामत**<br>**मांग सूचना राशिः ₹ 9,56,853.54/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>**मांग सूचना दिनांक : 19.09.2025**<br>**कब्जा दिनांक : 13.02.2026 (सांकेतिक)** | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नंबर एस-04, (1बीएचके) खसरा नंबर 221/2/1, 221/2/2 का भाग, प्लॉट नं. 49, प.ह.नं. 26/42, वार्ड नं. 84, सेक्टर-ए, वंश टावर नटराज गृह निर्माण समिति मर्यादित, रतनपुर सड़क तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-499.26 वर्गफुट या 46.36 वर्गमीटर, संपत्ति मालिक- श्री संजय कुमार दिवाकर **चर्तुसीमाएंः** पूर्व-गलियारा पश्चिम-अन्य का प्लॉट, उत्तर-अन्य का प्लॉट दक्षिण-फ्लैट नंबर एस-05 | ₹ 11,00,000/-<br>₹ 1,10,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **भोपाल मुख्य शाखा, भोपाल, फोन : 0755-4931126, 9407447756 Account to deposit auction sale proceeds- 900090200000033, IFSC- BKID0009000** | | |
| ऋणीः **मेसर्स गोर्वधन दास श्रीकिशनदास प्रोपराइटर- श्री रुपेश जैन पुत्र श्री रिखबचंद्र जैन**<br>**मांग सूचना राशिः ₹ 40,69,712.26/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>**मांग सूचना दिनांक : 25.11.2025**<br>**कब्जा दिनांक : 03.02.2026 (सांकेतिक)** | बंधक संपत्ति स्थित म.नं. 90ए, सेक्टर-ए, विजय नगर, ग्राम-हलालपुरा, तहसील हुजूर, जिला- भोपाल प्लाट क्षेत्रफल- 3500 वर्गफिट Relinquishment deed ई-पंजीयन क्र. MP059692019A1495082 दिनांक 11-07-2019 के अनुसार संपत्ति मालिक- श्री रुपेश जैन पुत्र स्व. श्री रिखबचंद्र जैन चर्तुसीमाएं- पूर्व- 10 फिट सर्विस लेन, पश्चिम- 25 फिट चौड़ी रोड, उत्तर- प्लाट नं. 89, दक्षिण- प्लाट नं. 91 | ₹ 203.08 लाख<br>₹ 20.31 लाख<br>₹ 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25.03.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

**ई-नीलामी की शर्तें :-**

(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **23.03.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करेंः अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।

नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 30 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 23.02.2026 — प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
संपर्क करें 9755600569, 9755600827
आफिसः आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल



प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
COMPLETE SOLAR SOTUTIONS
BEST OFFER
HURRY UP!
BRANDS we deal with!
TATA POWER SOLAROOF
WAAREE
adani Solar
ECE INDIA
Sirf ₹72,000 Mein!
3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us
99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005

आवश्यकता
अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस सांई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (RO 39987)
BSP- 18 to 26/02/2026

### नाम परिवर्तन

श्री कृष्णाकांत श्रीवास्तव (Krishankant Shrivastava) पिता श्री पुरूषोत्तम श्रीवास्तव निवासी- इमलिया रोड, पालीवाल दाल मिल के पीछे, करेली, नरसिंहपुर, हालमुकाम भोपाल म.प्र. मेरी 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरा का नाम कृष्ण कांत श्रीवास्तव (Krishan Kant Shrivastava) अंकित है सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम कृष्णकांत श्रीवास्तव (Krishankant Shrivastava) अंकित है। मेरे दस्तावेजों में अंकित दोनों नाम कृष्ण कांत श्रीवास्तव (Krishan Kant Shrivastava) एवं कृष्णकांत श्रीवास्तव (Krishankant Shrivastava) एक ही व्यक्ति यानी मेरे स्वयं के है। आज दिनांक से मुझे मेरे सभी दस्तावेजों में कृष्णकांत श्रीवास्तव (Krishankant Shrivastava) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

- **मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।
- **वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।
- **सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।
- **कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।
- **तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।
- **वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।
- **धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।
- **मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।
- **कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।
- **मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6148



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -6147 का हल



## सूडोकू नवताल- 6158

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 6157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# पीएम ई-ड्राइव के तहत 1,085 ओलेक्ट्रा इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर

## इन इलेक्ट्रिक बसों को हैदराबाद शहर में तैनात किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक को 1,085 इलेक्ट्रिक बसों के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिला है।

ये ऑर्डर तेलंगाना राज्य में सार्वजनिक परिवहन को हरित और आधुनिक बनाने की दिशा में बेहद अहम माना जा रहा है। ये परियोजना केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य देश के बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूत करना है।

ये ऑर्डर तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएस आरटीसी) ईवी ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से दिया गया है और इसका नाम कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) है। लीड कर रही है। इन इलेक्ट्रिक बसों को हैदराबाद शहर में तैनात किया जाएगा, जिससे शहर की स्वच्छ, टिकाऊ और स्मार्ट सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

स्वच्छ, टिकाऊ और स्मार्ट सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी

यह ऑर्डर भारत के ईवी ईकोसिस्टम के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा



### कंपनी के लिए बड़ा प्रोजेक्ट

ये पूरा प्रोजेक्ट पीएम ई-ड्राइव कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद भारतीय शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इस पहल के तहत सरकार, सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों और निजी कंपनियों के सहयोग से बड़े पैमाने पर ई-बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है। ओलेक्ट्रा को मिला यह ऑर्डर न केवल कंपनी के लिए बल्कि भारत के ईवी इकोसिस्टम के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### हैदराबाद को मिलेंगी आधुनिक 12-मीटर ई-बसें

इस ऑर्डर के तहत तेलंगाना को ओलेक्ट्रा की 12-मीटर लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी। इनमें एसी और नॉन-एसी दोनों विकल्प शामिल होंगे। इन बसों को खास तौर पर भारतीय सड़कों और शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी तकनीक से डिजाइन किया गया है।

## नया प्रचार अभियान 'भरोसा' लांच

# स्वराज ट्रैक्टर्स ने एमएस धोनी को ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ मोहाली



महिंद्रा समूह के अंग, स्वराज ट्रैक्टर्स ने एमएस धोनी के साथ ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर अपनी भागीदारी बढ़ाने की घोषणा की। साझा मूल्यों पर आधारित यह भागीदारी, स्वराज के ब्रांड विकास का रणनीतिक स्तंभ बन गई है। साझा मूल्यों पर आधारित यह गठजोड़ उस समय से स्वराज के ब्रांड विकास का रणनीतिक स्तंभ बन गया है, जब पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने कृषि कार्यों के लिए स्वराज ट्रैक्टर चुना। एमएंडएम लिमिटेड के स्वराज डिवीजन के मुख्य कार्यकारी, गगनजोत सिंह ने कहाकि एमएस धोनी स्वराज के सिद्धांतों -भरोसा, प्रमाणिकता, और प्रदर्शन पर निरंतर ध्यान को रेखांकित करते हैं।

## ब्रोकरों को कर्ज देने से रोक दिया गया

# ब्रोकर फंडिंग नियम बरकरार, एक अप्रैल से लागू होंगे नए प्रावधान



संजय मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि बैंकों द्वारा प्रोप्राइटरी ट्रेडर्स और ब्रोकरों को दिए जाने वाले कर्ज से जुड़े हालिया नियमों में बदलाव की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी सोमवार को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दी। इस महीने की शुरुआत में जारी नए नियमों के तहत आरबीआई ने ब्रोकरों को दी जाने वाली बैंक गारंटी के लिए कोलेटरल (गिरवी) की शर्तें कड़ी कर दी हैं। साथ ही बैंकों को प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग के लिए ब्रोकरों को कर्ज देने से रोक दिया गया है। ये नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे।

### ब्रोकरेज शेयरों में गिरावट समीक्षा की मांग

नए नियमों के बाद पिछले सप्ताह ब्रोकरेज कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। बाजार में चिंता जताई जा रही है कि इन नियमों से ब्रोकरों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है और ट्रेडिंग वॉल्यूम घट सकता है। ब्रोकरों ने नियमों की समीक्षा की मांग करते हुए बाजार नियामक को पत्र भी भेजा है। आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने बोर्ड बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये नियम व्यापक परामर्श के बाद अंतिम रूप दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनमें किसी बदलाव पर विचार नहीं किया जा रहा है। गवर्नर ने बताया कि आरबीआई ने भारत के महंगाई लक्ष्य (इन्फ्लेशन टार्गेटिंग) ढांचे को लेकर अपनी सिफारिशें सरकार को भेज दी हैं। इस समीक्षा की समय-सीमा मार्च के अंत तक तय है, हालांकि सिफारिशों का विवरण साझा नहीं किया गया। भारत में आरबीआई को खुदरा महंगाई दर 4 फीसदी पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें 2 से 6 फीसदी का दायरा तय है। हाल ही में खुदरा महंगाई की गणना पद्धति में बदलाव करते हुए महंगाई मापने वाली टोकरी में खाद्य पदार्थों का हिस्सा कम किया गया है। मल्होत्रा ने कहा कि इन बदलावों से आरबीआई के महंगाई लक्ष्य के रुख पर स्वतः कोई असर नहीं पड़ेगा।

## फिर से सोना-चांदी में जोरदार तेजी

# सोना 1.60 लाख रुपए पार, चांदी में तूफानी तेजी, भाव 2,67,650 रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और अमेरिका ईरान संबंधों में अनिश्चितता ने वैश्विक बाजारों का माहौल बदल दिया है। निवेशकों में सतर्कता बढ़ी है और इसका सीधा असर कीमती धातुओं की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। सुरक्षित निवेश के रूप में सोना और चांदी फिर केंद्र में आ गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ बढ़ाने के कारण सोने-चांदी के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव सोमवार को तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 1,60,000 रुपए जबकि चांदी के भाव 2,67,650 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं।

### सुरक्षित निवेश के रूप में सोना-चांदी फिर केंद्र में आ गए



गौरतलब है कि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 1,582 रुपए की तेजी के साथ 1,58,458 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,56,876 रुपये था। यह कॉन्ट्रैक्ट 3,173 रुपये की तेजी के साथ 1,60,049 रुपए के भाव पर कारोबार किया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,80,779 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। जबकि एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 10,117 रुपए की तेजी के साथ 2,63,061 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,52,944 रुपए था। यह कॉन्ट्रैक्ट 14,729 रुपए की तेजी के साथ 2,67,673 रुपये के भाव पर कारोबार की और 2,67,929 रुपए प्रति किलो उच्च स्तर पहुंची।

### सोना निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बन चुका : हरिया



वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) के टैक्स नियमों में बदलाव किया गया है। 1 अप्रैल 2026 से मैच्योरिटी पर टैक्स छूट सिर्फ उन्हीं निवेशकों को मिलेगी, जिन्होंने एसजीबी सीधे आरबीआई के जारी करते समय खरीदे हों और उन्हें पूरा समय तक होल्ड किया हो। जो निवेशक एसजीबी सेकेंडरी मार्केट से खरीदेंगे, उन्हें यह टैक्स फायदा नहीं मिलेगा। यह बात आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, प्रिंसिपल इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट, चिंतन हरिया ने कही। उन्होंने कहाकि आज के अनिश्चित वैश्विक माहौल में सोना निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बन चुका है। कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए समय-समय पर पोर्टफोलियो को संतुलित करना जरूरी है। ज्यादा तरलता और लचीलापन होने की वजह से गोल्ड ईटीएफ इस काम को आसान बनाते हैं और निवेशकों को बेहतर नियंत्रण देते हैं। उन्होंने कहाकि चूंकि 2024 के बाद से नए एसजीबी जारी नहीं हुए हैं, अभी निवेश सिर्फ सेकेंडरी मार्केट के जरिए ही संभव है। ऐसे में गोल्ड ईटीएफ एक आसान और स्पष्ट विकल्प के रूप में सामने आते हैं। गोल्ड ईटीएफ सीधे सोने की कीमत को ट्रैक करते हैं। ये उच्च शुद्धता वाले असली सोने से समर्थित होते हैं, जिसे सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। निवेशक को सोना खरीदने, संभालने या सुरक्षित रखने की चिंता नहीं करनी पड़ती। हर यूनिट आमतौर पर 0.01 ग्राम सोने के बराबर होती है।

## आरबीआई से काम करने का लाइसेंस मिला

# एयरटेल अपनी एनबीएफसी के विस्तार के लिए 20 हजार करोड़ रु. की पूंजी डालेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने सोमवार को अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) 'एयरटेल मनी लिमिटेड' के लिए बड़े विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अगले कुछ वर्षों में इसमें 20 हजार करोड़ रुपएकी पूंजी डाली जाएगी। कंपनी ने बयान में कहा कि इस पूंजी में 70 प्रतिशत योगदान एयरटेल की तरफ से किया जाएगा, शेष 30 प्रतिशत हिस्सा प्रवर्तक समूह भारती एंटरप्राइजेज से आएगा। एयरटेल मनी को 13 फरवरी 2026 को आरबीआई से एनबीएफसी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। कंपनी ने कहा कि एनबीएफसी एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा भारत में 'ऋण अंतर' कम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस एनबीएफसी में 20 हजार करोड़ की पूंजी को कुछ वर्षों में डाला जाएगा।



गोपाल विट्ठल

### अब तक 9,000 करोड़ से अधिक के ऋण बांटे जा चुके

एयरटेल ने बताया कि पिछले दो वर्षों में उसने अपने डिजिटल मंच के माध्यम से एक सशक्त 'उधारी सेवा प्रदाता' (एलएसपी) मॉडल विकसित किया है। इस मंच के जरिए अब तक 9,000 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण बांटे जा चुके हैं। कंपनी के मुताबिक, साख एवं जोखिम आकलन के मजबूत मॉडल, अनुशासित पोर्टफोलियो प्रबंधन और वास्तविक समय में जोखिम निगरानी के चलते कर्ज चूक की दर नियंत्रित रही है। एयरटेल के कार्यकारी वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने कहाकि प्रौद्योगिकी, डेटा और ग्राहकों के भरोसे को जोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पैदा करने की कंपनी की क्षमता इस मंच की सफलता से साबित हुई है। उन्होंने कहा कि एनबीएफसी विस्तार के जरिए एक भरोसेमंद और नवोन्मेषी डिजिटल ऋण कारोबार खड़ा करने का लक्ष्य है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई इंश्योरेंस का 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान

**मुंबई** । एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान में अपनी भागीदारी की घोषणा की है। 15 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य फसल बीमा पॉलिसियों को सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुंचाना है। कंपनी सात राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, असम, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 'फसल बीमा पाठशालाओं', महिला-केंद्रित जागरूकता कार्यशालाओं और व्यवस्थित किसान शिक्षा कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगी।

### एसईपीसी का ऑर्डर 10 455 करोड़ के शिखर पर पहुंचा

**चेन्नई**। एसईपीसी लिमिटेड तेज़ी से उभरते विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी की समेकित ऑर्डर बुक 10 455 करोड़ के प्रभावशाली स्तर पर पहुंच गई है, जो निरंतर बढ़ते ऑर्डर, तेज होती निष्पादन क्षमता और मुख्य अवसंरचना परियोजनाओं में समझदारीपूर्ण चयन को दर्शाती है और आने वाले वर्षों के लिए सशक्त विकास की स्पष्ट दिशा तय करती है। स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी की ऑर्डर बुक 7,255 करोड़ रही। जो 31 मार्च 025 को 4,501 करोड़ रुपए के स्तर से कई गुना वृद्धि को दर्शाती है।

### याप डिजिटल का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई**। याप कंपनी अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 25 फरवरी 2026 को खोल रही है, जिसके माध्यम से 80.11 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य है। निर्गम का कुल आकार 55,25,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए प्रति शेयर है। इस निर्गम के लिए मूल्य बैंड 138 से 145 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशक के लिए निर्गम मंगलवार 24 फरवरी को खुलेगा, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को बंद होगा।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण में 'फार्माफेस्ट पैनासिया और फार्मा फेस्ट2026' का समापन

**भोपाल**। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस एवं राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रातीबड़ में आयोजित फार्माफेस्ट पैनासिया 2026 तथा फार्मा फेस्ट 2026 का चार दिवसीय आयोजन संपन्न हो गया। कार्यक्रम में खेल, सांस्कृतिक, तकनीकी एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लहरी, राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस के डायरेक्टर डॉ. राजीव मालवीय, राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ. विष्णु राज सहित अन्य डायरेक्टर्स, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने महाविद्यालय परिसर में बेलपत्र का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




### एलएनसीटी में 'साइबर सुरक्षा एवं ईएमएफ' जागरुकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान

**भोपाल**। लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजीके 'संचार मित्र क्लब' द्वारा दूरसंचार विभाग मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूपा साइबर फ्रॉड प्रिवेंशन, साइबर सिक्योरिटी एंड ईएमएफ अवेयरनेस विषय पर एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जेएन चौकसे एवं एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने प्रतिभागियों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया, दूरसंचार विभाग के विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।



### कॅरियर कॉलेज में 'स्पार्क 2026' का सफल समापन

**भोपाल**। कॅरियर कॉलेज (स्वायत्त) में आयोजित दो दिवसीय 11वां इंटरनेशनल कांफ्रेंस स्पार्क 2026 का भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. दीपक बी. फाटक ने कहाकि आई खतरा नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली सहयोगी है। स्पार्क वह चिंगारी है जो युवाओं के सपनों को साकार करने की शक्ति देती है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कॅरियर ग्रुप के अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस कांफ्रेंस का उद्देश्य युवाओं में नवाचार, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना है। कांफ्रेंस की कंवीनर एवं कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. रोमशा शर्मा ने सम्मेलन की थीम पर प्रकाश डालते हुए इसके शैक्षणिक और शोधपरक महत्व को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र में एआई विशेषज्ञ निखिल तिवारी, बेन पेंग (हॉन्ग कॉन्ग), उद्यमी राहुल श्रीवास्तव तथा अमिताभ देव ने अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में कुल 50 शोध पत्र एवं 10 पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जिनमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। समापन समारोह में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. देव आनंद हिंदोलिया ने कहाकि एआई की शक्ति का प्रभावी उपयोग करने के लिए सुदृढ़ डेटा प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।





### विक्रम हायर सेकेंडरी के पूर्व छात्रों ने किया 15वीं रियूनियन का आयोजन

**भोपाल**। भेल टाऊनशिप स्थित विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल के 93 बैच के पूर्व छात्रों ने लगातार 15वीं रियूनियन का आयोजन किया। जिसमें भोपाल के अलावा मुंबई, केरल, दिल्ली, पुणे, रायपुर, साथ ही दो पूर्व छात्र अमेरिका सहित 54 छात्रों ने शिरकत की। पूर्व छात्रों ने एक दूसरे से मिलकर खुश हुए और पुरानी यादें ताजा करते हुए अपनी-अपनी शरारतें साझा की। रियूनियन की शुरुआत में पूर्व छात्रों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात हॉटल में डीजे की धून जमकर थिरके। अंताक्षरी एवं हंसी मजाक के साथ ही लजीज व्यंजनों का स्वाद भी लिया। ऐसा आयोजन हर वर्ष करने पर अपनी सहमति जताई और फिर नम आंखों से एक -दूसरे से विदाई ली। आयोजन के संयोजक हरीश चौथानी ने बताया कि रीयूनियन में पूर्व छात्र डॉ.राकेश सिंह जगत एवं डॉ.मोहित सिक्का दोनों शहर के मशहूर डॉक्टर, राज नागपाल, अमिताभ पॉल आर्किटेक्ट, हेमंत कोठिया बीएचईएल में उच्च पद पर कार्यरत, डॉ.गोपेश तारे एवं डॉ. विनीत शुक्ला शिक्षाविद, श्याम पाठक स्कूल संचालक आदि भी शामिल रहे।



### केडब्ल्यूसी लक्जूरियो की लखनऊ के बाद भोपाल और ग्वालियर में विस्तार योजना

**भोपाल**। लगभग छह दशक पहले चेयरमैन चांदमल तोतला द्वारा शुरू केडब्ल्यूसी लक्जूरियों स्टोर ने सिर्फ घड़ियां, बल्कि कारीगरी, विरासत और हमेशा रहने वाले कॉन्फिडेंस की हमेशा रहने वाली निशानियां भी देने का अपना कमिटमेंट रिन्यू किया है। तीसरी पीढ़ी अब इस विरासत को आगे बढ़ा रही है, जिसका विजन अगले दो सालों में 100 स्टोर तक पहुंचना और नए मार्केट में विस्तार करना है, जिसमें लखनऊ में आउटलेट लांच के बाद भोपाल और ग्वालियर में विस्तार की योजना शामिल है। केडब्ल्यूसी लक्जूरियो ने अपनी एनिवर्सरी के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की मौजूदगी में एक खास पार्टी का आयोजन किया।

### हार्पिक ने नया हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर लांच किया

**नई दिल्ली** । हार्पिक ने अपने अब तक के सबसे उन्नत बाथरूम क्लीनिंग इनोवेशन न्यू हार्पिक बाथरूम अल्ट्रा क्लीनर के लांच की घोषणा की। यह बाथरूम क्लीनिंग श्रेणी में एक दशक से अधिक समय में हार्पिक का सबसे बड़ा नवाचार है। बॉलीवुड फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हैं, जो उत्पाद के शक्तिशाली और भरोसेमंद दाग हटाने के वादे को और मजबूत करते हैं। लांच कैंपेन बाथरूम क्लीनर के बारे में रोहित शेट्टी ने कहा कि हार्पिक वर्षों से स्वच्छता का भरोसेमंद नाम रहा है और बाथरूम हाइजीन का पर्याय बन चुका है।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3(1) के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना निम्न वर्णित दिनांक को पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट पावती सहित आपको भेजी गई थी, जो कि वापस हुई । इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप सभी संबंधितों को अवगत किया जाता है, कि निम्न वर्णित उधारकर्ताओ/ जमानतदारों को एतद् द्वारा **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर निम्न वर्णित बकाया राशि साथ ही अतिरिक्त ब्याज, लागत अनुषंगिक व्यय, प्रभार इत्यादि अदा करने के लिये सूचित करते हैं। बैंक के दस्तावेजों एवं करार के अनुसार ऋणी की सुरक्षित आस्तियां **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्रभार के अधीन है। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | आस्तियों का विवरण | क्रेडिट सुविधा का प्रकार एवं राशि | वर्तमान बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल** | | | |
| 1. **मेसर्स ऋतंभरा एसोसिएट्स,** द्वारा प्रोपराइटर- श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते (ऋणी)<br>पता : दुकान नंबर 4 राधा कृष्ण मार्केट, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, बावड़िया कलां, भोपाल, म.प्र.-462026<br>2. श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते (ऋणी एवं प्रोपराइटर)<br>पता 1: दुकान नंबर 4 राधा कृष्ण मार्केट, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, बावड़िया कलां, भोपाल, म.प्र.-462026<br>पता 2: फ्लैट नंबर 108, विमला इंपीरियल्स, गांव- बावड़िया कलां, श्री राम कॉलोनी के पीछे, वार्ड नंबर 52, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल,म.प्र.-462047<br>पता 3: फ्लैट नं. 302, तृतीय तल, एविंग, स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462023<br>3. श्री पनहारी नाथ धोते पुत्र श्री रघु नाथ धोते (सहऋणी)<br>पता1:- फ्लैट नंबर 108, विमला इम्पीरियल्स, गाँव- बावड़िया कलां, श्री राम कॉलोनी के पीछे, वार्ड नंबर 52, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र.-462047<br>पता2: फ्लैट नं. 302, तृतीय तल, एविंग, स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462023 | प्रायमरी सिक्योरिटी :<br>स्टॉक एवं बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधन<br>Cersai Asset ID -200055388804 | Cash Credit of Rs. 20.00 Lakh (Rs. Twenty Lakh Only) (A/C No. 60388650620) | दिनांक 14/01/2026 को<br>लेज़र बैलेन्स : ₹ 1998090.77<br>लेज़र बैलेन्स : ₹ 37015.00<br>+पेनल ब्याज ₹ 737.00<br>कुल : ₹ 20,35,842.77 |
| | सिक्योरिटीः संपत्ति का समस्त भाग अर्थात एक फ्री होल्ड आवासीय फ्लैट संख्या 108, प्रथम तल, 'विमला इम्पीरियल्स' नामक परियोजना के अंतर्गत जिसका निर्मित क्षेत्रफल 874 वर्ग फुट (81.19 वर्गमीटर) है, भूमि सर्वेक्षण संख्या 338/2/9, का भाग, ग्राम - बावड़िया कलां, पीएच नं. 42, नगरपालिका वार्ड संख्या 52 तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल (मध्य प्रदेश) चर्तुसीमाएं- पूर्वः फ्लैट संख्या 101, पश्चिमः फ्लैट संख्या 107, उत्तरः आंतरिक सड़क, दक्षिणः फ्लैट संख्या 103<br>संपत्ति मालिक -श्री विवेक धोते पुत्र श्री पनहारी नाथ धोते<br>Cersai Asset ID of Property-200055359006 | Housing Term Loan of Rs. 19.50 Lakh (Sanctioned amount)<br>*Disbursed amount Rs. 19.40 (रु. उन्नीस लाख चौबीस हजार) (A/c No. 60383875515)<br>मांग सूचना दिनांक 15/01/2026<br>NPA Date : 13/01/2026 | लेज़र बैलेन्स: ₹ 1607938.19<br>लेज़र बैलेन्स :₹ 97584.00<br>+पेनल ब्याज ₹ 86.00<br>कुल : ₹ 17,05,608.19<br>कुल बकाया :- ₹ 37,41,450.96 |
| **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गौतम नगर शाखा, भोपाल** | | | |
| 1. **मेसर्स एम के ट्रेडर्स** (ऋणी)<br>प्रोपराइटर-श्रीमती ममता गौड़ पत्नी श्री केशव प्रसाद गौड़<br>पता 1: प्लॉट नंबर 21, क्षेत्रफल- 930 वर्ग मीटर, सेक्टर, बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम बगरोदा, पी. एच. नंबर 24, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र.-462026<br>पता 2:-दुकान नं. 2ए, 5वीं मंजिल मेपल हाई स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल, म.प्र.- 462026<br>2. श्रीमती श्वेता गौर पत्नी श्री प्रफुल गौर (जमानतदार)<br>पता 1:- गुरुचरण होम्स, मकान नंबर 17, राजोरा एस्टेट के अलावा, रोनी स्वीट्स के पीछे भोपाल, म.प्र. - 462022<br>पता 2:- प्लॉट नंबर 19 बी मौजा सेटलमेंट नंबर 270, पी एच एन 17 वार्ड नंबर 21 विक्रम नगर, रसूलिया नर्मदापुरम म.प्र.- 461001<br>पता 3:- वार्ड क्रमांक 21, प्रताप नगर होशंगाबाद जिला-नर्मदापुरम, म.प्र.-461001<br>3. श्री हरभजन सिंह साशन पुत्र श्री मोतीसिंह साशन (जमानतदार)<br>पता 1:- वार्ड क्रमांक 03 ग्राम खिलीखेड़ा, औबदुल्लागंज तहसील गोहरगंज, जिला- रायसेन, म.प्र.-464993<br>पता 2:- मकान नंबर 01 वार्ड नंबर 05 लोधी मोहल्ला ओबेदुल्लागंज तहसील- गोहरगंज, जिला- रायसेन, म.प्र.- 464993<br>4. श्री अर्पित गौड़ पुत्र श्री केशव प्रसाद गौड़ (जमानतदार),<br>पताः 5वीं मंजिल मेपल हाई स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल, म.प्र.- 462026 | प्रायमरी सिक्योरिटी :<br>स्टॉक एवं बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधन<br>Cersai Assest ID-200086114419 | Cash Credit Loan of Rs.50.00 Lakh (Rs. Fifty Lakh only) (A/c No. 60506087561 | दिनांक 28/12/2025 को<br>लेज़र बैलेन्स : ₹ 4069112.80<br>लेज़र बैलेन्स : ₹ 141989.00<br>+पेनल ब्याज ₹ 26136.00<br>कुल : ₹ 42,37,237.80 |
| | प्रायमरी सिक्योरिटी :<br>सभी प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधन<br>Cersai Assest ID-200100543158<br>2. संपत्ति का समस्त भू भाग एक किता लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 21, शेड निर्माण सहित क्षेत्रफल 930 वर्गमीटर है, जिसमें औद्योगिक इकाई/ फैक्ट्री शामिल है स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया ग्राम बगरोदा, पटवारी हल्का नंबर 46, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश। उक्त संपत्ति मुख्य सड़क से अंदर स्थित है तथा नगर निगम की सीमा से बाहर आती है। जिसमें से 8,600 वर्गफुट यानी 799.26 वर्गमीटर की एक टिन शेड संरचना का निर्माण किया गया है इसकी चर्तुसीमाएँ निम्नानुसार हैं: - पूर्वः प्लॉट नंबर 22, पश्चिमः प्लॉट नंबर 20, उत्तरः प्लॉट नंबर 52, दक्षिणः 18 मीटर चौड़ी सड़क<br>Cersai Assest ID-200100543158<br>यह संपत्ति मेसर्स एम के ट्रेडर्स द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्रीमती ममता गौड़ पत्नी स्वर्गीय श्री केशव प्रसाद गौड़ के स्वामित्व में है।<br>कोलेट्रल सिक्यूरिटी :<br>1. पंजीकृत बंधक संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय मकान जो कि परिवर्तित भूमि पर स्थित है, खसरा नंबर 38/4 और 39/1, बी ग्रुप प्लॉट नंबर 19 जिसका क्षेत्रफल- 30 फीट (पूर्व-पश्चिम) और 45 फीट (उत्तर-दक्षिण) है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1350 वर्गफीट (125.46 वर्ग मीटर) है, जो ग्राम रसूलिया, नगरपालिका/ बंदोबस्त नंबर 270, हल्का नंबर 17, वार्ड नंबर 21 (विक्रम नगर कॉलोनी) रसूलिया शहर, तहसील और जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में स्थित है। संपत्ति में 830 वर्गफुट (77.13 वर्गमीटर) का एक पक्का लेटराइट छत वाला भूतल आवासीय घर, 200 वर्ग फुट (18.59 वर्गमीटर) का एक टिन-छत वाला शेड और 320 वर्गफुट (29.74 वर्ग मीटर) की खुली भूमि शामिल है, जिसकी चर्तुसीमाएँ निम्नानुसार हैं: पूर्वः कॉलोनी का रास्ता, पश्चिमः मेघराज गौड़ का घर, उत्तरः कॉलोनी का मार्ग, दक्षिणः केदारनाथ का प्लॉट नंबर 06 (घर)।<br>Cersai Assest ID-200100544536<br>यह संपत्ति श्रीमती श्वेता गौर पत्नी श्री प्रफ्फुल गौर के स्वामित्व में है।<br>2. पंजीकृत बंधक व्यपवर्तित भूमि खसरा क्रमांक 272/1/2/5/2/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 0.154 हेक्टेयर है खिल्लीखेड़ा वार्ड क्रमांक 3 ओबेदुल्लागंज तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र. चर्तुसीमाएं- उत्तरः- सड़क, दक्षिणः- मारुति नगर कॉलोनी, पूर्वः- लक्ष्मीकांत का घर, पश्चिमः- भूपेन्द्र सिंह की भूमि<br>Cersai Assest ID-200100543158<br>यह संपत्ति श्री हरभजन सिंह साशन पुत्र श्री मोतीसिंह साशन के स्वामित्व में है। | Term Loan of Rs.190.00 Lakh (One Crore Ninety Lakhs Only) (A/c no- 60493199719)<br>मांग सूचना दिनांक 29.12.2025<br>NPA Date : 12.12.2025 | लेज़र बैलेन्स: ₹ 16305272.86<br>लेज़र बैलेन्स : ₹ 367189.00<br>+पेनल ब्याज ₹ 3176.00<br>कुल : ₹ 1,66,75,637.86<br>कुल बकाया : ₹ 2,09,12,875.66 |

उपरोक्त ऋणी/जमानतदारों यदि 60 दिवस के अन्दर **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** का बकाया चुकाने में असफल रहते हैं तो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के प्रावधानों के तहत तभी या किसी एक या अधिक रक्षित आस्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही, उधारकर्ता की रक्षित आस्तियों को कब्जे में लेने तथा उनका विक्रय करने की कार्यवाही करेगी। इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं।

**स्थान- भोपाल, दिनांक 24-02-2026** **मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

## चिंतन

# बैंक निगरानी प्रणाली को और सख्त बनाएं

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आया 590 करोड़ रुपये का घोटाला केवल एक बैंक या एक शाखा की चूक भर नहीं है, बल्कि यह पूरे बैंकिंग तंत्र की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बैंक का यह कहना कि मामला एक ही ब्रांच तक सीमित है, आश्वस्त करने वाला अवश्य है, परंतु यह पर्याप्त नहीं। वित्तीय व्यवस्था भरोसे पर टिकी होती है, और जब उसी भरोसे में दरार पड़ती है तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। घोटाले के खुलासे के बाद बैंक के शेयरों में लगभग 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट बताई जा रही है। बाजार पूंजीकरण में 14,438 करोड़ रुपये की कमी इस बात का संकेत है कि निवेशकों का विश्वास किस तेजी से डगमगा सकता है। बैंक के अनुसार, चंडीगढ़ शाखा के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति लेन-देन किया, जिससे 590 करोड़ रुपये की जमा राशि में गड़बड़ी सामने आई। यह मामला तब उजागर हुआ जब 18 फरवरी 2026 को सरकार की संस्थाओं ने खातों में वास्तविक शेष राशि और दावा की गई राशि के बीच अंतर पाया। सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम का हेरफेर लंबे समय तक कैसे चलता रहा और आंतरिक ऑडिट या निगरानी प्रणाली को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि केवल नियमों का होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी अधिक महत्वपूर्ण है। आज बैंकिंग प्रणाली में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल ट्रैकिंग, ऑडिट ट्रेल और जोखिम प्रबंधन जैसी कई परतें मौजूद हैं। फिर भी यदि कर्मचारियों की मिलीभगत से इतनी बड़ी राशि का दुरुपयोग हो सकता है, तो यह 'इनसाइडर रिस्क' की गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच के आदेश देते हुए कहा है कि सरकार ब्याज सहित पूरी राशि अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करेगी। मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपा गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर संस्थागत सुधार की आवश्यकता है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बैंकों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए। एआई आधारित 'रियल टाइम ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग' सिस्टम लागू किए जाएं, जो असामान्य गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करें। कर्मचारियों के लिए सख्त 'रोटेशन पॉलिसी' लागू की जाए। एक ही शाखा या विभाग में लंबे समय तक तैनाती से जोखिम बढ़ता है। नियमित अंतराल पर स्थानांतरण और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन से मिलीभगत की संभावनाएं कम की जा सकती हैं। नियामक संस्थाओं द्वारा आकस्मिक निरीक्षण (सप्राइज ऑडिट) की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। केवल वार्षिक या तिमाही ऑडिट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, व्हिसलब्लोअर तंत्र को और मजबूत बनाया जाए, ताकि ईमानदार कर्मचारी बिना किसी भय के संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें। बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकारी खातों तक में इस तरह की अनियमितता संभव है, तो आम खाताधारकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देकर ही भविष्य में ऐसे घोटालों पर प्रभावी लगाम लगाई जा सकती है।



विरोध
उमेश चतुर्वेदी

स्वाधीनता आंदोलन और उसके पहले विरोधी आंदोलन चलाने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इसलिए लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व इसके लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसके विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। वह मोदी के बरअक्स लड़ाई में किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती।

# नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों के सामने देश को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी कांग्रेस को उपदेश ही दिया कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों व मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता



है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज पीएम के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरअक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरअक्स लड़ाई में वह किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोधी कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरअक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम का असर दिल्ली के साथ गुड़गांव व नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। पर ऐसा नहीं हुआ। वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पहल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया। एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है। समझना आवश्यक है कि घर-परिवार और स्कूल परिसर के सधे नियम ही नयी पीढ़ी को स्क्रीन में समाये वर्चुअल संसार के बजाय वास्तविक जीवन से जोड़ सकते हैं। सामाजिक मेलजोल में रुचि जगा सकते हैं। शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकते हैं। पढ़ाई के मोर्चे पर फोकस्ड रख सकते हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## कन्हाई तुम आ ही गए न?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है, लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। **-प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दुःख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल




ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर,** कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नहीं कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला,** मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी




एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ,** अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली

नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## खबर संक्षेप



### अष्टाह्निका महापर्व 24 फरवरी से 3 मार्च तक

**औबेदुल्लागंज।** जैन धर्म के पावन पर्व फाल्गुन अष्टाह्निका महापर्व 24 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक मनाया जाएगा। एलसी जैन, पुष्पा जैन, पंडित लक्ष्मी चंद जैन, डॉ मीना जैन तामोट, नीति जैन, पवन जैन ने बताया कि जैन धर्म के अनुसार, यह पवित्र विधान कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ माह की शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक आठ दिनों तक चलता है, जिसमें विशेष पूजा, सिद्धचक्र विधान और उपवास द्वारा आत्मा की शुद्धि व नंदीश्वर द्वीप की आराधना की जाती है। मान्यता है कि मैना सुंदरी ने अपने पति श्रीपाल के कुष्ठ रोग को ठीक करने के लिए अष्टाह्निका विधान का अनुष्ठान किया था। औबेदुल्लागंज रेलवे रोड स्थित जैन मंदिर एवं मेन रोड जैन मंदिर में अष्टाह्निका महापर्व को लेकर विशेष तैयारिया चल रही है।

### बहावलपुरी समाज करेगा भंडारे का आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा, कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश चावला, वरिष्ठ अर्जुन अरोरा, व्यापारी महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा, नीरज चावला, पिंकू भोले, नीटू बत्रा, शंकर सेठी, सुधीर कमल, अशोक सेठी, अनिल धमीजा, रवि कमल, हरिकिशन धमीजा आदि ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर बहावलपुरी समाज, औबेदुल्लागंज द्वारा भंडारा किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। बहावलपुरी समाज का कार्यक्रम बाल विहार पुरानी कन्याशाला में किया जाएगा।

### किसान महाचौपाल चलने की अपील

**औबेदुल्लागंज।** सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष



सूरजमल गौर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेश जैन, पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, दुर्गेश यादव, पंकज शर्मा, राजाराम यादव, डॉ नंदू नागर, हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान, अनिल प्रजापति, संकी मदान, आदिल सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेसजन व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, किसानों से अपील है कि मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं राहुल गांधी किसानों की आवाज बुलंद करने भोपाल आ रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा संख्या में भोपाल चले और इस किसान महाचौपाल कार्यक्रम में राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें।

### किसानों की सरवटे ने समस्या की हल: चौहान

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, भाजपा नेता रामकिशोर चौहान तामोट एवं



जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, जीतू नंदवंशी, रामकिशोर नंदवंशी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक आदि ने बताया कि तहसीलदार निलेश सरवटे किसान, मजदूर की समस्याओं को हल करने में तत्पर रहते हैं। हाल ही में कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल होने पर सरवटे ने किसानों, व्यापारी हम्मालों, से चर्चा कर दो घंटे में हड़ताल खत्म करा कर मंडी में तुलाई प्रारंभ कराई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 577 | 97 | 700 |
| रात: | 100 | 19 | 478 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 239 | 40 | 389 |
| रात: | 259 | 60 | 389 |

# कार में ब्लैक फिल्म लगाकर शराब की तस्करी, पुलिस ने किया पीछा, नाले में कूदकर भागा

■ हबीबगंज पुलिस की कार्रवाई, 21 पेटी शराब और फोर्ड फीगो कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार में ब्लैक फिल्म लगाकर शराब की तस्करी करने वाले तस्कर ने पुलिस को जमकर छकाया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 11 सौ क्वार्टर के पास कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी रुका नहीं, बल्कि कार की रफ्तार बढ़ा ली। पुलिस लगातार उसका पीछा करती रही।

इसी बीच आरोपी केंद्रीय पर्यावरण भवन, रविशंकर नगर से अंदर की तरफ मुड़ा और थामस चर्च के पीछे कार लॉक कर नाले में कूदकर भाग निकला। पुलिस ने कार से 21 पेटी अंग्रेजी शराब और तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की है।



जब्त गई कार और अवैध शराब के साथ हबीबगंज पुलिस।

### रोकने पर नहीं रुका आरोपी

पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की कार में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। फोर्ड फीगो कार में काली फिल्म लगी है। कार में तस्कर उसमें शराब लेकर जा रहा है। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी की। ग्यारह सौ क्वार्टर के पास पुलिस को संदिग्ध कार नजर आई। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस को देख आरोपी ने कार की रफ्तार बढ़ा ली। वह कैंपियन स्कूल के सामने से कार लेकर तेजी से निकला। पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू किया तो बदमाश कार लेकर केंद्रीय पर्यावरण भवन, रविशंकर नगर से अंदर की तरफ मुड़ गया।

### आठ लाख रुपए का माल किया जब्त

*आरोपी थामस चर्च के पीछे पहुंचा और कार खड़ी कर लॉक कर दी। इसके बाद नाले की तरफ कूदकर भाग निकला। पुलिस ने कार की तलाशी ली। कार में 21 पेटी शराब मिली है। जिसे पुलिस ने कार समेत जब्त कर लिया है। जब्त हुई शराब और कार की कुल कीमत आठ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर तस्कर की तलाश कर रही है। कार के नंबर के आधार पर आरोपी तस्कर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।*

पीड़िता से आरोपी कहते थे, किसी को कुछ बताया तो जान से हाथ धो बैठोगी, धर्म परिवर्तन के लिए कहते थे

# हमारे धर्म में युवक अच्छे होते हैं, वे पिटते नहीं और शराब भी नहीं पीते

» *पीड़िता को छोटे-कपड़े पहनाकर क्लब में पार्टियों में लेकर जाते थे आरोपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया में रहने वाली अमरीन युवतियों को अपने साथ रखकर उनसे गलत काम करवा रही थी। विरोध करने पर वह कहती थी कि हमारे धर्म में युवक अच्छे होते हैं। वे मारपीट नहीं करते हैं और शराब नहीं पीते हैं। धर्म बदलकर शादी कर लो। यदि किसी से कुछ कहा तो जान से हाथ धो बैठोगी।

पुलिस को केवल दो युवतियों ने दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में शिकायत दर्ज कराई है। अनुमान है कि अमरीन की गिरफ्तारी होने के बाद दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के अन्य मामले सामने आ सकते हैं। पुलिस ने आरोपी अमरीन, चंदन यादव और अमरीन की बहन आफरिन गिरफ्तार कर लिया है। उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

### दो बच्चों की मां से दुष्कर्म, धर्म परिर्वन करवाया

अमरीन, चंदन यादव, चानू और याशिर पर एक अन्य युवती ने भी इसी तरह के आरोप लगाए है। केटरिंग में काम करने वाली दो बच्चों की मां ने पुलिस को बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके दो बच्चे हैं। 4 साल से वह भोपाल में रह रही है। वर्ष 2023 में अमरीन खान उर्फ माहिरा से उसकी मिसरोद के एक मॉल में मुलाकात हुई। अमरीन ने कहा कि मेरी बच्ची की देखभाल कर लो। दस हजार रुपए महीने दूंगी। वह अमरीन के घर रहकर बच्ची की देखभाल करने लगी। उसके साथ उसका दोस्त चंदन यादव रहता था। दिसंबर 2024 में अमरीन ने कहा कि चंदन यादव विवाद करके कहीं चला गया है। उसकी तलाश करते हैं। अमरीन और पीड़िता चंदन की बहन के घर नारायण नगर पहुंचे। वहां चंदन मिला। उसने काली चाय में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर उससे दुष्कर्म किया। उस समय अमरीन बाहर चली गई थी। विरोध करने पर चंदन यादव ने कहा कि अगर किसी को कुछ बताया तो हम तेरी बदनामी कर देंगे।

### चंदन यादव भी कर चुका है धर्म परिर्वन

अमरीन के अलावा चंदन भी धर्म परिवर्तन का दबाव बनाता था। चंदन कहता था कि मैंने अपना धर्म परिवर्तित कर लिया है। पीड़िता ने अमरीन और चंदन से कहा कि मुझे छोड़ दो घर जाना है तो अमरीन धमकी देने लगी। वह कहने लगी कि मेरे बड़े-बड़े लोगों से संबंध है। अगर किसी को कुछ बताया तो मैं तुम्हें जान से मरवा दूंगी। बमुश्किल उसने अमरीन के घर से काम छोड़ा और छत्तीसगढ़ में अपने मामा के घर रही थी। इसी दौरान इंस्टाग्राम पर दीदी से बात हुई तब उन्होंने बताया कि मेरी साथ भी गलत हुआ है।

### हिंदू नाम बदलकर रखा जन्नत

युवती ने पुलिस को बताया कि जन्मदिन पार्टी में जन्नत मिली थी। जन्नत हिंदू थी। उसने अमरीन के कहने पर अपना नाम जन्नत रख लिया था। अमरीन के भाई हैदर से शादी के बाद उसने अपना नाम जन्नत रख लिया था। युवती का आरोप है कि अमरीन और उसका मुंह बोला भाई चंदन यादव उसे मजबूर करने लगे थे। दोनों छोटे-कपड़े पहनाकर क्लब में पार्टियों में लेकर जाते थे। चंदन ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर कहता था कि यदि किसी से कुछ कहा तो बदनाम कर देगा।

### महिला ने चंदन के कहने पर किया धर्म परिवर्तन

*अमरीन ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया और चंदन ने कहा कि मैंने भी अपना धर्म परिवर्तित कर लिया है। तुम भी कर लो मैं तुम्हारी शादी करवा दूंगा। तब मुझे पता चला कि चंदन यादव ने भी अपना धर्म परिवर्तित करवा लिया, क्योंकि तब से ही चंदन मेरे आगे नमाज पढ़ता था रोजे रखता था। फिर अमरीन लगातार मुझे पर मुस्लिम बनने का दवाव बनाने लगी अमरीन और चंदन दोनों मुझसे बोलते थे कि तू विधवा महिला है हम लोग तुम्हारी शादी करवा देंगे। तुम मुस्लिम बन जाओ एक बार अमरीन अपने मायके लेकर पहुंची, वहां तब जबरदस्ती मुझे बुरखा पहना कर लेकर गई थी। जब मैंने मना किया तो चदन ने कहा कि कुछ नहीं होता मैने भी तो अपना धर्म परिवर्तित कर लिया।*

### जहांगीराबाद में किया दुष्कर्म

*धर्म परिवर्तन के बाद अमरीन मुझे अपने साथ जहांगीराबाद लेकर गई। वहां चानू और चंदन मिले अमरीन और चंदन कुछ समय बाद कहीं चले गए। चानू ने उसे कोल्ड्रिंक पिलाई जिसमें कोई नशीला पदार्थ था। नशे में होने के बाद चानू ने उससे दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद अमरीन उसे अहमदावाद लेकर पहुंची। कहा कि वहां पर बहुत अच्छा काम है तुम वहा पर सैटल हो जाना। पीड़िता ने मना किया तो अमरीन ने कहा कि अगर तुम्हें काम नहीं करना हो तो वापस आ जाना। वह अमरीन के साथ अहमदाबाद गई, वहां रिश्तेदार यासिर से जबरन शारीरिक संबंध बनवाए।*

घटिया निर्माण हुआ तो ठेकेदार होगा ब्लैक लिस्ट

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रहा निर्माण कार्य

# सीएमओ के आदेश से ठेकेदार ने सीवेज चैंबर पर रखवाए ढक्कन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप


सतलापुर हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों रुपए से किया जा रहा कार्य
सतलापुर में हो रहे सीवेज निर्माण कार्य में सामने आया बड़ा भ्रष्टाचार
टेस्टिंग से पहले ही जर्जर हो गए सीवेज के बनाए गए सभी चैंबर

खबर का असर

सतलापुर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हो रहे सीवेज लाइन निर्माण को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर जिसका शीर्षक टेस्टिंग से पहले ही जर्जर होने लगे सीवेज चैंबर को संज्ञान में लेते हुए सीएमओ प्रशांत जैन ने ठेकेदार को सख्त लहजे में हिदायत दी, जिससे खुले चैंबर में ढक्कन ढकने का काम आनन-फानन में शुरू किया गया।

वही नपा में चल रहे अलग-अलग रोड, नाली, सीवेज समेत अन्य प्रोजेक्ट को लेकर भी इंजीनियर को मॉनिटरिंग करने को कहा। इसके अलावा तकनीकी खामियां एवं समस्याओं को हल करने के लिए भी आदेशित किया।


सीवेज चैंबर पर रखे गए ढक्कन।

### जल्द शुरू होगा रोड का निर्माण कार्य

सीवेज के बाद रोड निर्माण का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिसमें हाउसिंग बोर्ड की प्रमुख सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे आम लोगों को परेशानियों से निजात मिल सकेगी।

### अध्यक्ष से निर्माण कार्यों पर ध्यान देने की मांग

नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन कर रही है, लेकिन कार्य की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता एवं तय समय की निगरानी की व्यवस्था नहीं है, जिससे ठेकेदार बेखौफ मनमाने तरीके से घटिया निर्माण कर रहे हैं। लोगों ने नपाध्यक्ष से निर्माण कार्यों पर ध्यान देने की मांग की है।

शाहपुरा के दानापानी टर्निंग पाइंट पर हादसा

# नगर निगम की जीप ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित दानापानी रोड टर्निंग पाइंट पर नगर निगम की जीप ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा रविवार शाम करीब सात बजे के आसपास का है। टक्कर मारने के बाद जीप का ड्राइवर मौके से जीप लेकर फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल युवक को जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया। वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार शुभांकर राव पिता राजन राव (26) मूलतः बैतुल का था। बीडीए कॉलोनी अवधपुरी में रहने वाले शुभांकर के पिता शासकीय ड्राइवर है और स्कूल के गाड़ी चलाते हैं। शुभांकर प्राइवेट जॉब करता था और रविवार शाम शाहपुरा आया था। वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी दानापानी के पास टर्निंग पाइंट पर नगर निगम की जीप ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसे गंभीर चोट आई थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभांकर गौर परिवार का इकलौता बेटा था और एक महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी।


शुभांकर राव की एक माह पूर्व शादी हुई थी।

# 11 मील चौराहे पर रोड चौड़ा करने में आ रही अड़चन दूर जेसीबी से हटाए अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के 11 मील चौराहे पर रोड चौडीकरण में रुकावट बने अतिक्रमण को निगम अमले ने सोमवार को हटाने की कार्रवाई की। यहां जेसीबी के माध्यम से 6 दुकानों के बाहर लगे अवैध शेडख, 3 गुमठी और पांच ठेलों को हटाया गया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों से कटआउट, अवैध जाली, नाली के ऊपर से फर्शियां, चबूतरे, एंगल, गार्डर, रेत, गिट्टी, मलमा, दुपहिया वाहन, चार पहिया वाहन, दुकानों के बाहर रखा सामान, सब्जी, ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, बोर्ड व अन्य अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण अमले ने कोलार, सौम्या चौराहा, डी-मार्ट, सीआई चौराहा, मंदाकनी चौराहा, स्वर्ण जयंती पार्क, सर्वधर्म पुलिया, नीलबड चौराहा, भदभदा, सूरज नगर, न्यू मार्केट, काटजू हॉस्पिटल, पुराना शबरी नगर, श्यामला हिल्स, कमला पार्क, रविन्द्र भवन, जहांगीराबाद, लाल परेड, एमपी नगर जोन-1, चेतक ब्रिज, कस्तूरबा नगर, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, अहमदपुर, बाग मुगालिया, अशाराम फेस-3, शक्ति नगर, अल्कापुरी, डीआईजी बंगला, करोंद, पूजा कॉलोनी, करोंद, पीपल चौक, बैरसिया रोड, नवीबाग, गांधी नगर, अर्जुन नगर, बैरागढ़, राजेन्द्र नगर आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

नर्सरी संचालक ने कांच तोड़ बाहर निकालकर पहुंचाया अस्पताल, हो चुकी थी मौत

चूनाभट्टी स्थित मनीषा तालाब नर्सरी के पास हुई घटना

# चलती कार में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, बिजली के खंभे में घुसी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित मनीषा तालाब नर्सरी के पास सोमवार दोपहर एक कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ते हुए पोल में जा घुसी। नर्सरी में बैठे संचालक ने सीसीटीवी फुटेज में कार को डिवाइडर पर चढ़कर पोल में टकराते हुए देखा और वह फौरन नर्सरी के बाहर आए। इस दौरान कार में मौजूद ड्राइवर को कांच तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

अनुमान है कि ड्राइवर का चलती कार में अटैक आया है। गनीमत रही कि हादसे के समय कार में वह अकेला था। कार सरकारी विभाग में अटैच है। पुलिस के अनुसार प्रकाश सक्सेना, मनीषा तालाब के पास नर्सरी का संचालन करते हैं।


खंभे से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### कार शासकीय विभाग में अटैच

प्रकाश सक्सेना ने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे एक सियाज कार हबीबगंज की तरफ से आई और खंभे में जाकर अड़ गई। प्रकाश सक्सेना नर्सरी में बैठे थे। सीसीटीवी कैमरे में एक्सीडेंट देखकर वह बाहर दौड़े। इस दौरान कार के गेट लॉक थे। इसके बाद उन्होंने पत्थर से कार का कांच तोड़ा और अंदर मौजूद ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर की तलाशी ली। इस दौरान उसकी पहचान नईम खान (51) निवासी जहांगीराबाद के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि कार शासकीय विभाग में अटैच है और नईम कार का ड्राइवर था। संभवतः उसे अटैक आया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

# विधायक सुरेंद्र के भाई भरत पटवा का निधन, दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** सोमवार को जैसे ही भरत पटवा के निधन का समाचार भोजपुर क्षेत्र में आया, वैसे ही दुख की लहर छा गई। स्वर्गीय भरत पटवा पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के



भतीजे एवं भोजपुर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा के छोटे भाई थे। पूर्व मंत्री, प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, वरिष्ठ सुरजीत सिंह गिल, वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, कन्हैया नंदवंशी, डॉक्टर कैलाश विनय, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर, विद्या अग्रवाल, सोनू चौकसे, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिस अग्रवाल, वरिष्ठ दीपू परमार, रमेश गौर, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह, जीतू नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेश सेठी, कांता पटेल, वचन लोधी, आरती यादव, माया राय, सपना रैकवार, रेखा कपूर, प्रियंका गुप्ता, महेंद्र चौहान, पत्रकार ऋषभ जैन, रवि राय, माखन सेन, माधव यादव, गजेंद्र नागर, तामोट जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान, पूर्व सरपंच संजीव चौहान, रामपाल सिंह तामोट, राजेंद्र गुड्डू साहू, सर्वेश गौर, कोमल चौहान, मनोज चौरसिया, हरगोविंद वर्मा आदि ने दुख व्यक्त कर स्वर्गीय भरत पटवा को श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भोजपुर विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के छोटे भाई भरत पटवा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

नौ देवियों और भगवान शंकर, माता पार्वती की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का सात दिवसीय कार्यक्रम शुरू

# संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकाली भव्य कलश यात्रा


मंगल कलश लेकर चलती हुई महिलाएं।


कलश यात्रा में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक एवं वरिष्ठजन।


रथ को खींचते हुए जयप्रकाश शर्मा एवं मित्रगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मां खेड़ापति हिरानिया में नव देवी हनुमंत लाल शिव परिवार भव्य प्राण प्रतिष्ठा शिव शक्ति लघु रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा एवं नौ देवियों और भगवान शंकर पार्वती परिवार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का सात दिवसीय कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुआ। कलश यात्रा में भगवान को रथ पर नगर भ्रमण कराया गया। महिलाएं मंगल कलश धारण कर चल रही थी। विशाल कलश यात्रा में लोग जयकारें लगाते हुए और नृत्य करते हुए चल रहे थे।

### धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए

यज्ञाचार्य आशीष व्यास, कथा प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, खेड़ापति मंदिर के पुजारी रामबाबू दुबे के नेतृत्व में पंचांग पूजन देव मंडप में प्रवेश हुआ। इस अवसर पर संरक्षक राम किशोर शर्मा, अध्यक्ष डॉ. माखन नागर, मुकदम मोहनलाल नागर, वरिष्ठ रामेश्वर नागर, रिटायर्ड वन अधिकारी बद्री प्रसाद नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, वरिष्ठ योगेश तिवारी, सुशील नायडू, रेखा कपूर, जयप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, मनीष गोसिंदे, कैलाश डब्बू नागर, पीडी शर्मा, सुभाष नेमा, प्रियंका गुप्ता, दुर्गेश मेहरा, उत्तम यादव, डॉ. नंदू नागर, रवि नागर, वन द्विज चौरसिया, वीरेंद्र नागर, बंटी तिवारी, राधेश्याम यादव, अवध नारायण दुबे सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

भव्य कलश यात्रा के नगर भ्रमण में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। नौ देवियों एवं भगवान शंकर, पार्वती की श्रीराम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, बंटी जोशी, राहुल माहेश्वरी, पंकज शर्मा, संतोष गुप्ता, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल आदि ने भव्य स्वागत किया। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, रमेश वासवानी, विवेक मित्तल, प्रदीप अरोड़ा, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, आशीष दीक्षित, राजू भाई पटेल, रतन मेघानी, मनोज मेघानी आदि ने आरती की।

# दिल्ली के मंच पर पीड़ितों ने सुनाई आपबीती और लोगों से जागरूक रहने की अपील की

## 'द केरला स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड' की रिलीज से पहले दिल्ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में 55 पीड़ितों और 33 परिवारों ने साझा की अपनी आपबीती

नई दिल्ली से जसप्रीत सिंह

नई दिल्ली लोधी रॉड इंडियन हेबिटेट में 'द केरला स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड' की रिलीज से पहले, मेकर्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें देशभर से आए पीड़ितों और उनके परिवारों को एक साथ लाया गया। यहां उन्होंने उन असल कहानियों को पेश किया, जो इस आने वाली फिल्म का आधार बताई जा रही हैं। इस इवेंट में देश के अलग अलग राज्यों से गणमान्यजन शामिल हुए। आयोजकों के मुताबिक, कुल 55 लड़कियों और 33 परिवार वालों ने सामने आकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। स्टेज पर 49 पीड़ित और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे, जबकि कई अन्य लोग दर्शकों के बीच बैठे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म की टीम भी शामिल थी, जिसमें प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह, डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह, को-प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह के साथ फिल्म की लीड कास्ट उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया नजर आईं।

**इवेंट में देश के अलग अलग राज्यों से गणमान्य लोग हुए शामिल**




स्टेज पर 49 पीड़ित और सदस्य रहे मौजूद

### 27 को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी

इस सभा को सर्वाइवर्स और उन लड़कियों के परिवारों का एक मिला-जुला समूह बताया गया, जिनकी कथित तौर पर मृत्यु हो चुकी है। कई लोगों ने मीडिया से बात की, अपनी आपबीती सुनाई और लोगों से इस बारे में जागरुक होने की अपील की। कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म को कन्नड़ और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, तीन हिंदू लड़कियों उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा की झकझोर देने वाली कहानी को सामने लाती है। उनकी जिंदगी तब एक खौफनाक मोड़ ले लेती है जब उन्हें तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार हो जाता है, और ये रिश्ते धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन के एक सोचे-समझे एजेंडे का खुलासा करते हैं। फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले किया है। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


---

बॉलीवुड की झलकियों से सजा आनंद विहार कॉलेज का वार्षिकोत्सव 'उजास- 2026'

# 'हम आपके हैं कौन' की माधुरी से लेकर 'चेन्नई एक्सप्रेस' की दीपिका की अदाओं ने जीता दिल

**फ्लेमलेस रेसिपी, वीडियो प्रेजेंटेशन प्रतियोतिगता रही खास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दीदी तेरा देवर दीवाना.... नृत्य से दर्शकों का दिल जीतने वाली 'हम आपके है कौन' की माधुरी दीक्षित तो वहीं 'चेन्नई एक्सप्रेस' की मीनम्मा के रूप में दीपिका पादुकोण, दूसरी ओर बड़ा सा जूड़ा, माथे पर लाल गोल बिंदी और सफेद साड़ी में जब 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने अपने अनोखे अंदाज में हॉल में बैठी ऑडियंस का अभिवादन किया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। वहीं दूसरी ओर हाथों में जलता हुआ दीया लिए 'देवदास' की पारो की प्रस्तुति भावविभोर कर गई, तो वहीं जब वी मेट की करीना कपूर ने दर्शकों को हंसी के ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। भारतीय अभिनेत्री पर आधारित फैशन शो के रुप में सजी यह प्रतियोगिता देखने को मिली सोमवार की शाम आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'उजास-2026' में, जिसमें कॉलेज की करीब 45 छात्राओं ने अलग-अलग अंदाज में हिंदी सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्रियों के रूप में प्रस्तुति दी।

इसके अलावा वार्षिकोत्सव के अंतर्गत फ्लेमलेस रेसिपी, सामाजिक जागरूकता पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन प्रतियोतिगता भी खास रही। जहां फ्लेमलेस रेसिपी में छात्राओं ने एक घंटे में बिना गेस के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए तो वहीं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपना हुनर दिखाया।





### शबाना आजमी के साथ नजर आई उमराव जान की रेखा

इस फैशन शो की खासियत रही कि इसमें हिंदी फिल्मी गीतों को कॉलेज की ही गायिका ने अपनी आवाज में पिरोया, इस प्रतियोगिता में केवल 90 के दशक की ही अभिनेत्रियां नहीं बल्कि सिने जगत की पुरानी अभिनेत्रियां वैजयंती माला, वहीदा रहमान, शर्मिला टेगोर और शबाना आजमी के साथ उमरांव जान की रेखा के अंदाज भी खास रहे। एक से बढ़कर एक एक्ट्रेस ने जहां अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया तो वहीं 'बाजीराव मस्तानी' की दीपिका पादुकोण और 'कुछ कुछ होता है', 'डीडीएलजे', 'कभी खुशी कभी गम' की काजोल की तो अंदाज ही जुदा नजर आया। इस फैशन शो में प्रथम स्थान पर दीदी तेरा देवर दीवाना की माधुरी दीक्षित बनी हेमलता ने प्रथम स्थान पाया तो वहीं देवदास की पारो बनीं सान्या जैन दूसरे स्थान पर रहीं साथ ही उमरांव जान की रेखा ने तीसरा स्थान हासिल किया।





---




# मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन-3 के फिनाले में 45 प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

## अभिनेता अमन वर्मा, अभिनेत्री हीरा वारिना और चर्चित फिल्म निर्देशक बेजॉय नाम्बियार बने सेलिब्रिटी गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लैमर, प्रतिभा और उत्साह का संगम मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन-3 ब्यूटी पेजेंट के ग्रैंड फिनाले में देखने को मिला। शहर की होटल ताज लेक फ्रंट में द पेजेंट इंडिया कंपनी की ओर से आयोजित इस शो में मप्र सहित देश के विभिन्न शहरों से आईं 45 प्रतिभागियों ने अलग-अलग राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में फैशन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व की चमक ने दर्शकों को मुग्ध कर दिया।





### इन्होंने निभाई जजेस की भूमिका

जजेस की भूमिका मयूरी सूर्यवंशी, शाहीन चौधरी, अंजलि लालवानी, जागृति अग्रवाल, डॉ. स्वाति जैन, गजल सचदेव ने निभाई। शो में मिस वर्ग कैटेगरी में पूर्णिमा सुनमोरिया, अनुस्मिता मांझी, अनिका चक्रवर्ती और निकिता जैसिंघानी विजेता बनीं। मिसेज सिल्वर कैटेगरी में रिद्मा काकानी, रुपाली सारथे, सोनिका पाठक और नैना जैन ने खिताब अपने नाम किए। मिसेज गोल्ड कैटेगरी में राधिका जेठा, स्नेहल चव्हाण, ज्योति गुप्ता और पूर्णिमा तिवारी विजेता रहीं। वहीं मिसेज प्लेटिनम कैटेगरी में सुषमा शर्मा, पूजा भगचंदानी, दामिनी ठुकराल और रेखा मारवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।

### इनकी रही उपस्थिति

ब्यूटी पेजेंट शो की संयोजक ने बताया कि इस मंच का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और समाज में सकारात्मक पहचान बनाने का अवसर प्रदान करना है। इस दौरान विधायक भगवानदास सबनानी और व्यवसायी दिलीप सूर्यवंशी भी उपस्थित थे।

---

स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में होगा आयोजन

# राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान समारोह 26 का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व रंग के अंतर्गत वनमाली सृजन पीठ, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय वनमाली कथा सम्मान समारोह का आगाज मंगलवार 24 फरवरी को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। इसके तहत पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4.30 बजे चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। इसके बाद शाम 5 बजे पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपाणियां का कबीर गायन होगा। शाम 6.30 बजे राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित को 8 अलग-अलग श्रेणियों में वनमाली कथा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार प्रतिभा राय की कार्यक्रम मे गरिमामयी उपस्थिति होगी। इस अवसर पर वनमाली कथाशीर्ष सम्मान से सुप्रसिद्ध रचनाकार मृदुला गर्ग सहित आठ हस्तियां सम्मानित होंगी।

**चित्र प्रदर्शनी के साथ होगा शुभारंभ**

# कलाओं के सम्मान के बिना व्यर्थ है भौतिक प्रगति

## सप्तवर्णी शोधपीठ द्वारा आयोजित वंदेमातरम कला शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चाहे समाज हो, राष्ट्र हो या घर-परिवार हम भौतिक रूप से चाहे कितनी प्रगति कर लें लेकिन जब तक हम कला का सम्मान नहीं करते तो यह सब व्यर्थ है। कोई भी घर या राष्ट्र कलाओं के सम्मान के बिना आत्मा विहीन है। यह कहना है माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी का। वे कला संस्था सप्तवर्णी कला साहित्य सृजन शोध पीठ द्वारा वंदेमातरम विषय केंद्रित दो दिवसीय कला-शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कोलार स्थित संस्था प्रांगण में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित पुराविद् नारायण व्यास कर रहे थे। अपने उद्बोधन में कुलपति तिवारी ने कहा कि पीठ की निदेशक डॉ. बिनय राजाराम जिस तरह से अपने घर और आंगन को कला के लिए समर्पित करने से यह घर एक मंदिर का रूप ले चुका है। इस वर्ष से स्थापित सप्तवर्णी कला-संस्कृति पत्रकारिता सम्मान से कला पत्रकार दीपक पगारे को सम्मानित किया गया।



# राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए आलेख एवं नज्में आमंत्रित

**भोपाल।** मप्र उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद् एवं संस्कृति विभाग द्वारा 'साहित्य, संस्कार एवं राष्ट्रबोध : उर्दू भाषा एवं साहित्य के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 5 मार्च को रविन्द्र भवन में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में उर्दू साहित्य में संस्कार एवं नैतिकता, राष्ट्रबोध की परंपरा, भाषा-शिक्षा और सांस्कृतिक दायित्व, मुशायरे की परंपरा एवं मंचीय मर्यादा आदि विषयों पर विचार-विमर्श होगा। अकादमी द्वारा शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं 35 वर्ष तक के युवा लेखकों से लगभग 2500 शब्दों का आलेख 3 मार्च तक, साथ ही युवा शायरों से भी इन्हीं विषयों के अंतर्गत अपनी गजल एवं नज्म भेजकर सहभागिता करने की गुजारिश की।




आलोक चटर्जी स्मरण आहान नाट्य समारोह में नाटक 'त्रासदी' का मंचन

# प्रेम, वियोग, पछतावा के बाद आत्म-विश्लेषण की गाथा कहती 'त्रासदी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले में आयोजित आलोक चटर्जी स्मरण तीन दिवसीय आहान नाट्य समारोह में सोमवार की अंतिम शाम नाटक त्रासदी का मंचन किया गया। शोभा चटर्जी के निर्देशन में अखंड शर्मा ने अपने बेहतरीन, संवेदनशील एकल अभिनय प्रदर्शन द्वारा मानव कौल लिखित इस उत्कृष्ट रचना से रंग दर्शकों के दिल में अमिट छाप छोड़ी।

**अंतिम शाम नाटक त्रासदी का मंचन**



### कथासार

नाटक में प्रेम, वियोग, दूरियां फिर मां की मृत्यु के पश्चात बेटे का आत्म-विश्लेषण आत्ममंथन के साथ अतीत और वर्तमान में मां के साथ बिताये पलों की स्मृतियों में खोए रहने के पलों को बड़े ही मनभावन अंदाज में दिखाया गया, और अपनी मां के जाने के बाद बेटे का पछतावा जैसे अनेक विचारों की परतों का सिलसिला समेटे इस भावनात्मक नाटक ने दर्शकों के ऊपर उम्दा प्रभाव छोड़ा। साथ ही अखंड के प्रभावी अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दर्शकों की भरपूर सराहना और तालियों की गड़गड़ाहट ने इस नाट्य प्रस्तुति को ओर भी गौरवान्वित किया।

---

**दुष्यंत संग्रहालय में दिखा शास्त्रीय संगीत और भक्ति का अनूठा संगम**

# ध्रुपद, वायलिन और ठुमरी से सजी 'नाद-बसंत' की संगीतमय संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में आयोजित 'नाद-बसंत : उत्सव महाकालेश्वर' में शास्त्रीय संगीत और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। अभिनव कला परिषद एवं मधुवन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुदेश शांडिल्य, पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा, बलवंत पौराणिक, गौरी शंकर गौरीश, उल्लास तेलंगी, सज्जन लाल भट्ट एवं कीर्ति सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे। संध्या की शुरूआत भगवान महाकाल के समक्ष शंखनाद और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों और कलाकारों का सम्मान किया गया।






### भरतनाट्यम शैली में शिव-स्तुति रही खास

कार्यक्रम के अगले क्रम में नृत्यांगनाओं ने भरतनाट्यम शैली में शिव-स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पखावज पर रमेशचंद्र जोशी और तानपुरा पर मुग्धा ने संगत की। पंडित कमल कामले ने वायलिन वादन प्रस्तुत किया। अगली कड़ी में राग मिश्र पहाड़ी में प्रस्तुत ठुमरी ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। तबला पर रामेन्द्र सिंह सोलंकी ने सधी हुई संगत दी। कार्यक्रम का संचालन श्वेता तांतेड़ ने प्रभावपूर्ण ढंग से किया। आयोजन में सचिव/निदेशक अतुल सुरेश तांतेड़ की विशेष भूमिका रही।

एआई समिट में विरोध पर अकादमिक जगत की कड़ी प्रतिक्रिया

# 160 शिक्षाविदों ने जताई आपत्ति, कहा- घटना खेदजनक, गलत सोच पर आधारित

शिक्षाविदों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा किया गया यह विरोध इस बात को दर्शाता है कि विपक्ष लोकतांत्रिक असहमति और वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा के बीच अंतर करने में विफल रहा है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एआई इंपैक्ट समिट के दौरान हुए 20 फरवरी को हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर देश के 160 प्रमुख शिक्षाविदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को 'गंभीर रूप से खेदजनक और गलत सोच पर आधारित' बताया है। शिक्षाविदों ने एक बयान में कहा कि इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा किया गया यह विरोध इस बात को दर्शाता है कि विपक्ष लोकतांत्रिक असहमति और वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा के बीच अंतर करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विरोध, जो राहुल गांधी से जुड़ा बताया गया, ऐसे समय हुआ जब दुनिया भर के निवेशक और तकनीकी क्षेत्र के नेता भारत को एआई और उन्नत तकनीकों में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देख रहे थे।

राहुल देश की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को कमजोर कर रहे

मंच को राजनीति प्रदर्शन का माध्यम बनाना बेहद गंभीर

## नेता प्रतिपक्ष ने संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं निभाई



समिट के दौरान युवा कांग्रेसियों का प्रदर्शन फाइल फोटो

बयान में कहा गया कि एक सांसद के रूप में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की यह संवैधानिक जिम्मेदारी होती है कि वह रचनात्मक आलोचना और ऐसे कदमों के बीच अंतर करे, जो अनजाने में देश की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को कमजोर कर सकते हैं। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति संतिश्री धुलिपुडी पंडित, आईआईटी रुड़की, आईआईटी धारवाड़ और आईआईटी जोधपुर के निदेशक समेत कई विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रोफेसर शामिल हैं।

### भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया

शिक्षाविदों ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और सभ्यतागत क्षण था, जहां देश ने खुद को चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में एक सक्षम और संप्रभु तकनीकी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। ऐसे मंच को राजनीतिक प्रदर्शन का माध्यम बनाना गंभीर निर्णयहीनता को दर्शाता है।

### इस तरह के प्रदर्शन में कांग्रेस का साथ नहीं: अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वे इस तरह के प्रदर्शनों के पक्ष में नहीं हैं जो विदेशी प्रतिनिधियों के सामने और विदेश में देश की छवि को नुकसान पहुंचाएं। वहीं आरजेडी के मनोज झा ने कहा कि वो एआई समिट में प्रदर्शन को अच्छा विकल्प नहीं मानते हैं। प्रदर्शन के सही जगह का चुनाव जरूरी होता है।

### भाजपा ने राहुल से माफी की मांग की, प्रदर्शन से देश चिंतित



भाजपा ने इस विरोध प्रदर्शन को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग की और कहा कि न केवल कांग्रेस के सहयोगी, बल्कि उनकी अपनी पार्टी के नेताओं ने भी इसकी आलोचना शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि युवा कांग्रेस की नग्न प्रदर्शन को लेकर पूरा देश चिंतित है।

### कार्यकर्ताओं में अनुशासन की भावना हो: अल्वा

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मार्गरेट अल्वा ने एआई इंपैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शर्ट उतारकर विरोध किए जाने की पृष्ठभूमि में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए। बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं।

## खबर संक्षेप

### बिहार के आईजी सुनील नायक गिरफ्तार



**पटना।** आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम ने बिहार अग्निशमन विभाग के महानिरीक्षक (आईजी) सुनील कुमार नायक को पटना में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें आंध्र विधानसभा के वर्तमान उपाध्यक्ष के. रघुराम कृष्ण राजू को पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हिरासत में कथित रूप से यातना दिए जाने के मामले में अरेस्ट किया।

### कांक्रीट का स्लैब गिरने से 3 मजदूरों की मौत



**कोझिकोड।** केरल में कोझिकोड के वलियांगडी क्षेत्र में सोमवार को कांक्रीट का एक स्लैब गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब जब्बार, अशरफ और बशीर वलियांगडी स्थित एक दुकान में सामान लादने का काम करने के बाद आराम कर रहे थे। इस घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं।

### आंध्र में मिलावटी दूध पीने से 4 लोगों की मौत



**राजामहेंद्रवरम।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में अनधिकृत विक्रेता द्वारा बेचे गए कथित मिलावटी दूध के सेवन से पिछले 48 घंटों में 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) वाई. श्रीकांत ने बताया कि मामले में दो लोगों की मौत रविवार को हो गई जबकि दो लोगों ने सोमवार को दम तोड़ दिया।

### बस पलटने से 5 की मौत, 16 घायल



**लखनऊ।** पंजाब के लुधियाना से बिहार के दरभंगा जा डबल डेकर बस सोमवार को दिन में करीब 3:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलट गई। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हैं। गोसाईगंज के खेमा खेड़ा गांव के पास ड्राइवर को छपकी आने और तेज गति से बस अनियंत्रित होकर पलटने का कारण बता रहे।

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र, कहा

# सोनार बंगाल का सपना देखने वाले लोग दुखी, 'एबार भाजपा सरकार' का दिया नारा

पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है। उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा।

आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तीकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।

## युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूतर, माताएं और बहनें असुरक्षित

बंगाल वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा


पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

'जय मां काली' से पत्र की शुरूआत की

### केंद्र की योजनाओं का दिया हवाला

पीएम ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला।

### राज्य की जर्जर हालत देख मन व्यथित

पीएम मोदी ने लिखा कि इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। एक तरफ, रोजगार के अभाव में युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में मेरी माताएं और बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

### अराजकता के अंधेरे में डूबा बंगाल

पीएम ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

### अब परिवर्तन अनिवार्य

पीएम ने लिखा कि लेकिन कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है। देश के कई राज्यों में आज जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। 'आयुष्मान भारत' से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है।

### ममता का आखिरी चुनाव: शाह



पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने दावा किया है कि बंगाल में इस बार परिवर्तन तय है और भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सीएम ममता बेनर्जी इस विधानसभा चुनाव में साफ होने वाली हैं। उनके राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव साबित होगा और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

ममता का सियासी दांव

### भाजपा सांसद को बंगाल के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



ममता बेनर्जी ने पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा के हिस्से से राजवंशी समुदाय का वोट झटकने के लिए पासा फेंक दिया है। चुनाव से ठीक पहले भाजपा के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज को बंगाल का सर्वोच्च सम्मान दिया जाना ममता बेनर्जी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अनंत महाराज को भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था। अनंत महाराज के नाम से लोकप्रिय नागेन रॉय को पश्चिम बंगाल के सर्वोच्च सम्मान बंग विभूषण से सम्मानित किया।

पीएम के बयान पर राहुल का पलटवार

अमेरिका के साथ हुई डील में देश के हितों से किया समझौता

# देश को बेच देना ही असली शर्म है



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी के 'शर्म' संबंधी बयान पर तीखा पलटवार किया है। एआई समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद पीएम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 'देश को बेच देना ही असली शर्म है।'

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी, आप शर्म की बात करते हैं? आपको बताता हूं कि शर्म क्या होती है। आपका नाम, आपके मंत्री और आपके मित्र का नाम एक साथ एप्सटीन फाइल्स में आना, ऐसे जघन्य अपराधी से नाम जुड़ना-यह शर्म की बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते में देश के हितों से समझौता किया गया। उन्होंने कहा कि आपने देश का डेटा सौंप दिया। किसानों को बर्बाद कर दिया। वस्त्र उद्योग को खत्म कर दिया यह शर्म की बात है।

### प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया था

वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली पुलिस द्वारा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार भूल गई है कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा है, अपराध नहीं। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साहसपूर्वक यह उजागर किया कि पीएम ने किस तरह समझौता किया हुआ है। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया, बिना किसी प्रकार की हिंसा भड़काए। उन्होंने हिरासत को पूरी तरह से अवैध बताते हुए मांग की कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और सभी आरोप हटाए जाएं। कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने पर कई यूथ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है। पार्टी का कहना है कि कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया था, जैसा कि दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी किया जाता है।

### एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे

राहुल गांधी ने अमेरिका में उद्योगपति से जुड़े चल रहे कानूनी मामलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मामला सत्तारूढ़ दल की वित्तीय संरचना से जुड़ा हुआ है और इसी कारण सरकार दबाव में है। उन्होंने आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मोदी जी की आंखों में देखिए, आपको पता चल जाएगा कि वह कितने डरे हुए हैं। राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी सरकार की नीतियों का विरोध जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि वह और उनके पार्टी कार्यकर्ता देश की रक्षा करेंगे और एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा: मरीजों की सुरक्षा पर दिया ये तर्क

# डॉक्टरों की योग्यता को तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता तय नहीं करता, बल्कि सीमित पीजी सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची बनाता है। खाली सीटों को भरने के लिए कटऑफ घटाया गया है और इससे शैक्षणिक मानकों से कोई समझौता नहीं हुआ। नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लीनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के



आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है। सरकार ने अदालत से कहा कि यह नीतिगत निर्णय है और जब तक यह स्पष्ट रूप से मनमाना या असंवैधानिक न हो, तब तक न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित होता है। हलफनामे में यह भी कहा गया कि पीजी सीटों पर भारी सार्वजनिक निवेश होता है।

### खाली सीटों से संसाधन की बर्बादी

सीटों को खाली छोड़ना संसाधनों और प्रशिक्षण क्षमता की बर्बादी होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ेगा। सरकार ने कहा कि प्रतिशत में कमी एक 'अनुपातिक प्रशासनिक कदम' है, जो सीटों की बर्बादी रोकने और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सीट आवंटन अब भी मेरिट और उम्मीदवारों की वरीयता के आधार पर ही किया जाता है।

### वायु गुणवत्ता पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

*नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। कोर्ट ने धूल से निपटने के लिए आयोग के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। यूपी, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर सुझाव व आपत्तियां मांगी।*

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे: 33 घंटे के जाम के बाद बड़ा फैसला

# एक लाख से ज्यादा वाहन मालिकों को मिलेगा 5.16 करोड़ रु. का टोल रिफंड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने पुष्टि की है कि इस महीने की शुरुआत में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर लगे भीषण जाम में फंसे एक लाख से अधिक वाहन चालकों को टोल रिफंड दिया जाएगा। रिफंड की कुल राशि 5.16 करोड़ रुपए बताई गई है। 3 फरवरी को एक्सप्रेसवे के खोपोली सेक्शन में एक गैस टैंकर पलट गया था। इस हादसे के बाद करीब 33 घंटे तक यातायात ठप रहा। कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें फंसे यात्रियों को पानी, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा। हादसे के तुरंत बाद प्रशासन ने टोल कलेक्शन तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया था। लेकिन तब तक कई वाहन चालकों के फास्टैग खातों से टोल कट चुका था।

### हाइवे के दोनों ओर से वसूला टैक्स देंगे


एक्सप्रेस वे पर जाम फाइल फोटो

एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टोल वसूली रोकने के आदेश के बाद भी जिन वाहन मालिकों से राशि कट गई, उन्हें पूरी रकम लौटाने का निर्णय लिया गया है। कुल 5.16 करोड़ रुपए का रिफंड एमएसआरडीसी द्वारा प्रोसेस किया जाएगा। रिफंड की राशि सीधे प्रभावित वाहन मालिकों के फास्टैग खातों में अगले कुछ दिनों में क्रेडिट कर दी जाएगी। यह रिफंड दोनों हाईवे दिशाओं पर वसूले गए टोल को कवर करेगा। टोल ऑपरेटर को फास्टैग ट्रांजैक्शन का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि कुछ ट्रांजैक्शन ऑटोमैटिक सिस्टम के चलते बैरियर पूरी तरह खुलने से पहले ही प्रोसेस हो गए होंगे। ऐसे सभी मामलों की जांच की जा रही है और पूरी राशि संबंधित वाहन चालकों को लौटाई जाएगी।

राष्ट्रपति भवन में एडविन लुटियंस की प्रतिमा हटाई गई

# राजगोपालाचारी को दी जगह द्रौपदी मुर्मू ने किया अनावरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में 'राजाजी उत्सव' में शामिल हुई और राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। एक पोस्ट में बलिखा गया कि अशोक मंडप के पास ग्रैंड ओपन सीढ़ी पर स्थित चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा ने एडविन लुटियंस की प्रतिमा का स्थान ले लिया है। यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को मिटाने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत, शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने तथा भारत माता की सेवा में असाधारण योगदान देने वालों को सम्मानित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा है।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने मूर्ति का किया अनावरण, उपराष्ट्रपति भी रहे मौजूद

### औपनिवेशक विरासत से मुक्ति

वहीं, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने लिखा कि सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया, जो औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति की हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### 'राजाजी उत्सव' प्रेरक पहल

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'राजाजी उत्सव' एक अद्भुत पहल है, जो राष्ट्र के प्रति राजाजी के समृद्ध योगदान के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है।

अमित शाह ने भारत टैक्सी के 'सारथियों' के साथ किया संवाद, कहा

# ड्राइवर ही मालिक, श्रम करने वालों को मुनाफा मिलना चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान, अमित शाह ने कहा कि जो श्रम कर रहा है, उसे ही मुनाफा मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य टैक्सी के मालिक को धनी बनाना है और सारथी ही मालिक हैं। शाह ने कहा कि सारथी भारत टैक्सी के मालिक हैं और मुनाफे में भी उनका हिस्सा होगा। शाह ने कहा कि भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया है।

भारत टैक्सी में 5 बड़ी सहकारी कंपनियां शामिल

हर ड्राइवर 500 रुपए का शेयर लेकर मालिक होगा

### सारथी ही भारत टैक्सी की नीतियां बनाएंगे


अमित शाह सारथियों से चर्चा करते हुए

शाह ने कहा कि जब भारत टैक्सी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव होगा, तब इसमें कुछ स्थान सारथियों के लिए भी आरक्षित रखे जाएंगे। जब सारथी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में आ जाएंगे तब वे स्वयं अन्य सारथियों के सभी हितों की रक्षा और चिंता करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य किसी निजी कंपनी की तरह बड़ा मुनाफा कमाना नहीं है।भारत टैक्सी का उद्देश्य हमारे सारथी भाइयों को मजबूत करना है।

### 3 साल बाद मुनाफे का 80 प्रतिशत भी

शाह ने कहा कि भारत टैक्सी की कुल कमाई में से 20% भारत टैक्सी के अकाउंट में सारथियों की पूंजी के रूप में जमा हो जाएगा और 80% पैसा टैक्सी कितने किमी चली है, उसके अनुसार वापस सारथियों के खाते में जाएगा। शुरूआती 3 साल के बाद जितना भी मुनाफा होगा, उसका 20% प्रतिशत भारत टैक्सी में रहेगा और 80% वापस दे दिया जाएगा।

### भारत टैक्सी बड़ा सहकारिता आंदोलन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी की शुरूआत एक बड़ा कोऑपरेटिव आंदोलन है।भारत टैक्सी सारथियों की टैक्सी को मॉर्गेज करेगी और भारत टैक्सी ही उन्हें कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से कर्ज दिलाएगी। सारथियों को हर जानकारी नोटिफिकेशन के माध्यम से उपलब्ध कराकर 'भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस बनेगी। भारत टैक्सी में एक बेस लाइन बनाकर काम होगा।

**1** सेना बोली- 326 दिन तक ऑपरेशन चलाया तब मिली कामयाबी

**2** सुरक्षा बलों के अलग अलग ऑपरेशन में ढेर हुए आतंकी

**3** सिक्योरिटी फोर्सेस पर कई जानलेवा हमलों का मास्टरमाइंड था सैफुल्लाह

# ऑपरेशन क्लीन स्वीप: सेना ने 7 आतंकियों को किया ढेर, खूंखार आतंकी सैफुल्लाह का हुआ अंत, दहल उठा दहशतगर्दों का गढ़

एजेंसी ▶▶ जम्मू



भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की और लिखा है कि 326 दिन के बाद किश्तवाड़ से आतंक के नेटवर्क का खात्मा कर दिया गया है। पोस्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों में जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया है। सैफुल्लाह किश्तवाड़ में आतंक का सरगना था। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 3 आतंकी मारे गए थे। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। उधमपुर में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया था। सेना ने बताया कि लगातार चल रहे ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम और यूएवी, कम्युनिकेशन के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। मेजर जनरल बल ने यह भी बताया कि काउंटर-टेरर ऑपरेशन जारी रहेंगे। हम अपने इलाके में आने वाले टेररिस्ट को न्यूट्रलाइज करते रहेंगे।

## 2026 में सेना ने 2 ऑपरेशन चलाए

**ऑपरेशन त्राशी:** यह ऑपरेशन 18 जनवरी को सिंहपोरा के पास सोनार गांव के जंगलों में शुरू किया था। पहले एनकाउंटर में 8 जवान घायल हुए थे, जिनमें से हवलदार गजेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद 22 और 24 जनवरी को अलग-अलग मुठभेड़ हुईं, जबकि 31 जनवरी को डोलगाम इलाके में फिर से गोलीबारी हुई थी। चतरू में 3 आतंकियों के खात्मे के साथ यह खत्म हो गया है।


**ऑपरेशन किया:** 4 फरवरी को सुरक्षा बलों ने आतंकियों पर अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का इस्तेमाल किया। जिससे गुफा के हिस्से को विस्फोट के जरिए ध्वस्त कर दिया गया।

### जुलाई 2024 के हमले में शामिल था 5 लाख का इनामी सैफुल्लाह



सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, मारा गया आतंकी कमांडर सैफुल्लाह बलोच जैश-ए-मोहम्मद का सक्रिय कमांडर था। उस पर 5 लाख का इनाम था। सैफुल्लाह का अपने साथियों के साथ मार गिराया जाना, जम्मू क्षेत्र में जैश-मोहम्मद के नेटवर्क के लिए बहुत बड़ा झटका लगा है। इससे जम्मू कश्मीर में आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे, सेना, सुरक्षाबलों का मनोबल और भी मजबूत हुआ है। सिक्योरिटी एजेंसियों के शुरुआती अंदाजों से पता चलता है कि रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सैफुल्लाह था, जो खुद को जैश ए मोहम्मद का कमांडर बताता था।

### आतंकियों का सुराग देने वाले डॉग टायसन को गोली लगी



किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा (एसएफ) के के-9 डॉग टायसन को भी गोली लगी है। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि यह वे डॉग टायसन है जो आतंकियों के छिपे होने की जानकारी देता था। सुरक्षा बलों को उनके ठिकाने तक पहुंचा देता था। आशंका है कि आतंकियों ने चिढ़कर उसे गोली मारी हो।

### सेना प्रमुख ने सुरक्षा बलों को बधाई दी



आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना की उत्तरी कमान के सैनिकों को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने सैनिकों की दक्षता, अटूट संकल्प के साथ चुनौतीपूर्ण हालात में प्रभावी समन्वय की सराहना की है। सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी कमान के सैनिक कठिन हालात में भी उच्च सतर्कता, परिचालन उत्कृष्टता व बेहतरीन तालमेल का परिचय देना सराहनीय है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में धार्मिक स्थल पर बवाल, कर्फ्यू



**काठमांडु।** नेपाल के सीमावर्ती शहर वीरगंज में रविवार देर शाम दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प और पथराव के बाद स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए परसा जिला प्रशासन ने सोमवार सुबह 9:45 बजे से अगले आदेश तक वीरगंज महानगर क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नेपाल पुलिस के साथ-साथ नेपाल सेना और आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) को सड़कों पर तैनात किया गया है। धार्मिक स्थल के पास विवाद से रविवार को भड़की हिंसा में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे।

### नाइजीरिया: सशस्त्र समूहों ने 38 लोगों की हत्या की



**अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया में पिछले सप्ताह उत्तर-पश्चिमी जमफारा राज्य में सशस्त्र समूहों के हमले में 38 लोग मारे गए और कई अन्य लोगों का अपहरण कर लिया गया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार याज़िद अबू बकर ने बताया कि अधिकारियों को बृहस्पतिवार को हुए हमले से पहले खुफिया जानकारी मिली थी, रास्ता ठीक नहीं रहने के कारण पुलिस समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। अबू बकर ने कहा, तब तक हम पहुंचते, हमलावरों ने इलाके में 38 लोगों की हत्या कर दी।

### हमले में अर्द्धसैनिक बल के पांच जवान घायल



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्द्धसैनिक बल फेडरल कांस्टेबुलरी (एफसी) के मुख्यालय पर क्वाडकॉप्टर ड्रोन से किए गए हमले में एफसी के पांच जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करक जिले में स्थित एफसी मुख्यालय को निशाना बनाकर हमला किया गया था। पुलिस ने बताया कि इमारत पर हमला करने के लिए क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस पर भी गोलियां चलाईं।

## किसी भी वक्त अमेरिका कर सकता बमबारी, पूरी तैयारी

# हमले को तैयार यूएस? भारतीय विदेश मंत्रालय ने नागरिकों से कहा- फटाफट ईरान से निकलें

**अमेरिका ने अपने सैनिकों के ठिकानों को कई बार बदल दिया**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव चरम पर पहुंचता दिख रहा है। अमेरिका ने अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमानों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालात को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी कर अपने नागरिकों को किसी भी तरीके से तुरंत ईरान से निकलने की सलाह दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने 14 जनवरी को भी एडवाइजरी जारी कर सभी नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी थी।

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा कि वे सावधानी बरतें, प्रदर्शन वाली जगह जानें से बचें और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहे। विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि नागरिक अपने यात्रा और अप्रवासन संबंधी दस्तावेज जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र आदि अपने साथ रखें। नागरिकों को भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह भी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान में रह रहे लोगों के परिजन भी दूतावास में अपने प्रियजनों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

**अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पा रही**



एआई इमेज

### दो युद्धपोत ईरान के आसपास किए तैनात

भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी है।

### ईरान में प्रदर्शन तेज

वहीं नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही ईरान में शनिवार से प्रदर्शन फिर तेज हो गए। रविवार को कई छात्रों ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई संस्थानों में छात्रों की भीड़ देखी गई।

### जंग के हालात में नेतन्याहू से मिलने जा रहे हैं पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजराइल जाने वाले हैं। वो दो दिन के आधिकारिक दौरे के लिए 25 फरवरी को इजराइल पहुंचेंगे, जो 2017 की उनकी ऐतिहासिक यात्रा के बाद देश की उनकी दूसरी यात्रा होगी। ये विदेश दौरा पीएम मोदी के 2017 के ऐतिहासिक दौरे के लगभग नौ साल बाद हो रहा है, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का इजराइल का पहला दौरा था, जिससे डिफेंस, एग्रीकल्चर, वॉटर मैनेजमेंट और इनोवेशन में रिश्ते और मजबूत हुए थे।

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी

दूतावास ने नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह देते हुए, उनसे अपने इमिग्रेशन और ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स अपने पास रखने और किसी भी मदद के लिए इंडियन एम्बेसी से संपर्क करने को कहा है। भारतीय दूतावास ने इस संबंध में भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। फंसे हुए नागरिक इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर मदद मांग सकते हैं: +989128109115; +989128109109, +989128109102, +989932179359।

### कभी भी हमला कर सकता है अमेरिका

बता दें कि बीते महीने ईरान में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद से ही अमेरिका खामेनेई शासन को सैन्य हस्तक्षेप की धमकियां दे रहा है। बीते महीने से लेकर अब तक अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में बड़ी सैन्य तैनाती कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सप्ताह एक बार फिर यह बयान दिया है कि वह ईरान पर हमले का विचार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दोनों पक्षों के बीच परमाणु वार्ता भी जारी है। हालांकि इससे कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है।

### अगले दौर की वार्ता गुरुवार को

इन सब के बीच ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। बद्र अल-बुसैदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उन्हें इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि 'समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है'। ओमान ने इससे पहले जिनेवा में हुई वार्ता की भी मेजबानी की थी।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया

# थाईलैंड में बंधक बने ओडिशा के श्रमिकों पर एनएचआरसी सख्त विदेश मंत्रालय से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के केंदापाड़ा जिले के छह श्रमिकों को थाईलैंड में उनके नियोक्ता द्वारा पिछले छह महीनों से बंधक बनाकर रखने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्टों के आधार पर आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई। वीडियो में श्रमिकों ने दावा किया कि उन्हें एक फैक्ट्री परिसर के भीतर बंद कर रखा गया है, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है तथा न तो वेतन दिया जा रहा है और न ही पर्याप्त भोजन। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने विदेश मंत्रालय से इस संबंध में विस्तृत टिप्पणी मांगी है। मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे और यह स्पष्ट करे कि पीड़ित श्रमिकों तथा उनके परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, ये सभी श्रमिक अगस्त 2025 में एक श्रम ठेकेदार के माध्यम से थाईलैंड गए थे। ठेकेदार ने उन्हें अच्छी तनख्वाह और बेहतर रोजगार का झांसा दिया था। लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें कथित तौर पर प्लाईवुड निर्माण इकाई में प्रतिदिन करीब 12 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया गया।

**17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया**



एआई इमेज

### न वेतन न भोजन पासपोर्ट भी जब्त किया

*श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें न तो वेतन दिया गया और न ही पर्याप्त भोजन। इतना ही नहीं, नियोक्ता ने उनके पासपोर्ट भी जब्त कर लिए, जिससे वे वापस लौटने में असमर्थ हो गए। संदेश में श्रमिकों ने भारत सरकार से हस्तक्षेप कर सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि 1993 के मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त वैधानिक संस्था है, जिसे देश में मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग मीडिया रिपोर्ट या अन्य विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर बिना औपचारिक शिकायत के भी स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार रखता है। आयोग की इस पहल से पीड़ित श्रमिकों और उनके परिवारों में उम्मीद जगी है कि कूटनीतिक स्तर पर शीघ्र कार्रवाई कर उनकी सुरक्षा और स्वदेश वापसी का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।*

## अमेरिका से व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी

# बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप- कहा यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ ढाका



मो. शाहबुद्दीन

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने दो बार उनके विदेश दौरे रद्द कर दिए। एक बार कोसोवो जाने से रोका गया और दूसरी बार कतर के अमीर के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने यह कहकर पत्र भेज दिया कि राष्ट्रपति व्यस्त हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव से कुछ दिन पहले किए गए बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते की जानकारी राष्ट्रपति को देना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन यूनुस ने ऐसा नहीं किया।

## मिस्र नौसेना और भारतीय दूतावास ने किया स्वागत

# अभियान: आईएनएस सुदर्शनी का मिस्र में ऐतिहासिक आगमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 21 फरवरी 2026 को अपने चल रहे लोकायन-26 अभियान के तहत मिस्र के सफागा पहुंचा। 16 दिनों में 1,832 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए सलालाह से सफागा तक का यह सफर चालक दल के लचीलेपन, आत्मविश्वास और सहनशक्ति का प्रतीक माना जा रहा है। पोत के आगमन पर मिस्र की नौसेना के अधिकारियों और भारतीय दूतावास के प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पोत के कमांडिंग ऑफिसर ने रेड सी और सफागा नौसेना बेस के बेस कमांडर रियर एडमिरल रामी अहमद इस्माइल मोहम्मद से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतर-संचालनीयता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान भारतीय नौसेना मिस्र के नौसैनिकों के साथ पेशेवर बातचीत करेगी।

## भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारीकर सतर्कता बरतने की दी सलाह

# मैक्सिको के सैनिकों द्वारा दुनिया के सबसे वांछित ड्रग तस्कर 'एल मेंचो' को ढेर करने के बाद बढ़ा तनाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी-अमेरिकी महाद्वीप के सुदूर दक्षिण में बसे मैक्सिको के 59 वर्षीय भगोड़े और दुनिया के वांछित ड्रग तस्कर 'एल मेंचो' यानी नेमेसियो रुबन ओसेगुएरा सर्वेंटेस की बीते रविवार को सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए एक अभियान में हुई मौत के बाद जारी हिंसा, आगजनी से तेजी से बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को मैक्सिको में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया है। जिसमें उन्हें पहले से अधिक सतर्कता बरतते हुए अपने-अपने मौजूदा स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। एल मेंचो की मौत की जानकारी मैक्सिको के स्थानीय मीडिया द्वारा प्रचारित-प्रसारित की गई है। जिसमें वो ये बता रहे हैं कि मेंचो की मौत की पुष्टि मैक्सिको के रक्षा मंत्रालय ने की है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने मामले में किसी तरह की कोई घोषणा करने से फिलहाल दूरी बनाई हुई है।

### संदेशों से परिवार के संपर्क में रहें

दूतावास का ये भी कहना है कि किसी परिस्थिति में अगर देश के किसी भी व्यक्ति को बाहर निकलना भी पड़ता है। तो वो अपने फोन के जरिए फोटो, संदेशों या सोशल माध्यम से हमेशा अपने परिजनों और मित्रों के साथ अपनी लोकेशन व अन्य जानकारी साझा करते हुए संपर्क बनाए रखें और अपनी कुशल-क्षेम देते रहें।

## भारत एक आधिकारिक बयान जारी कर पाक हमलों की कर चुका है कड़ी निंदा

# डूरंड लाइन पर अफगानिस्तान के खिलाफ जारी एयरस्ट्राइक की आग में झुलसती पाक 'पश्तून' आबादी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दशकों से लगातार सीमापार आतंकवाद के नाम पर भारत में खून की होली खेलने वाले पाकिस्तान की अफगानिस्तान से लगी सीमा पर भी बीते कुछ दिनों से बमबारी का ताबड़तोड़ सिलसिला जारी है। जिसे और कोई नहीं बल्कि खुद पड़ोसी देश की सेना अफगानी आतंकवाद (तहरीक-ए-तालिबान-पाकिस्तान, टीटीपी) के खिलाफ सैन्य अभियान के नाम पर अंजाम देने में लगी हुई है। लेकिन यहां सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात ये है कि इसमें अब तक किसी आतंकी का तो खास पता नहीं लेकिन डूरंड लाइन (पाक-अफगान सीमा) के करीब पाकिस्तान के अपने नक्शे के अंदर रह रहे मासूम और भोलीभाले पश्तून लोगों के बड़े पैमाने पर मारे जाने की सूचना मिल रही है।

### डराने वाला है अफगानिस्तान का आंकड़ा

पाक की एयरस्ट्राइक में अफगानिस्तान के अंदर के हालातों पर नजर डालें, तो वह भी बहुत अच्छे नहीं हैं। सितंबर 2025 और फरवरी 2026 में 88 पश्तून मारे गए हैं। हमले की इस प्रक्रिया में पाकिस्तानी सेना के निशाने पर केवल आम पश्तून आबादी ही नजर आती है। आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे सैन्य अभियानों का नाम पर ढकने की कोशिश करने में जुटी हुई है। हवाई हमलों दौरान निशाना बनाए जा रहे घरों, लोगों के वाहनों, गांवों और हमलों के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन स्थलों को साफ तौर पर मिली तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है।

## भारत ने जारी की देश की पहली नेशनल एंटी-टेरर पॉलिसी

# आतंकवाद पर फाइनल स्ट्राइक: जल, थल और नभ... अब हर मोर्चे पर होगा 'प्रहार' ड्रोन से लेकर डार्क वेब तक, चक्रव्यूह में फंसेगा आतंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' जारी की है। यह नीति बदलते वैश्विक और घरेलू सुरक्षा खतरों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें पारंपरिक सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमले, ड्रोन के जरिए तस्करी, क्रिप्टो फंडिंग, ऑनलाइन कट्टरपंथ और उभरती तकनीकों के दुरुपयोग जैसे नए खतरों को शामिल किया गया है। सरकार ने "जीरो टॉलरेंस" की नीति को दोहराते हुए स्पष्ट किया है कि आतंकवाद के खिलाफ अब और अधिक समन्वित, तकनीकी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्लीपर सेल और सोशल मीडिया प्रचार के जरिए इनकी गतिविधियां बढ़ रही हैं। 'प्रहार' में आतंकवादी संगठनों और संगठित अपराध के बीच बढ़ते संबंधों को उजागर किया गया है। ड्रोन, एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप, डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर आतंकी गतिविधियों को छिपाने और फंडिंग करने के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। नीति के अनुसार, किसी भी आतंकी घटना में स्थानीय पुलिस पहली प्रतिक्रिया देगी।




एआई इमेज

### नीति लाने की मूल वजह

प्रहार नीति का मुख्य उद्देश्य देश को हर प्रकार के आतंकवादी खतरों से सुरक्षित करना है। इसमें रोकथाम, त्वरित कार्रवाई, कड़ी कानूनी प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को एक साथ जोड़ा गया है। यह नीति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित हो सके। नीति में स्पष्ट किया गया है कि भारत को जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर खतरा है। इसके अलावा साइबर हमले और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र भी निशाने पर हैं। राज्य और गैर-राज्य दोनों प्रकार के तत्व इन क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### डी-रेडिकलाइजेशन और सामाजिक भागीदारी

'प्रहार' केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भागीदारी को भी अहम माना गया है। युवाओं में बढ़ते कट्टरपंथ को रोकने के लिए शुरुआती पहचान और सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया गया है। समुदाय के नेता, धार्मिक संस्थाएं, एनजीओ और जेल प्रशासन इस प्रक्रिया में शामिल होंगे।

खिताब की जंग
20 टीमें 55 मैच 7 फरवरी से 8 मार्च






**खबर संक्षेप**




### आईजीपीएल देगा 10 करोड़ डॉलर की फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने देश भर के 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 10 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक निवेशक ने 10 साल की अवधि में लगभग एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया। यह खेल को पेशेवर बनाने और इसके विस्तार के लिए लंबे समय तक चलने वाले प्रयास का संकेत है। आईजीपीएल ने पिछले साल अपना पहला पेशेवर टूर आयोजित किया था जिसमें 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 54 होल की मिश्रित स्पर्धाएं कट रहित प्रारुप में खेली गईं। प्रत्येक टूर्नामेंट की इनामी राशि डेढ़ करोड़ रुपए थी। इस टूर में भारत, दुबई और कोलंबो में प्रतियोगिताएं हुईं थीं। आईजीपीएल ने पिछले साल जुलाई में एक शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग की योजना की घोषणा की थी, जो शुरू में जनवरी-फरवरी के लिए तय थी।

### भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। गावस्कर ने कहा, ‘ भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरुरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ।'



### वरुण पर दबाव बनाने के इरादे से उतरा था: मिलर

**अहमदाबाद।** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरुरत थी। मिलर ने कहा,' मुझे लगता है कि यह पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।' उन्होंने कहा,' एक बार फिर हमें लगा कि उस पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर विरोधी टीम के लिये खतरा साबित होता है। हमने इस पर बात की थी।' अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने 'बेसिक्स' पर अमल किया, जिससे अब तक उन्हें सफलता मिलती आई है।
उन्होंने कहा,' यह सुनिश्चित करना था कि आप सरल चीजों पर और अपनी तैयारियों के बेसिक्स पर अडिग रहें।



### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत, तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। वह अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे।



# सुपर-8 में आज इंग्लैंड और पाकिस्तान का आमना-सामना, स्पिनरों पर रहेगा फोकस

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैंपियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरुप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरुरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।




### साल्ट फॉर्म में लौटे

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। टूर्नामेंट में पहली बार उन्होंने पावरप्ले के बाद तक बल्लेबाजी की। जोस बटलर का फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है लेकिन उन्हें कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड ने इस महीने की शुरुआत में इस मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती थी। ब्रूक ने श्रीलंका को हराने के बाद कहा,' अभी तक हम बल्लेबाजी में परफेक्ट खेल नहीं दिखा सके हैं। हमें अच्छी शुरुआत और बड़े स्कोर नहीं मिले। मुझे लगता है कि बहुत जल्दी वह होगा। जोस बटलर, जैकब बेथेल और मैं खुद बड़े स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन इसके बावजूद हम जीतने में कामयाब रहे।'

### पाकिस्तान के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया, जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे। उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है, खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

**टीमें इस प्रकार**

**इंग्लैंड** : हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बेंटोन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जैमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, जोश टंग, ल्यूक वुड

**पाकिस्तान**: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।\

**मैच** : शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज हो सकता है बाहर

# द.अफ्रीका से हार के बाद टीम मैनेजमेंट सख्त आउट ऑफ फॉर्म बल्लेबाज पर फैसला जल्द

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाए हैं।बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा,' अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा।' उन्होंने कहा,' अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है।'








### अभिषेक की तैयारियों पर पड़ा असर

कोटक ने कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा,' मैं अभि या तिलक के लिए बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है । मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिए था।' यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा ,'' बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरुरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।'



### रणनीति के कारण लिया गया फैसला : डोइशे

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे, जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने कहा,' हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरुरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया।' उन्होंने कहा,' अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है।' बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने कहा,' सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए। क्विंटॉन डिकॉक और रियान रिकेलटन को बुमराह ने आउट कर दिया तो सुंदर को दो ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी।'

# एलिसी खेलेंगी आखिरी वनडे सीरीज बेथ मूनी होंगी नई विकेटकीपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भारतीय टीम के खिलाफ अपनी आखिरी वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार हैं। एलिसी हीली की जगह अब बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया टीम की नई फुल- टाइम विकेटकीपर नियुक्त किया गया है।

35 वर्षीय हीली मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में होने वाले पहले वनडे में टीम की कप्तानी करेंगी। यह मुकाबला उनके दो सप्ताह लंबे विदाई दौरे की शुरुआत होगा, जिसमें होबार्ट में दो और वनडे और अगले महीने पर्थ के वाका में एक टेस्ट खेला जाएगा।




### सभी फॉर्मेट में किए 275 शिकार

टेस्ट के साथ हीली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली 2014 से ऑस्ट्रेलिया की पहली पसंद की विकेटकीपर रही हैं और उन्होंने सभी फॉर्मेट में रिकॉर्ड 275 शिकार किए हैं। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है।

### मूनी पहले भी कर चुकी हैं विकेटकीपिंग

मूनी को लंबे समय से भविष्य की नियमित विकेटकीपर माना जा रहा था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इस होम समर में ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी। माना जा रहा है कि टी20 सीरीज में लगातार कीपिंग करने और पिछले एक साल में विकेटकीपिंग में आए सुधार ने उन्हें यह मौका दिलाया। हीली की गैरमौजूदगी में मूनी पहले भी 28 बार पर विकेटकीपिंग कर चुकी हैं। सीरीज से पहले मूनी ने कहा कि फुल-टाइम जिम्मेदारी मिलने से उनकी तैयारी बेहतर होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि अलग-अलग फील्डिंग पोजीशन और कीपिंग के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब स्पष्ट भूमिका मिलने से उन्हें फायदा होगा। ऑस्ट्रेलिया का अगला कार्यक्रम वेस्टइंडीज का मल्टी-फॉर्मेट दौरा और जून में इंग्लैंड में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप है। ऐसे में मूनी का स्थायी विकेटकीपर बनना टीम की निरंतरता और भविष्य की योजनाओं के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

### कर्नाटक के खिलाफ जम्मू कश्मीर को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| हुब्बली

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारुपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिए इस छिपी रुस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय-समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग-अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

#### कर्नाटक के बल्लेबाजों ने लिखी कामयाबी की कहानी

राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरुआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिए विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं।

## वनडे सीरीजः भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मैच आज सुबह 9.20 से

# ऑस्ट्रेलिया को फिर चित करने की तैयारी में भारतीय महिला टीम




एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था। यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारुप से विदा लेने जा रही हैं। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती, जो पिछले एक दशक में इस प्रारुप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं।

### प्रतिका वनडे टीम में शामिल

भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरुंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं। टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाए और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी।

**जाहिर सूचना**

**यह कि एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक- 337, जिसका क्षेत्रफल-140.89 वर्गमीटर 'ईशान ग्रांड स्टेट' जो कि ग्राम-समरधा कलियासोत, प.ह.नं. -26, तहसील-कोलार, वार्ड नं.-85, जिला-भोपाल मध्यप्रदेश में स्थित है के संबंध में**

मेरे द्वारा मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार श्री नरेश चौहान आत्मज श्री सरदार सिंह चौहान एवं श्री शुभम आत्मज श्री खिलाड़ी की ओर से निर्देशित होकर सर्व साधारण का सुचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री सुरेश कुमार अभिचंदानी आत्मज स्व. श्री अर्जुनदास अभिचंदानी एवं श्रीमति कंचन अभिचंदानी पत्नि श्री सुरेश अभिचंदानी दोनों आयु–वयस्क निवासीगण– लोटस सुप्रीम नंबर–10, सन सिटी एयरपोर्ट रोड़ भोपाल मध्यप्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक– 337, जिसका क्षेत्रफल– 140.89 वर्गमीटर है जो ''ईशान ग्रांड स्टेट'' जो कि खसरा क्रमांक– 14 (पुराना 5/3), खसरा क्रमांक– 14/2 (पुराना 05), खसरा क्रमांक– 15 (पुराना 06), खसरा क्रमांक– 06 (पुराना 04), खसरा क्रमांक– 27 (पुराना 5/4), खसरा क्रमांक– 28 (पुराना 5/1), खसरा क्रमांक– 9 (पुराना 5/2), खसरा क्रमांक– 8, 5 (पुराना 1) एवं खसरा नंबर–4/5, 5/2 (पुराना 98/1) का अंश भाग होकर ग्राम–समरधा कलियासोत, प.ह.नं.–26, तहसील–कोलार, वार्ड नंबर–85, जिला–भोपाल मध्यप्रदेश में स्थित है उक्त वर्णित संपत्ति का बयाना/टोकन राशि देकर क्रय करने का अनुबंध निष्पादित कर लिया है सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म, सोसायटी या बैंक संस्था, सरकारी, गैर सरकारी, कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय, विक्रय अनुबंध, इत्यादि हो तो या उक्त भूमि के संबंध में कोई भी पूर्व संव्यवहार हो या किसी का कोई हित भूमि में समाहित या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में संपर्क कर लिखित आपत्ति में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा निश्चित अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर भूखण्ड के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे सूचित हो।

**पंकज श्रीवास्तव** अधिवक्ता
कार्यालयः B-7, पटेल मार्केट मिसरोद भोपाल
मो.7000499308, 9826992948

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक 534/ए मण्डल द्वारा श्री इकबाल हुसैन आत्मज स्व. श्री तयब अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 09/07/2020 को पंजीकृत है। श्री इकबाल हुसैन आत्मज स्व. श्री तयब अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती इनसीया पत्नी श्री याकुत मुतुर्जा को विक्रय विलेख के माध यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 18/06/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती इनसीया पत्नी श्री याकुत गुतुर्जा के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस. एल. - 207 मण्डल द्वारा श्री दानिश खान आत्मज श्री अब्दुल अजीम के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 01/08/2024 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/11/2025 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2055 तक वैध है। श्री दानिश खान आत्मज श्री अब्दुल अजीम द्वारा उक्त सम्पत्ति सुश्री नाजिया खातून पुत्री श्री शराफत को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 17/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति सुश्री नाजिया खातून पुत्री श्री शराफत के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
**भदभदा रोड़ भोपाल-462003**
E-mail: fdvanvnp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax 0755-2674278

क्रमांक / भंडार/650 भोपाल, दिनांक 18/02/26

// ई-निविदा सूचना //

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल में इकाई सफारी के अंतर्गत टाइगर सफारी के उपयोग हेतु सोलर फेंसिंग सामग्री क्रय किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निमार्ताओ/अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 500/- (पांच सौ रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card/ Debit card/ Internet banking भुगतान कर वेवसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 23.02.2026
2. Bid Submission start date 23.02.2026 Time 04:00 PM
3- Pre-Bid Meeting date 02.03.2026 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 09.03.2026 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 10.03.2026 Time 04:00 PM

G-26298/25 " स्वच्छता ही सेवा "

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

धनबाद मंडल (DHN) के कोचों में टी. एल (ICF एवं LHB) कोचों में विद्युत अनुरक्षण कार्यों का आउटसोर्सिंग अनुबंध, जिसमें मरम्मत/ पुनर्वास/संशोधन/फिटमेंट तथा विविध विद्युत सामग्री के कार्य और आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु ईबीसी (2.5kw) उपकरणों की मरम्मत, पुनर्संस्करण एवं स्पेयर की आपूर्ति।
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/ एजेंसियों/संवेदकों से "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।
**i) निविदा संख्या एवं दिनांक** : e-tender Notice No. MC-10-OPEN-2025-26 दिनांक 19/02/2026 **ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि** : धनबाद मंडल (DHN) के कोचों में तीन (03) वर्षो की अवधि हेतु टी. एल (ICF एवं LHB) कोचों में विद्युत अनुरक्षण कार्यों का आउटसोर्सिंग अनुबंध, जिसमें मरम्मत/पुनर्वास/संशोधन/फिटमेंट तथा विविध विद्युत सामग्री के कार्य और आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु ईबीसी (2.5kw) उपकरणों की मरम्मत, पुनर्संस्करण एवं स्पेयर की आपूर्ति । कार्य समापन अवधि – 03 वर्ष।, **iii) कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,96,29,456.48 (चार करोड़ छियानवे लाख उनतीस हजार चार सौ छप्पन रुपये और अड़तालीस पैसे) मात्र।, **iv) बयाना राशि** : रु. 3,98,200.00 (तीन लाख अनठानवे हजार दो सौ रूपये) मात्र।, **v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय** : तारीख 12/03/2026 को 17:00 बजे, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय** : तारीख 12/03/2026 को 17:30 बजे, **vi) वेबसाईट विवरण** : **https://www.ireps.gov.in**
ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

ए.डी.एम.इ. (समाडी)/धनबाद
मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/1829/डीएचएन/या./टी./25–26/52

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग
जोन क्रं - 21

क्रमांक 45/यां.वि./2026 निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र भोपाल, दिनांक-23.02.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु वो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है।

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी पी.डब्ल्यू.डी पंजीकरण | क्टार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484397_1 | Construction of C.C. Top at New MLA Quarters Streets, Jawahar Chouk, Ward 32 Zone 21 | 16,50,413/- | 12,379/- | 2,000/- | C" class as per centralized registration system of mppwd | MPUADD ISSR 2021 ISSR SOR | 02 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in/
The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (24.02.2026) to 17:30 P.M. (23.03.2026) Amendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper

नि.क्र.-3208/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं-21 नगर निगम, भोपाल




# बावड़िया ओवर ब्रिज बना भ्रष्टाचार का पुल, तीन अफसर रडार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बावड़िया क्षेत्र में बना ओवर ब्रिज अब सियासी और प्रशासनिक विवाद का केंद्र बन गया है। इस परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। मामला इतना बढ़ चुका है कि शिकायतें सीधे ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त तक पहुंच गई हैं। आरोपों के घेरे में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता आरके मेहरा, अधीक्षण यंत्री एमके दुबे और कार्यपालन यंत्री एमपी सिंह शामिल हैं। विधानसभा में सवाल उठने के बाद सरकार को स्वीकार करना पड़ा कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें दर्ज हैं और जांच प्रक्रियाधीन है।


फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार, मुख्य अभियंता आरके मेहरा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में पहले भी ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज हो चुकी है। वर्ष 2012 में दर्ज शिकायत अभी तक सत्यापन के स्तर पर बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त मार्च 2023 में भी एक नई शिकायत दर्ज की गई, जो फिलहाल जांचाधीन है। अधीक्षण यंत्री एमके दुबे और कार्यपालन यंत्री एमपी सिंह के खिलाफ भी 29 मार्च 2023 को शिकायतें दर्ज की गईं। एमपी सिंह के विरुद्ध अक्टूबर 2023 में दर्ज एक अन्य शिकायत में बावड़िया ओवर ब्रिज सहित अन्य पुल निर्माण कार्यों में कथित अनियमितता और कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने जून 2024 में अपराध दर्ज कर लिया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि मामला केवल कागजी शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जांच एजेंसी ने प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर आपराधिक प्रकरण कायम किया है।

### लोकायुक्त में भी शिकायतें, कुछ मामलों में प्रारंभिक जांच पूरी

इन अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त संगठन में भी अलग-अलग समय पर शिकायतें दर्ज की गई हैं। कुछ मामलों में प्रारंभिक जांच पूरी हो चुकी है, जबकि कुछ शिकायतें सत्यापन स्तर पर हैं। एक शिकायत को लोकायुक्त ने कार्रवाई के लिए ईओडब्ल्यू को भी प्रेषित किया है। इससे साफ संकेत मिलता है कि जांच एजेंसियां आरोपों को गंभीरता से ले रही हैं।

### गुणवत्ता और लागत वृद्धि पर भी सवाल

यह परियोजना गुणवत्ता, लागत वृद्धि और निर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवालों में रही है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि परियोजना में वित्तीय अनियमितताएं हुईं। परियोजना की लागत में वृद्धि, तकनीकी स्वीकृतियों और कंसल्टेंसी अनुबंधों को लेकर भी आपत्तियां दर्ज की गई हैं। यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो यह मामला केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े स्तर पर जवाबदेही तय हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### गांव में वाटर लेबल गिरा, तो ट्यूबवेल खनन पर लगेगी रोक

**भोपाल।** गर्मी शुरु होने जा रही है, ऐसे में जहां भी पानी का वॉटर लेबल कम हो, तो अफसर निगरानी रखें, जिससे वहां पर ट्यूबवेल खनन पर रोक लगाई जा सके। जिन गांवों में पीएचई और जल जीवन मिशन की 213 योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में अफसरों से कही। कलेक्टर ने कहा कि भोपाल में 475 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत 465 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिसमें पीएचई की 386 योजनाएं और 79 जल जीवन मिशन की स्वीकृत हैं, जिसमें 252 पूरी कर दी गई हैं, जबकि 213 अधूरी पड़ी हैं।

### एक महीने में 11 हजार शिकायतें, तीन हजार निपटाईं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर 20 हजार से अधिक शिकायतें पेंडिंग हैं। इन शिकायतों को निपटाने में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट बैठक में कही। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में करीब 11 हजार 720 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से तीन हजार 820 का निराकरण किया गया है, जबकि सात हजार 900 शिकायतें अब भी पेंडिंग हैं।

### आयुक्त ने ली निगम मुख्यालय में बैठक!

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सोमवार को विभिन्न अधिकारियों के साथ निगम मुख्यालय में बैठक ली। हालांकि इस बैठक की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। सूत्रों के अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किसी विषय पर मांगी गई जानकारी की पीपीटी तैयार करने को लेकर इसमें चर्चा हुई।

### सुप्रीम कोर्ट ने छग के ओबीसी आरक्षण प्रकरण भी मप्र हाईकोर्ट भेजे

**जबलपुर ।** सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश के जरिए छत्तीसगढ़ के ओबीसी आरक्षण से जुड़े प्रकरण भी मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए भेज दिए हैं। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मप्र के मामले वापस भेजे गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर का कहना था कि कुछ संशोधन की मांग को लेकर यह पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। दरअसल, मप्र शासन द्वारा ओबीसी आरक्षण के समस्त प्रकरणों को जबलपुर हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कराया गया था। सुप्रीम कोर्ट में उन सभी मामलों की सुनवाई छत्तीसगढ़ राज्य के आरक्षण के प्रकरणों के साथ हो रही थी। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने बताया कि विगत 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित कर मप्र के मामलों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के मामलों को भी मप्र हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके अलावा विशेष अनुमति याचिकाएं भी वापस कर दी गई हैं। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में संबंधित हाई कोर्ट का आदेश निरस्त किए बिना वापस नहीं भेजा जा सकता। इसलिए संशोधन के लिए यह रिव्यू याचिका दायर की गई।

टीला जमालपुरा इलाके में पुरानी बात को लेकर हुआ था विवाद

# पूल गेम में 10वीं के छात्र पर किया नाबालिगों ने जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित गणेश चौक पर पूल गेम देखने पहुंचे दसवीं कक्षा के छात्र पर दो नाबालिगों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना गत 15 फरवरी की है। इस हमले में नाबालिग को गंभीर चोट आई है। घटना का एक सप्ताह बाद सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में छात्र पर नाबालिग ताबड़तोड़ हमला करने हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कृष्णा कॉलोनी गौतम नगर में रहने वाला 16 साल का किशोर दसवीं कक्षा में पढ़ता है। 15 फरवरी की रात करीब सवा 9 बजे वह गणेश चौक स्थित एक पूल गेम पहुंचा। वहां बैठकर पूल गेम देखने लगा। इसी दौरान साथ पढ़ने वाले दो नाबालिग पहुंचे और पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। छात्र ने जब उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान दोनों नाबालिगों ने छात्र पर चाकू हमला कर दिया।

**»** *एक सप्ताह बाद सीसीटीवी फुटेज हुए वायरल*

**»** *ताबड़तोड़ हमला करते दिखे नाबालिग*



### बीच-बचाव के दौरान भागे आरोपी

छात्र ने बचाव में अपने हाथ उठाए तो आरोपियों ने उसकी अंगुलियां, हथेली, कोहनी और पीठे पर करीब दो दर्जन वार किए, जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पूल कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया तो दोनों आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इलाज कराने के बाद छात्र ने परिजन के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भीम नगर में युवक पर चाकू से हमला

इधर, अरेरा हिल्स स्थित भीमनगर में रविवार रात दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सौरभ विश्वकर्मा (24) भीम नगर में रहता है। बीती रात करीब आठ बजे वह भीम नगर स्थित चार नल के पास मौजूद था, तभी अक्कू उर्फ आकाश और विशाल ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज की। सौरभ ने जब इसका विरोध किया तो दोनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

सीएस जैन और सचिव भारत सरकार गोविल ने ली बैठक

# रेलवे-सड़क सहित अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में चल रहे रेलवे, सड़क सहित अन्य अधोसंरचना के बड़े प्रोजेक्ट की प्रतिमाह प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन और भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय में सचिव समन्वयक मनोज कुमार गोविल ने सोमवार को मंत्रालय में पी.एम मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में केंद्र के 11 प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा अनुसार परियोजनाओं का क्रियान्वयन करें और पीएम गति शक्ति पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट से नियमित अवगत कराएं।

मुख्य सचिव जैन ने जबलपुर में प्रस्तावित 100 बिस्तरीय ईएसआई अस्पताल के लिए शीघ्र ही भूमि आवंटन के लिए आवेदन देने के श्रम विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त होने के दो-तीन माह में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान इंदौर-बुधनी नई रेललाइन, रामगंज मंडी से भोपाल नई रेललाइन परियोजना, सतना-रीवा रेल्वेलाइन के दोहरी करण कार्य, इटारसी-नागपुर तीसरी रेल लाइन, रतलाम-महू-खंडवा अकोला गेज परिवर्तन कार्यों की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भूमि अधिग्रहण के सभी प्रकरणों के निराकरण और उनमें पारित मुआवजा राशि के वितरण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच अनुमतियों आदि के लिए लगने वाले समय को न्यूनतम करने के भी निर्देश दिए।



### बाड़ी सेक्शन के फोर-लेन प्रोजेक्ट की समीक्षा

समीक्षा बैठक में शाहगंज बायपास से बाड़ी सेक्शन के फोर-लाइन प्रोजेक्ट की डिजाइन की समीक्षा की गई। अब तक भूमि के अधिग्रहण और पारित मुआवजा राशि के वितरण की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान इंदौर वेस्टर्न सिक्स लाइन बायपास निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और धार कलेक्टर तथा उद्योग विभाग को लंबित भू-अधिग्रहण प्रकरणों को समन्वय कर निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडला जिले के चुटका परमाणु ऊर्जा, संयंत्र परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी विभिन्न प्रकरणें की भी समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व, वन, श्रम, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, लोक निर्माण, एनएचआई, एमपीआरडीसी, रेलवे सहित इंदौर, सीहोर धार, देवास, जबलपुर और सतना जिला प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रदेश के पास से गुजर रही दो ट्रफ लाइन

# दिनभर आते जाते-रहे बादल आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभी प्रदेश के आसपास से दो ट्रफ गुजर रही हैं। बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। इसके असर से अभी प्रदेश में हवाएं बदलने के साथ ही नमी बढ़ती और कम हो रही है। सोमवार को सुबह से देर शाम तक एक दर्जन शहरों में आंधी के साथ बारिश हुई, जबकि मंगलवार को 23 जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी ट्रफ के असर से कुछ नमी बढ़ी है, जिससे कई जगह बारिश हुई है। मंगलवार से बुधवार के बीच भी मौसम कुछ बदलेगा।

### यहां आंधी के साथ बारिश

सोमवार सुबह से दोपहर के बीच सतना और मैहर में आंधी के साथ बारिश हुई। देर शाम छतरपुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, मंडला, खरगोन, रतलाम और देवास में हल्की गरज के साथ हल्की बौछारें पड़ीं। मंगलवार तक प्रदेश के करीब 23 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की उम्मीद है।

राज्यपाल ने जेल गृह विभाग के अधिकारियों से की चर्चा

# बंदियों की सोच सकारात्मक बनाने के प्रयास हों, बंदी पुनर्वास प्रयासों को समग्रता और बहुआयामी स्वरूप दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि बंदी पुनर्वास प्रयासों को समग्रता और बहुआयामी स्वरूप में किया जाना चाहिए। कार्य का दृष्टिकोण मानवतावादी हो। उन्होंने कहा कि पुनर्वास प्रयासों में सकारात्मक सोच के निर्माण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल सोमवार को लोकभवन में गृह एवं जेल विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, विशेष महानिदेशक जेल अखितो सेमा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि बंदी उत्पादक गतिविधियों से बंदियों के परिवारों के जीवन निर्वाह में आर्थिक सहयोग के उद्देश्य से नियोजन गतिविधियों का संयोजन किया जाए। पटेल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम से जेल में एकाकी जीवन जी रहे बंदियों को देश की प्रगति और प्रेरक कहानियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।




धोखा देने के लगाए आरोप

# शिखा बोली- पिता ने चेताया था एक दिन सड़क पर आ जाओगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पिता ने चेताया था-बेटी, एक दिन सड़क पर आ जाओगी...और आज मैं सच में वहीं खड़ी हूं।" ये कहते हुए शिखा सिंह फफक-फफक कर रो पड़ी। शिखा सिंह कोई साधारण महिला नहीं हैं बल्कि ये मप्र कांग्रेस के नेता डॉ. महेंद्र सिंह चौहान की दूसरी पत्नी हैं। जिन्होंने अपने पति महेंद्र सिंह चौहान पर ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद सियासी गलियारों में सनसनी फैल गई है। निजी बैंक में मैनेजर रहीं 45 वर्षीय शिखा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो जारी किया है। जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इंसाफ की अपील की है। शिखा की शादी 2007 में एक आईएएस अधिकारी से हुई थी। शिखा ने आरोप लगाया कि 65 वर्षीय महेंद्र सिंह चौहान ने साजिशन 2007 में उनकी शादी तुड़वाई थी। प्रभाव और दबाव में आकर मैंने अपने पति को तलाक दे दिया। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार महेंद्र सिंह चौहान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे 'हनीट्रैप' और 'ब्लैकमेलिंग' करार दिया है। सिंह का कहना है कि शिखा उन्हें 15 साल से ब्लैकमेल कर रही है।

प्रस्तावित गाइडलाइन पोर्टल पर अब तक नहीं की अपलोड

# खेती की जमीन पर प्लॉट लेना होगा महंगा, ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ोतरी

**»** *621 लोकेशन और 203 लोकेशन की जाएंगी मर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पंजीयन विभाग एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की गाइडलाइन को लेकर खरीदारों पर दोहरा बोझ डालने की तैयारी कर रहा है, जहां जिले की दो हजार 881 लोकेशन में से 203 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया जा रहा है। जिससे इन जगहों पर प्रॉपर्टी महंगी हो जाएगी। इधर 621 लोकेशन पर अलग-अलग वजहों से प्रॉपटरीर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में बाद अफसरों ने दावा किया था कि नई प्रस्तावित गाइडलाइन को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा, लेकिन लिस्ट अब तक अपलोड नहीं की गई है। जिसकी वजह से पता नहीं चल रहा कि किन जगहों पर प्रॉपर्टी के बढ़े हुए रेट प्रस्तावित किए गए हैं। पंजीयन विभाग ने इस बार भी 498 लोकेशन पर हायर रेट में होने वाली रजिस्ट्रियों को आधार बनाकर बढ़े हुए दाम प्रस्तावित कर दिए हैं। अब तक मिली लोकेशन के आधार पर पांच से 33 फीसद तक दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

सबसे ज्यादा असर नगर निगम सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्र पर पड़ेगा, जहां पर प्लॉट और फार्म हाउस की बिक्री बढ़ने से यहां पर रजिस्ट्रियों का ग्राफ बढ़ा है। जिसके आधार पर इन जगहों पर भी दाम बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

### *उद्योगों को बढ़ावा, फिर भी दाम बढ़ाने की तैयारी*

*सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ाने देने की बात कह रही है, लेकिन पंजीयन विभाग अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र दाम बढ़ाने जा रहा है। यहां पर छोटे-बड़े करीब 1200 से अधिक उद्योग हैं। अचारपुरा क्षेत्र में उद्योगों का विकास हो रहा है। जिससे यहां आसपास प्रॉपर्टी के खरीद फरोख्त भी बढ़ी है। इसके अतिरिक्त मुबारकपुर, बरखेड़ी अब्दुला, सुखी सेवनिया समरधा कलियासोत क्षेत्रों में निजी औद्योगिक क्षेत्र डेवलप हो रहे हैं। यहां भी पंजीयन विभाग दाम बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।*

# एआई समिटः यूथ कांग्रेस कार्यालय से उदय भान और मितेंद्र हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एआई समिट के दौरान हुए युवक कांग्रेस के प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यालय से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान चिब और मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र दर्शन सिंह यादव समेत दो अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इधर, प्रदेश युवा कांग्रेस में भी नाराजगी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। अफसरों का कहना है कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल सभी को औपचारिक गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930